दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 3 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 140 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी एलन मस्क के बीच चल रहा शीत युद्ध अब बड़ी जंग में तब्दील होता नजर आ रहा है। जिसमें सीजफायर की संभावना दूर दूर तक दिखाई नहीं पड़ रही है। कल तक जिगरी दोस्त रहे ट्रंप और मस्क अब एक दूसरे के जानी दुश्मन बन गये हैं। वे ताल ठोककर एक दूसरे को ललकार रहे हैं कि - आ देखे जरा किसमें कितना है दम...। ट्रंप जहां मस्क के कारोबार पर प्रहार कर रहे हैं वहीं मस्क ने अब नई राजनीतिक पार्टी बनाने की बात कही है। देखना दिलचस्प होगा कि यह अदावत क्या रंग लाती है?

नदी के कटते किनारों से उखड़ती सांसे, संकरी नदी का कटाव बन रहा खौफ का साया

खेती पर संकरी का खतरा, आंगन में भी नहीं खेल पाएंगे बच्चे

जितेंद्र नामदेव

कवर्धा /नवप्रदेश। सावन की संकरी और उजड़ते खेत का खतरा आंगन में पसारता सन्नाटे का खतरा, उड़ जाती है रातों की नींदें संकरी जब काट देती है नदी के किनारे नदी, जिसे हम जीवनदायिनी कहते हैं, वही नदी जब अपने ही किनारों को निगलने लगे, तो कवर्धा शहर के साथ-साथ गांव वालों के लिए वह एक डरावना पल बन जाती है। संकरी नदी अब वैसा ही खौफ बनती जा रही है हर साल कुछ मीटर जमीन खिसकते जा रही है , और बस्ती की ओर एक कदम और बढ़ आती है। यह सिर्फ मिट्टी का कटाव नहीं है, यह उन घरों की आह है, जो अब डर के साए में सांस लेते हैं। यह उन मासूमो की चुप्पी है, जिनका खेल का मैदान अब नदी के बहाव में समा चुका है।



प्रशासन की खामोशी

नदी का कटाव अब केवल कवर्धा शहर से लगे बस्ती या गांव की खबर नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का साझा दर्द बन चुका है। लेकिन इस दर्द की कहीं कोई फाइल नहीं बनती, कोई योजना नहीं बनती, कोई वादा नहीं निभाया जाता। हर साल केवल देखा जाता है मिट्टी बहती है, खेत सिकड़ते हैं, और हम खामोश रहते हैं। तटबंधों के लिए स्थायी योजना बनाई जाए। हर गांव में जनभागीदारी से पेड़ लगाने का अभियान चले। प्रशासन गांवों से संवाद करे, और उन्हें केवल आंकड़ा नहीं, जिम्मेदारी समझे। नदी के किनारों पर गेबियन स्ट्रक्चर, स्टोन पिचिंग जैसे तकनीकी उपाय तत्काल लागू किए जाएं।

कवर्धा शहर के बिलासपुर रोड स्थित पुल से पहले नदी के किनारे बसे पुरानी बस्तियों तक इसका कटाव पहुच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त का निधन पर सीएम साय ने शोक व्यक्त किया

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय श्री शेखर दत्त जी एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी नेता और

देश सेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। अपने लम्बे प्रशासनिक अनुभव और अद्भुत कार्यकुशलता से उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय श्री दत्त जी का जीवन सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट जनसेवा के आदर्श मूल्यों से परिपूर्ण था। उनके निधन से देश ने एक प्रबुद्ध और कर्मठ व्यक्तित्व को खो दिया है, जिसकी भरपाई कठिन है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

पद्म पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक होंगे नामांकन

नयी दिल्ली (वार्ता)। अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। सरकार की ओर से आज जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

ईरान ने फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू किया

तेहरान (वार्ता)। ईरान ने पिछले महीने अपने परमाणु संयंत्रों पर की गई अमेरिकी बमबारी के बाद फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू कर दिया है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार टेक्नोलॉजीज की उपग्रह छवियों से उस संयंत्र तक पहुंचने के लिए एक नई सड़क के निर्माण और उपकरणों की तैनाती का पता चला है।

व्हाइट हाउस में मनाउंगा ईरान के खिलाफअभियान का जश्न

वाशिंगटन/ तेहरान (वार्ता) । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के खिलाफअभियान की सफलता का जश्न इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अगले सप्ताह यहां के भ्रमण के दौरान मनायेंगे। ट्रंप ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी और इजरायली हमलों का जिक्र करते हुए कहा, यह बहुत त्वरित जश्न होगा। हमें एक बड़ी सफलता मिली है।

ट्रंप की जापान को 35 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी

वाशिंगटन (वार्ता) । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को जापान को धमकी दी कि अगर दोनों देशों के बीच अगले सप्ताह की समय सीमा से पहले व्यापार समझौता नहीं होता है तो उस पर 30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जायेगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप ने दो अप्रैल को जापान पर तथाकथित 'मुक्ति दिवस'के हिस्से के रूप में 24 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था।

पीएम मोदी 6-7 जुलाई को रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

वैश्विक नेताओं से बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हुए। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का पहला चरण है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं। अपने बयान में पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक नया रोडमैप तैयार होगा

पीएम मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मुलाकात और हमारे लोगों, हमारे क्षेत्रों और व्यापक ग्लोबल साउथ के लाभ के लिए सहयोग का एक नया रोडमैप तैयार करने के लिए उत्सुक हैं। वह नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी ने अपनी बहु-देशीय यात्रा के परिणामों के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि पांच देशों की मेरी यात्राएं ग्लोबल साउथ में हमारी दोस्ती के बंधनों को मजबूत करेंगी, अटलांटिक के दोनों पक्षों पर हमारी साझेदारी को और गहरा करेंगी और ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों में हमारी भागीदारी को बढ़ाएंगी।

पारस्परिक लाभकारी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान देंगे

अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी20 में निकट सहयोगी बताते हुए उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात का इंतजार कर रहा हूं, जिनसे मैं पिछले साल भी मिला था। हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान देंगे। अर्जेंटीना के बाद, पीएम मोदी 6-7 जुलाई को रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। भारत की ब्रिक्स में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा, एक संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ब्रिक्स को उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानता है।

दिल्ली-जयपुर के बीच ग्रीनफील्ड स्पर तैयार

यात्रा समय में कटौती : नितिन गडकरी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को बताया कि दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस-वे और जयपुर को जोड़ने वाला 66.9 किलोमीटर लंबा, 4-लेन वाला ग्रीनफील्ड बांदीकुई स्पर बनकर तैयार हो गया है। यह जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है। उनके मुताबिक, इस परियोजना पर 2,016 करोड़ रुपये की लागत आई है। यह नया स्पर दिल्ली और जयपुर के बीच सीधी और नियंत्रित कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जिससे यात्रियों को अब लंबी और ईंधन खर्च करने वाली यात्राओं से छुटकारा मिलेगा। नितिन गडकरी के अनुसार, इस नए स्पर से दिल्ली-जयपुर के बीच यात्रा का समय 3 घंटे 45 मिनट से घटकर केवल 3 घंटे रह जाएगा। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा होगी, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-48 और एनएच-21) पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी कम होगी। नितिन

गडकरी के मुताबिक, यह परियोजना क्षेत्र में गतिशीलता को बेहतर बनाएगी और सड़क यात्रा को और सुगम करेगी। इस स्पर के बनने से जयपुर के पर्यटन स्थलों, जैसे आमेर किला और जंतर मंतर, तक पहुंच आसान होगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, यह क्षेत्रीय आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस परियोजना से लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी, वाहनों की टूट-फूट कम होगी और स्थानीय किसानों, खासकर फल-सब्जी उत्पादकों को दिल्ली के बड़े बाजार तक आसानी से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में युवक को मार डाला

बीजापुर /नवप्रदेश । जिले में नक्सलियों की कायराना हरकतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आज एक ओर जहां मुखबिरी के शक में एक युवक की हत्या कर दी गई, वहीं दूसरी ओर सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए बिछाए गए ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आने से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह घटनाएं ऐसे समय हुई जब सुरक्षाबल राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार अभियान चला रहे हैं और कई क्षेत्रों को नक्सलमुक्त घोषित किया जा चुका है। पहली घटना उसूर थाना क्षेत्र के पेरमपल्ली गांव की है, जहां नक्सलियों ने कवासी हूँगा नामक युवक को बीते मंगलवार देर रात मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि नक्सलियों को युवक पर पुलिस की मुखबिरी का शक था। ॅयह घटना उस वक्त हुई जब गांव के अधिकांश लोग अपने घरों में सो रहे थे। हत्या के बाद नक्सली मौके से फरार हो गए। गौरतलब है कि बीते महीने भी नक्सलियों ने बीजापुर के पेद्दाकोरमा में तीन और पामेड़ क्षेत्र में दो ग्रामीणों की हत्या कर दी थी। इस प्रकार की घटनाएं क्षेत्र में भय का माहौल बना रही हैं।

बीजापुर एसपी ने हत्या की पुष्टि करते हुए कहा कि, पुलिस टीम मौके के लिए रवाना कर दी गई है। प्रथम दृष्ट्या अज्ञात लोगों द्वारा हत्या का मामला दर्ज किया गया है। जांच जारी है और जैसे ही तथ्य सामने आएंगे, उन्हें साझा किया जाएगा।

आईईडी की चपेट में आया ग्रामीण

दूसरी घटना मद्देड़ थाना क्षेत्र की है, जहां पेगड़ापल्ली गांव का रहने वाला विशाल गोटे मंगलवार शाम सिराकोंटा और दम्पाया के बीच जंगल में फुटू (जंगली कंदमूल) लेने गया था। इसी दौरान वह नक्सलियों द्वारा पहले से बिछाए गए प्रेशर ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आ गया। ढ्ढश्वष्ठ को सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश उसकी चपेट में निर्दोष ग्रामीण आ गया। घायल विशाल गोटे को पहले मद्देड़ स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिया गया, फिर जगदलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

अमरनाथ यात्रा पहला जत्था रवाना

जम्मू (आईएएनएस)। जम्मू 'बम-बम भोले' के नारों से गूंज रहा है। भगवान शिव शंकर के जयकारों के बीच भगवती नगर बेस कैंप से बुधवार सुबह अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू से पहला जत्था रवाना हुआ। पहले विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसमें जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शामिल हुए। पूजा के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले चरण में लगभग 4500 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुआ। उपराज्यपाल ने कहा, एक बार फिर जम्मू में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन देखने को मिल रहा है। यह आतंकवाद पर एक बहुत बड़ा तमाचा है कि देशभर से श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू पहुंच रहे हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने सभी श्रद्धालुओं को भगवान शिव के पवित्र निवास तक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

क्वाड मंत्रियों ने पहलगाम के आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग की

वाशिंगटन (आईएएनएस)। आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए निंदनीय हमले के जिम्मेदार लोगों को तुरंत सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी अपील की कि संबंधित देश इस मामले में जांच कर रही एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करें। मंगलवार को अपनी बैठक के बाद एक साझा बयान में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा, हम इस निंदनीय हमले के अपराधियों, योजनाकारों और फंड देने वालों को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग करते हैं। साथ ही, हम सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से अपील करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संबंधित प्रस्तावों के तहत इस मामले में जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग करें।

बयान में कहा गया, क्वाड देश सीमा पार आतंकवाद समेत हर तरह के आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की कड़ी निंदा करते हैं और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया ने भारत-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख लोकतांत्रिक देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए इस साल दूसरी बार मंत्री स्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा, हम 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए।

बयान में हमले के दोषियों को सजा दिलाने की अपील की गई। हालांकि किसी देश का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया। लेकिन यह साफ था कि इशारा किस ओर है, क्योंकि यह हमला 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने किया था, जो लश्कर-ए-तैयबा से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

जीएसटी संग्रहण ... छत्तीसगढ़ में जीएसटी कलेक्शन में ऐतिहासिक बढ़त, 18 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ देश में अव्वल

जीएसटी चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए: साय

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय स्थित महानदी भवन में वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग के कार्यों एवं राजस्व संग्रहण की विस्तार से जानकारी प्राप्त की और कर संग्रहण बढ़ाने के उपायों पर कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कर की राशि का उपयोग देश और प्रदेश के विकास कार्यों में होता है, इसलिए सभी को ईमानदारी पूर्वक कर अदा करना चाहिए। साय ने कहा कि जो लोग कर (जीएसटी) की चोरी करते हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा उनसे कर की वसूली सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को जीएसटी एवं वैट से कुल 23,448 करोड़ रुपये का कर राजस्व प्राप्त हुआ, जो राज्य के कुल कर राजस्व का 38% है। छत्तीसगढ़ ने 18 प्रतिशत की जीएसटी वृद्धि दर हासिल की है, जो देश में सर्वाधिक है।

नियमों के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने के प्रयास जारी

बैठक में वित्त एवं वाणिज्यिक कर (जीएसटी) मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विभागीय जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री साय ने जीएसटी संग्रहण हेतु विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि आगे भी नियमों के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ कर अपवंचन के मामलों एवं उनसे निपटने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने फर्जी बिल, दोहरी बहीखाता प्रणाली और गलत टैक्स दरों का उपयोग कर अनुचित लाभ लेने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग की नवाचारी पहलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण की औसत समय सीमा को 13 दिन से घटाकर 2 दिन कर दिया गया है।

बड़ी कारवाई एवं कर चोरी की राशि की जानकारी दी

बैठक में अधिकारियों ने जीएसटी विभाग द्वारा हाल ही में की गई बड़ी कार्रवाइयों एवं कर चोरी की राशि की वसूली की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा की गई कार्रवाइयों से शासन के कर राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी 33 जिलों में जीएसटी कार्यालय स्थापित किए गए हैं, जिससे कर संग्रहण एवं जीएसटी से जुड़ी सेवाओं का कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपादित किया जा रहा है।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश कुमार बंसल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत तथा आयुक्त वाणिज्यिक कर पुष्पेंद्र मीणा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

कोरोना वैक्सीन और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं

नई दिल्ली। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ढ्ढष्टरूक्र) और एम्स ने मिलकर एक अध्ययन किया है, जिसके आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। देश में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं और खासकर कोरोना महामारी के बाद इनमें खासी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

कर्नाटक के सीएम के बयान पर सरकार की सफाई

दरअसल कर्नाटक के हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से कई युवाओं की मौत हुई है, जिसके बाद कर्नाट के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने एक बयान में दिल का दौरा पड़ने के लिए कोरोना वैक्सीन को जिम्मेदार बताया था, लेकिन केंद्र सरकार ने उनके दावे को खारिज कर दिया है। सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि जल्दबाजी में कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दी गई और फिर तेजी से वैक्सीन का वितरण किया गया, ऐसे में हो सकता है कि अचानक हो रही मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 'अगर किसी को भी सीने में दर्द, या सांस लेने में तकलीफकी समस्या हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपना चेकअप कराएं और लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।'

अध्ययन में पाया गया है कि जेनेटिक म्यूटेशन के चलते दिल का दौरा पड़ने जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। अभी अध्ययन चल रहा है और इसके पूरा होने के बाद ही रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी। सरकार ने चेताया कि जो दावे किए जा रहे हैं, वे आधारहीन हैं और इनसे आम जनता का कोरोना वैक्सीन में विश्वास कमजोर होगा, जबकि कोरोना वैक्सीन की वजह से ही कोरोना महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बची थी।

जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : योगी

गोरखपुर, 2 जुलाई (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम शुभा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

202506100400357/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं ...

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202350610100014 1 /अ-6अ/सन्-2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - सुरेश कुमार अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक सुरेश कुमार पिता/पति/विभाग- गोपीनाथ वर्मा पता-पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम - कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका तहसील व् जिला दुर्ग स्थित भूमि पुराना ख.न. 206 नया खसरा न. 606 रकबा 1.4000 हे भूमि आवेदक के नाम दर्ज है! उपर वर्णित भूमि को नये नक्शे में आवेदक की भूमि को धरसे में दिखया जा रहा है। जिसे सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो वह नियत पेशी दिनांक 14.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती अंकिता राजकुमार गंगवाल पति श्री जयेश जैन पता म.नं.34, वार्ड नं. 32, सदर बाजार जैन गली दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) 491001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम अंकिता राजकुमार गंगवाल त्यागकर नया नाम अंकिता जैन पति श्री जयेश जैन रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम अंकिता जैन के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ती
अंकिता जैन
पति श्री जयेश जैन,
पता म.नं.34, वार्ड नं.32,
सदर बाजार जैन गली दुर्ग,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)
पिन नं. 491001

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुकेश कुमार बाकलीवाल पिता शांति लाल जैन, पता म.नं.34, वार्ड नं. 32, सदर बाजार, जैन गली दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) 491001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम मुकेश कुमार बाकलीवाल त्यागकर नया नाम मुकेश कुमार जैन पिता श्री शांति लाल जैन रख लिया हूं । अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मुकेश कुमार जैन के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ता
मुकेश कुमार जैन
पिता शाति लाल जैन
पता म.नं.34, वार्ड नं.32, सदर बाजार, जैन गली दुर्ग,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)
पिन नं. 491001

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202506100700184 /अ-27/वर्ष 2024-25

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202506100700182 /अ-27/वर्ष 2024-25

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103900285

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that, PRIYANSHI SAHU D/o SHASHIKANT is legally Daughter of No. 14684677F, Rank Ex. HAV, Name SHASHIKANT presently 'residing at Address Village Chikhla, Post- Hirri, Tah. Dhamdha Distt Durg (C.G.), Pin-491001 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows. That I have changed my daughter's from Priyanshi to Priyanshi Sahu due to my daughter's name is Priyanshi Sahu in her all personal documents. That I am producing this Affidavit for the purpose of evidence for my daughter's name. That both name Priyanshi and Priyanshi Sahu pertain to the same person.That. I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be known as only priyanshi Sahu. That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. Nothing material has been concealed there from.

SHASHIKANT
Address Village Chikhla,
Post Hirri, Tah. Dhamdha
Distt Durg(C.G.),
pin- 491001

NAME CHANGE

It is informed to the general public that, GUNISHKA SAHU D/o SHASHIKANT is legally Daughter of No. 14684677F, Rank Ex. HAV, Name SHASHIKANT presently 'residing at Address Village Chikhla, Post- Hirri, Tah. Dhamdha Distt Durg (C.G.) Pin-491001 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows. That I have changed my daughter's from Gunishka to Gunishka Sahu due to my daughter's name is Gunishka Sahu in her all personal documents. That I am producing this Affidavit for the purpose of evidence for my daughter's name. That both name Gunishka and Gunishka Sahu pertain to the same person.That. I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be known as only Gunishka Sahu. That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. Nothing material has been concealed there from.

SHASHIKANT
Address Village Chikhla,
Post Hirri, Tah. Dhamdha
Distt Durg(C.G.),
pin- 491001

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202506100700105 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विमला बाई पिता/पति स्व. सुरेशचंद्र साकिन गणपति विहार बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 272/33, 274/225 रकबा 0.0400, 0.0300 हेक्टेयर भूमि पर अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 11.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ...

आज दिनांक 26.06.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न. 00009 चरोदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430303004000 76

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107400074

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

... उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, अहिवारा (धमधा)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

... सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, उपतहसील भिलाई-3

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202503104500028

विषयः अ-21(3)/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कानाकोट प.ह.न. 00028 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- श्रीमती तीजन बाई

ईश्तहार

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202507103500002 /अ-20(1)/ वर्ष 2024-25

आवेदक श्रीमती श्वेता सुमीत कुमार पाटिल पति श्री सुमीत कुमार पाटिल पता-मकान नं. 818 पर्पल ईमारत वार्ड नं. 31 नेताजी सुभाषचंद्र बोस वाड, सांई सिमरन अपार्टमेंट के पास, भावना नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग नगर गायत्री मंदिर वार्ड, दुर्ग स्थित नजूल शीट नं. 16 भूखण्ड क्रमांक 8/21 क्षेत्रफल 121.09 वर्गमीटर अर्थात 1303 वर्गफुट भूमि आवेदिका द्वारा क्रय किया गया है जो आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का पट्टा मार्च 2025 तक के लिये वैध है। उक्त भूमि का आगामी वर्षो हेतु नवीनीकरण किये जाने पट्टे की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202506104300096 /अ-2/वर्ष 2024-25

ग्राम-सण्डी, प.ह.न.11, तह.अहिवारा

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब/121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका सुमित्रा बाई वर्मा पति स्व. डेरहा वर्मा निवासी पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे पुत्र स्व. कुमार वर्मा पिता डेहर का मृत्यु दिनांक 01.07.1992 को ग्राम पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका सुमित्रा बाई वर्मा पति स्व. डेरहा वर्मा, निवासी पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो आनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 11.07.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पाटन. जिल-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202506103000105 /अ-6/ वर्ष 2024-25

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202506103000098 /अ-74/ वर्ष 2024-25

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202507103800007/42 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदिका श्रीमती सरस्वती थपलियाल पति कैलाश थपलियाल, निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग, प्लाट नं. एल.आई.जी. 140, रकबा 96 वर्गमीटर धारक मानिकराम धार्मिक पिता आशाराम धार्मिक के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की ओर से आम मुख्तयार कैलाश थपलियाल पिता दयानंद थपलियाल द्वारा पंजीकृत बयनामा दिनांक 26.05.2025 आवेदिका के पक्ष में निष्पादित किया है। उक्त आधार पर आवेदिका द्वारा विक्रेता का नाम विलोपित कर नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.07.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202505101000006 /अ-27/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. वारिस अंसारी पिता स्व. मो. नईम अंसारी निवासी - कैम्प 02 भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न. 2989 रकबा 0.0400 हे/1500 वर्गफीट भूमि आवेदक एवं अनावेदगण के नाम पर शमिलात खातें में दर्ज है। उपर वर्णित भूमि को आवेदक एवं अनोवदकगण आपसी सहमती के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202507104700001 /अ-6/ वर्ष 2024-25

आज दिनांक 01.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202506104700083 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सारिका संदीप खरालकर पति- स्व. संदीप खरालकर उम्र- 42 ...

आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202507103500001 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक: 409/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक सूरज सोनी पिता अशोक सोनी निवासी मकान नं. 78 राजीव नगर वार्ड नं. 02 दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. 491001 आवेदिका नेहा यादव पिता दुर्गा यादव निवासी मकान नं. 234 वार्ड नं. 03 राम मंदिर के पास चण्डी चौक मठपारा दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. 491001 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 22.07.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 13.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202505101000148 /अ-6/ अ/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

आज दिनांक 13.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम शेषनारायण | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम संजय कुमार टिकरिहा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

202506100400356/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री संजय कुमार टिकरिहा ...

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम नीलिमा भोंसले | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

20250610040024 4/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका नीलिमा भोंसले आ./पति श्री ...

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

चिकित्सकों की अटूट सेवा भावना का स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण में है अटूट योगदान : मुख्यमंत्री

■ हमारी सरकार का उद्देश्य केवल सेवाओं की पहुंच बढ़ाना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देना है: स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

रायपुर / नवप्रदेश। चाहे कोरोना महामारी का संकट रहा हो या दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की चुनौती, हमारे डॉक्टरों ने हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। उन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बिना, सेवा को धर्म मानकर कार्य किया है। हम उन महान लोगों को कभी नहीं भूल सकते जिन्होंने कोरोना जैसी बड़ी महामारी के दौरान अपना फर्ज निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमारी सरकार का उद्देश्य केवल सेवाओं की पहुंच बढ़ाना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राजधानी रायपुर स्थित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन न केवल चिकित्सा समुदाय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां

छूता रहेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम सब जानते हैं कि डॉक्टरों का जीवन आसान नहीं होता। कठिन परिश्रम, लंबी ड्यूटी और मानसिक तनाव उनके दैनिक जीवन का हिस्सा हैं। फिर भी वे अपनी जिम्मेदारी से कभी पीछे नहीं हटते। उनके साहस और समर्पण के कारण हमारा समाज सुरक्षित और स्वस्थ रहता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आपके परिश्रम से ही हम एक स्वस्थ, सक्षम और सशक्त छत्तीसगढ़ का निर्माण कर सकते हैं। आज मैं केवल आप सभी को धन्यवाद देने नहीं आया हूं, बल्कि यह आश्वस्त करने भी आया हूं कि हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। इस अवसर पर कोविड-19 के दौरान सेवा देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए 14 चिकित्सकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके परिजनों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।भावुक क्षणों से भरे इस समारोह में समूचा सभागार कृतज्ञता एवं सम्मान की भावना से अभिभूत रहा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 109 संविदा चिकित्सकों को नियुक्ति आदेश तथा एमबीबीएस बांड पोस्टिंग के प्रथम चरण में 563 अनुबंधित चिकित्सकों को नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश प्रदान किया।

सुदृढ़ और संवेदनशील बनाने हर संभव कदम उठाए जाएंगे: स्वास्थ्य मंत्री

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉक्टर्स डे के विशेष अवसर पर सभी चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग केवल एक सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि जीवन रक्षक प्रणाली है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संकट के समय जब सभी लोग घरों में सुरक्षित रहने का प्रयास कर रहे थे, तब हमारे डॉक्टर अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा में जुटे रहे। यह अदम्य साहस और समर्पण ही उनकी असली पहचान है। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार की यह स्पष्ट नीति है कि हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें और हर डॉक्टर को पूरा सम्मान और सहयोग मिले। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ और संवेदनशील बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे इसी जज्बे और मानवीय संवेदना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें। उन्होंने कहा कि आज इस अवसर पर हमने 109 संविदा चिकित्सकों एवं 563 ब्रांडेड डॉक्टरों के पदस्थापना आदेश जारी किए हैं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया ने कहा कि यह दिन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी न केवल अपने दायित्वों का निर्वहन किया, बल्कि कोविड जैसी महामारी के दौरान अपने परिवार से दूर रहकर लोगों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। आपके योगदान को शब्दों में बांधना कठिन है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि शीघ्र ही शेष 92 एमबीबीएस बांड अनुबंधित चिकित्सकों एवं 157 विशेषज्ञ पीजी बांड चिकित्सकों के पोस्टिंग आदेश भी जारी किए जाएंगे।

कार्यक्रम में अंत में आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर विधायक सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, इंद्र कुमार साहू, गुरु खुशवंत साहेब के साथ ही महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सीजीएमएससी के अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के तथा राज्यभर से आए स्वास्थ्य अधिकारी, मेडिकल छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

वाणिज्यिककर विभाग के विशेष आयुक्त टीएल ध्रुव को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

रायपुर/ नवप्रदेश। वाणिज्यिक कर विभाग के विशेष आयुक्त श्री टी एल ध्रुव अर्धवार्षिकीय पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। विभाग में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले श्री ध्रुव को वाणिज्यिककर भवन नया रायपुर में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में आयुक्त वाणिज्य कर पुष्पेंद्र कुमार मीणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री ध्रुव की सेवा, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और योगदान को याद करते हुए उनके स्वस्थ तथा सुदीर्घ जीवन की कामना की। आयुक्त श्री मीणा ने श्री ध्रुव के सरल व्यवहार और कार्यशैली को अनुकरणीय बताया है। समारोह में उनके साथ कार्य कर चुके अन्य सहकर्मियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर आयुक्त श्री मीणा ने श्री ध्रुव को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। श्री ध्रुव ने इस मौके पर अपने सेवाकाल में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों कर्मचारियों से मार्गदर्शन और सहकर्मियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि आप सभी लोगों के सहयोग से ही वह अपने दायित्वों के निर्वहन में सफल रहे हैं।

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पुष्पांजलि का आयोजन

रायपुर /नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 के सहयोग से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर दिनांक 6 जुलाई को प्रातः 11 बजे जी.ई. मार्ग में शारदा चैक के किनारे स्थित उनकी प्रतिमा स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजन रखा गया है। पुष्पांजलि आयोजन हेतु नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से नगर निगम जोन 2 जोन कमिश्नर को प्रतिमा स्थल की आवश्यक साफ-सफाई, पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुड़ियां आदि के साथ-साथ अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

भगिनी मंडल ने मनाया डॉक्टर दिवस, चिकित्सक सम्मानित

रायपुर /नवप्रदेश । विश्व डॉक्टर दिवस के अवसर पर भगिनी मंडल ने वरिष्ठ डॉक्टर नलिनी राजिमवाले, डॉ. मंजुषा वैशंपायन, डॉ. बबिता बिठले का अभिनंदन किया। इस मौके पर डॉ. राजिमवाले ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि मानसून में महिलाओं को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होती है, ताकि पूरा परिवार रेनी सीजन के तमाम इंफेक्शन से बचा रहे और पूरी तरह स्वस्थ्य रहे। डॉ. नलिनी ने जोर देकर कहा कि बारिश के मौसम में तेलीय पदार्थों से बचना चाहिए क्योंकि पूरे साल में सबसे कम पाचन क्षमता वर्षा ऋतु के दौरान ही होती है। खासकर हमें अपने बच्चों के खानपान पर विशेष नजर रखनी चाहिए। यही सावधानी स्कूल के लिए उन्हें टिफिन देते समय भी बरतनी चाहिए।चौबे कॉलोनी स्थित भगिनी मंडल भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष मनीषा वरवंडकर, सचिव सुषमा आप्टे, कोषध्यक्ष गौरी क्षीरसागर, प्रमोदिनी देशमुख, पुष्पा गोवर्धन, संगीता निमोणकर, अक्षता पंडित, स्वाति डबली, अवंती अग्निहोत्री, सुनीता कुलकर्णी, अनुपमा बोधनकर, अलका मराठे, मालविका राजिमवाले, अंजलि मोहरील, प्राची डोनगांवकर, चारुशीला देव, जयश्री गुरलवार सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

प्रतिबंधित पदार्थ डोडा के साथ पंजाब का अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

- *थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत विरदी कालोनी स्थित कोटा मैदान पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा के साथ आरोपी को पकड़ा गया रंगे हाथ।*
- *एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही।*

रायपुर/ नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

इसी तारतम्य में दिनांक 01.07.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत

विरदी कालोनी स्थित कोटा मैदान पास एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री डी.आर.पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक श्री अमन कुमार झा (भा.पु.से.) तथा उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी सरस्वती नगर को आरोपी को डोडा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी करते हुये व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम जर्मन सिंग निवासी कबीर नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा रखा होना पाया गया। डोडा रखने एवं बिक्री करने के संबंध में जर्मन सिंग से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था।

जिस पर आरोपी जर्मन सिंग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा लगभग 2.008 किलोग्राम तथा घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 25,000/- रूपये जप्त कर आरोपी जर्मन सिंग को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में अपराध क्रमांक 160/25 धारा 15 नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

पूछताछ में आरोपी जर्मन सिंग द्वारा डोडा को ओम प्रकाश शर्मा उर्फ पप्पू निवासी झालावाड राजस्थान से क्रय करना बताया गया। पुलिस द्वारा आरोपी ओम प्रकाश शर्मा उर्फ पप्पू पिता स्व. बंशी लाल शर्मा उम्र 53 साल निवासी ग्राम रोजा तहसील अकलेरा थाना भालता जिला झालावाड राजस्थान को दिनांक 30.06.25 को थाना आमानाका क्षेत्र में प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा सहित कुल लगभग 4,50,000/- रूपये की मशरूका के साथ गिरफ्तार कर आरोपी ओम प्रकाश शर्मा उर्फ पप्पू के विरूद्ध थाना आमानाका में नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया था। प्रकरण में फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है।

गिरफ्तार आरोपी - जर्मन सिंग पिता सुखचैन सिंग उम्र 20 साल निवासी पडासौर तरनतारन थाना ताडा चौकी जिला तरनतारन पंजाब। हाल पता हीरापुर गुरूद्वारा तालाब के पास कबीर नगर थाना कबीर नगर रायपुर कार्यवाही में निरीक्षक रविन्द्र यादव थाना प्रभारी सरस्वती नगर, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक राजेन्द्र कंवर, सउनि. फूलचंद भगत, प्र.आर. वीरेन्द्र भार्गव, जसवंत सोनी, मार्तण्ड सिंह, आर. मुनीर रजा, लक्ष्मीनारायण साहू, हरजीत सिंह, अजय चौधरी तथा सरस्वती नगर से उपनिरीक्षक तुलसी राम भारद्वाज, सउनि. शिवालाल रत्नाकर, आर. बच्चन सिंह पावले एवं टीका राम बंजारे की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

प्रदेश में किसानों को सतत रूप से हो खाद की आपूर्ति : साय

मुख्यमंत्री ने खाद की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को सतत रूप से खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद के उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही और किसानों को इसके लाभ से अवगत कराने को कहा। श्री साय ने कलेक्टरों के माध्यम से जिलेवार सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता और वितरण की निगरानी और सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खेती-किसानी का यह समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि इस समय खाद-बीज की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा आती है, तो इसका सीधा असर फसलों की बुआई और उत्पादन पर पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय पर और उचित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो।

उन्होंने कहा कि समितियों में एनपीके खाद की व्यवस्था भी की जा रही है, किसानों को इसे उपलब्ध कराने की दिशा में तत्काल कदम उठाएं। उन्होंने अमानक और नकली खाद की बिक्री पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे मामलों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार, संचालक कृषि श्री राहुल देव सहित मार्कफेड के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

जोन 10 में अवैध कब्जे को हटाकर 58 मूल आबंटितियों को दिया गया आवास

जोन 10 ने मुख्य मार्ग मठपुरैना को कब्जा मुक्त

रायपुर /नवप्रदेश । आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 10 जोन कमिष्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सिनियर, दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता सुशील अहीर , योगेश यदु, उपअभियंता रविप्रभात साहू, अजय श्रीवास्तव, मुजगहन एवं टिकरापारा पुलिस थाना बल नगर निवेष जोन 10 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना निगम मुख्यालय शाखा के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में अभियान

चलाकर जोन 10 के तहत काठाडीह रोड मठपुरैना में प्रधानमंत्री आवास योजना आवासीय परिसर में ब्लॉक नंबर 47 और 48 दो ब्लॉक में किये गये देवार डेरा के अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही की गई। अवैध कब्जो हटाने के पष्चात प्रधानमंत्री आवास योजना में 58 आवासो में मूल आबंटिति हितग्राहियों को आवास का कब्जा दिलवाया गया।

सभापति से मिले श्रीगणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी

रायपुर /नवप्रदेश । रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ से 10-12 स्थानीय श्रीगणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारियों ने आज नगर निगम पहुंचकर भेंट की और उन्हें ज्ञापन देकर विगत 5 वर्षो से बन्द श्रीगणेश उत्सव स्थल सजावट और झांकी विसर्जन सजावट के पुरस्कार रायपुर नगर निगम के संस्कृति विभाग के माध्यम से पुनः संस्कृति और विरासत का संरक्षण कर स्थानीय मूर्तिकारों को प्रोत्साहित करने प्रारम्भ करवाने की मांग की। सभापति सूर्यकान्त

राठौड़ ने श्रीगणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारियों की मांग पर नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप, संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी को पत्र लिखकर विगत 5 वर्षो से बन्द श्रीगणेश उत्सव स्थल सजावट और झांकी विसर्जन सजावट के पुरस्कारों को पुनः नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के माध्यम से संस्कृति और विरासत संरक्षण की दृष्टि से स्थानीय मूर्तिकारों, कलाकारों को प्रोत्साहित करने पुनः प्रारम्भ करवाने का अनुरोध किया है।

राष्ट्रीय डॉक्टर एवं चार्टर्ड एकाउटेंट दिवस

कैट ने प्रतिष्ठित डॉक्टरों एवं चार्टर्ड एकाउटेंट का किया सम्मान

रायपुर /नवप्रदेश । देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एवं चार्टर्ड एकाउटेंट दिवस पर कैट ने शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों एवं प्रतिष्ठित चार्टर्ड एकाउटेंट का कैट के प्रदेश कार्यालय में सम्मान किया

गया।कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि आज राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एवं चार्टर्ड एकाउटेंट दिवस पर कैट ने शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों एवं प्रतिष्ठित चार्टर्ड एकाउटेंट का कैट के प्रदेश कार्यालय में सम्मान किया गया। उन्होंने आगे कहा कि हर साल 1 जुलाई को पूरे देश में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है. यह दिन 1 जुलाई को जन्मे डॉक्टर बी.सी. राय के जन्मदिन को उनके सम्मान शुरू की गई थी। डॉक्टर राय बंगाल के मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित थे। यह सम्मान उन डॉक्टरों के समर्पण, निष्ठा और सेवा को सम्मान देने का अवसर है, जो दिन-रात लोगों की जान बचाने का काम कर रहे हैं। हमारे डॉक्टरों ने अपने कौशल और परिश्रम से एक अलग पहचान बनाई है. उनकी करुणा की भावना भी उतनी ही सराहनीय है. वे वास्तव में स्वास्थ्य के रक्षक और मानवता के स्तंभ हैं। पारवानी ने आगे कहा कि हम आज 76वां चार्टर्ड एकाउटेंट दिवस मना रहे है। आई सीएआई राजकोषित नीति को आकार देने और सही लेंखाकन प्रथाओ को बढावा देने वाला एक विश्व पर मान्यता प्राप्त संस्था हैं।

प्रदेश में अब तक 176.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 176.3 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बा? नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 345.6 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 69.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 155.1 मि.मी., सूरजपुर में 220.5 मि.मी., जशपुर में 324.2 मि.मी., कोरिया में 235.8 मि.मी. और मनेन्द्रग?-चिरमिरी-भरतपुर में 146.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

सुविचार

गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले यह क्यों नहीं समझते कि पत्ते जब भी रंग बदलते हैं जमीन पर गिरते हैं। - अज्ञात

कोविड-19 वैक्सीन को क्लीन चिट

देश में पिछले कुछ समय से हार्ट अटैक के कारण लोगों के मौत के मुंह में समाने की घटनायें तेजी से बढ़ी है। पहले उम्रदराज लोगों को ही हार्ट अटैक हुआ करता था लेकिन पिछले दो-तीन सालों से युवा भी हार्ट अटैक के शिकार बनने लगे हैं। इस साइलेन्ट किलर ने लोगों के दिल में खौफ भर दिया है। 20 से 30 साल के उम्र के लोग भी नाचते गाते या जीम में कसरत करते समय अचानक ही हार्ट अटैक के कारण काल के ग्रास बन जाते हैं। कर्नाटक के हासन जिले में पिछले एक माह के भीतर 21 लोगों की हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई जिनमें से कई लोगों की उम्र 20-25 साल के भीतर ही थी। इनमें अधिकांश लोगों को तो अस्पताल पहुंचना का भी समय नहीं मिला और हार्ट अटैक के कारण घर पर ही उनकी अचानक मौत हो गई। इसे लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये हैं और उन्होंने कोरोना की वैक्सीन पर सवालिया निशान लगाया है। पूर्व में भी कई लोगों ने हार्ट अटैक की बढ़ती घटनाओं के लिए कोविड-19 वैक्सीन पर संदेह जताया था। गौरतलब है कि कोरोना काल के बाद से ही देश के विभिन्न राज्यों में ही बड़ी संख्या में लोगों को हार्ट अटैक होने लगा है। बहरहाल इस संदेह को दूर करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईसीएमआर और एम्स की संयुक्त टीम को इस पर रिसर्च करने के निर्देश दिये थे। इस जांच का नतीजा सामने आ गया है। जिसमें इस बात की पुष्टि की गई है कि कोरोना की वैक्सीन के कारण हार्ट अटैक से एक भी मौत नहीं हुई है। यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। इस खुलासे के बाद कोविड-19 वैक्सीन को लेकर संदेह दूर हो जाएगा। किन्तु हार्ट अटैक की बढ़ती घटनायें अभी भी अबूझ पहेली बनी हुई है। इसकी भी स्वास्थ्य मंत्रालय को उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए। अब चूंकि कोरोना वैक्सीन को क्लीन चीट मिल चुकी है तो हार्ट अटैक की बढ़ती घटनाओं के कारण तलाशे जाने चाहिए ताकि लोगों के मन से इस साइलेन्ट किलर के खौफ को कम किया जा सके। चिकित्सकों के मुताबिक बदलती जीवनशैली, मानसिक तनाव और पर्यावरण संबंधी कारण भी लोगों के हार्ट अटैक की वजह हो सकते हैं। बहरहाल देश में हृदयाघात की बढ़ती घटनाएं गहन चिंता का विषय है। इसलिए स्वास्थ्य मंत्रालय को इसके कारणों का पता लगाना चाहिए ताकि कम उम्र में लोग हार्ट अटैक के कारण मौत के मुंह का निवाला बनने से बच सकें।

दिल्ली में बुलडोजर कार्यवाही को लेकर सियासत

देश की राजधानी नई दिल्ली में अवैध कब्जों को हटाने के लिए की जा रही बुलडोजर कार्यवाही को लेकर सियासत तेज हो गई है। नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चुनाव हारने के बाद से पंजाब में डेरा डाले पड़े हैं वे अचानक नई दिल्ली पहुंचे और वहां उन्होंने बुलडोजर कार्यवाही के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। अरविंद केजरीवाल ने अवैध झुग्गी झोपड़ियों को हटाने की कार्यवाही का विरोध करते हुए लोगों से सड़क पर उतरने का आव्हान किया। उन्होंने धमकी दी कि यदि 40 लाख लोग सड़क पर उतर आयेंगे तो सरकार को उसकी नानी याद आ जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने यह भी कहा कि गरीबों की हाय लेने वाली रेखा गुप्ता की सरकार भी जल्द गिर जाएगी। नई दिल्ली में अतिक्रमण हटाने की जो कार्यवाही की जा रही है वह हाईकोर्ट के निर्देश पर हो रही है। ऐसे में राज्य या केन्द्र सरकार पर इस तरह का आरोप लगाना समझ से परे है। यदि आम आदमी पार्टी को लग रहा है कि यह कार्यवाही जनविरोधी है तो उसे इस कार्यवाही के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही को लेकर सियासत करना और लोगों को अराजकता के लिए भड़काना कतई उचित नहीं है। हकीकत तो यह है कि बेजा कब्जा हटाने की इस कार्यवाही की जद में वे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिये आ रहे हैं जिन्हें आम आदमी पार्टी की सरकार ने नई दिल्ली में अवैध रूप से बसाया था और उन्हें बिजली पानी जैसी तमाम सुविधायें उपलब्ध कराकर उन्हें अपना वोट बैंक बनाया था। अब उनके अवैध कब्जों को तोड़ा जा रहा है तो आम आदमी पार्टी के नेता इसे लेकर अपनी सियासत चमकाने की कोशिश कर रहे हैं।

सद्गुरू बोधा मृतम्

सद्गुरू श्री ऋतेश्वर

◆ लोग दुख के घोर कलिकाल में शरीर में सुख खोज रहे हैं, वस्तुओ में सुख खोज रहे हैं पर जिनके सुख का आधार श्री कृष्ण हैं, राधा रानी हैं तो उनको कहीं कुछ देखना ही नहीं। कहाँ गए ? क्या किए? कोई मतलब नहीं, बस आनंद ही आनंद है!

◆ सद शिष्य को गुरु अपने समान बना देते है और शिष्य अहम शून्य हो एक बात कहता है- "जाऊं कहां तजी चरण तिहारो"

◆ भेला हूँ, बुरा हूँ, जैसा भी हूँ बस तुम्हारा हूँ प्रभु !!!

◆ तुम्हें दुनिया में किसी से तुलना करने के लिए नहीं भेजा गया। अगर तुलना ही करनी है तो करो; अपने जीवन के साथ किसी दूसरे से अपनी तुलना मत करो !

◆ भयभीत करने वाली वस्तुओं (भौतिक नश्वर चीजें) के प्रति अपना रिश्ता सदा के लिए तोड़ दो। पूरी दुनिया इन वस्तुओं से प्रेम कराने में लगी है और शास्त्र और गुरुदेव इससे अनासक्त बनाने में लगे हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1898 अमेरिकी सैनिकों ने वेक द्वीप पर झंडा फहराया। 1898 डच ऑटोमोबाइल क्लब का गठन। 1898 अम रिकन नौसेना ने क्यूबा के सैंटियागो बंदरगाह में स्पेनिश बेड़े को हराया। 1905 अमेरिकी मुक्केबाज मार्विन हार्ट ने विश्व हैवीवेट खिताब जीता। 1905 हॉलैंड में कुइपर सरकार बनी। 1907 पोप ने धर्मशास्त्र के आधुनिकीकरण पर रोक लगाई। 1920 जावा टेक्निकल स्कूल, बांडुंग खुला। 1920 रॉयल एयर फोर्स ने हेंडन, इंग्लैंड में हवाई प्रदर्शन किया। 1923 हल, ग्रिम्सबी, कार्डिफ़और ब्रिस्टल में डॉकर्स की हड़ताल लंदन तक फैली। 1928 हैरी फर्ग्यूसन को ट्रैक्टरों के लिए तीन-बिंदु हिच का पेटेंट मिला। 1929 डनलप लेटेक्स ने फोम रबर बनाया। 1930 अमेरिकी वेटरन्स एडमिनिस्ट्रेशन की स्थापना हुई।

उमेश चतुर्वेदी

इसी तरह उत्तरी नागपुर में भी सात फीसद वोटर बढ़े और वहां भी कांग्रेस के ही नितिन राउत विजयी हुए। फड़णवीस के मुताबिक, पुणे की वडगांव शेरी सीट पर वोटरों की संख्या में दस प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जहां शरद पवार गुट के बापू पठारे ने जीत हासिल की। इसी तरह मुंब्रा सीट पर नौ प्रतिशत वोटर बढ़े और यहां शरद पवार गुट के जितेंद्र आव्हाड ने जीत दर्ज की।

राहुल गांधी के आरोपों से राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव भी सहमत हैं। चुनाव आयोग के ताजा फैसलों का असर जिन वोटरों पर मतदाता सूची से बाहर होने के रूप में पड़ेगा, उनमें से ज्यादातर इन्हीं दलों के मतदाता हैं। वोटर लिस्ट से उनके नाम कटने के बाद मतदान में सबसे ज्यादा कीमत खामियाजा इन्हीं दलों को भुगतनी होगी। इससे विदेशी घुसपैठियों पर लगाम तो लगेगी ही, इनकी बसावट से परेशान लोगों को राहत भी मिलेगी। यह परेशानी ही है कि लोग चुनाव आयोग के फैसले को सख्ती से लागू करने की हिमायत कर रहे हैं।

आयोग के फैसले से बदल सकती है सियासी तस्वीर

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार को कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। राहुल गांधी तो बीजेपी गठबंधन की जीत में चुनाव आयोग पर एक तरह से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। आरोपों का जवाब देने के लिए राहुल को चुनाव आयोग आमंत्रित कर चुका है, लेकिन आयोग ने मतदान की रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया है। चुनाव आयोग के बुलावे का अभी तक राहुल ने जवाब नहीं दिया है। इस बीच चुनाव ने बिहार में मतदाता सूचियों के सत्यापन का फैसला ले लिया है। इस फैसले को एक तरह राहुल गांधी के आरोपों का जवाब माना जा रहा है।

चुनाव आयोग का यह फैसला किन अर्थों में राहुल के आरोपों का जवाब है, इसे समझने के लिए पहले चुनाव आयोग के फैसले को देखना होगा। बिहार में इस साल अक्टूबर महीने के आखिर या नवंबर के मध्य तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इस चुनाव से पहले आयोग ने घर-घर जाकर मतदाता सूचियों का सत्यापन करने का फैसला लिया है। इस दौरान सभी मतदाताओं से पहले से भरे हुए आयोग के गणना फॉर्म जमा कराए जाएंगे। इसके साथ ही हर मतदाता को घोषणा करनी होगी कि उसकी आयु 18 साल या ज्यादा है। इसके साथ ही उसे अपने संसदीय या विधानसभा सीट का सामान्य निवासी होने का भी ऐलान करना होगा। इसके लिए मतदाता को अपना जन्म प्रमाण पत्र समेत आयोग की ओर से तय 11 दस्तावेज देने होंगे और अपनी नागरिकता को प्रमाणित करनी होगी। आयोग जमा किए गए दस्तावेजों को अपनी वेबसाइट पर लोड भी करेगा, ताकि किसी को एतराज हो तो वह अपना विरोध आयोग के समक्ष दर्ज करा सके।

बिहार की मतदाता सूची की ऐसी जांच चुनाव आयोग ने 21 साल पहले की थी। जुलाई में होने जा रही इस जांच का मकसद राज्य के अवैध बांग्लादेशी और दूसरे विदेशी घुसपैठियों के साथ ही दोहरी मतदाता सूची वाले मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से हटाना है। आयोग इसके जरिए लंबे समय से राज्य से बाहर रह रहे, नौकरी कर रहे उन निवासियों का नाम वोटर लिस्ट से हटाने जा रहा है, जिनका नाम उनकी नौकरी या रिहायश वाली जगह के मतदाता सूची में भी है। नेपाल के सीमावर्ती इलाके में कई वोटर ऐसे भी हैं, जिनके पास दोहरी नागरिकता है। वे नेपाल और भारत, दोनों देशों के नागरिक और वोटर हैं। बिहार के सीमांचल की सीमा बांग्लादेश से मिलती हैं। इस इलाके में बिहार के पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज जिले आते हैं। ऐसा माना जाता है कि इन जिलों घुसपैठ के जरिए आ चुके अवैध

बांग्लादेशियों की संख्या ज्यादा है। वे यहां के वोटर भी बन चुके हैं। इन दिनों अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के भारत में बसने, आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवाने के साथ ही वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के कई मामले सामने आए हैं। बिहार के दूसरे इलाकों में भी स्थानीय जनसंख्या में घुलमिल चुके अवैध बांग्लादेशियों के भी वोटर बनने की खबरें हैं। शायद ही कोई स्वीकार करे कि अवैध बांग्लादेशी या घुसपैठिए बीजेपी प्रतिबद्ध वोटर हैं। मान्यता है कि ये बीजेपी विरोधी ताकतवर दलों के प्रतिबद्ध मतदाता हैं। सीएए यानी नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हुए हिंसक आंदोलनों में जो नाम सामने आए, उनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की रही। चुनाव आयोग की गहन जांच में इनके नाम मतदातासूचियों से बाहर होने की संभावना ज्यादा है। उनके बाहर होने सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के गठबंधन को ही होने के आसार हैं।

चुनाव आयोग की जांच का असर नेपाल से सटे बिहार के इलाकों के उन लोगों पर भी पड़ेगा, जिनके पास दोहरी नागरिकता है। नेपाल से सटे इलाकों के कई निवासियों की खेती-बाड़ी, रोजगार और कारोबार दोनों ओर हैं। जांच के दौरान ऐसे निवासियों और वोटरों के भी नाम मतदाता सूची से कटने की संभावना है। सीमावर्ती जिलों में दोहरी नागरिकता ही बड़ी समस्या नहीं है, बल्कि फर्जी नागरिकता और फर्जी दस्तावेजों के जरिए मतदाता सूची में शामिल होने का खेल भी बड़ा है। इससे सीमावर्ती इलाकों के बड़े वर्ग में नाराजगी है। इन लोगों को चुनाव आयोग का यह फैसला पसंद आया है। लोग चाहते हैं कि यह नियम सिर्फ दस्तावेजों में न रहे, बल्कि जमीनी हकीकत बने। जिससे असली मतदाता को उसका अधिकार मिल सके और फर्जी वोटर का नाम मतदाता सूची से बाहर हो सके।

चुनाव आयोग की इस जांच प्रक्रिया के दायरे में राज्य के अप्रवासी निवासी भी आने वाले हैं।

सरकारी अनुमानों के मुताबिक बिहार के लगभग ढाई से तीन करोड़ निवासी पढ़ाई, रोजगार या दूसरे कारणों से राज्य से बाहर हैं। बिहारी प्रवासियों की संख्या का अनुमान रेलवे के आंकड़ों के आधार पर लगाया जा सकता है। पिछली बार लोक पर्व छठ पूजा के दौरान करीब 78 लाख लोगों ने रेल से बिहार की यात्रा की। छठ के दौरान लोग दूसरे साधनों मसलन अपनी कारों, बसों, दूसरे साधनों आदि से भी बिहार की यात्रा करते हैं। जाहिर है कि बिहार की बड़ी संख्या प्रवासी है। खासतौर पर गांवों के बुनियादी निवासियों में कई ऐसे भी हैं, जो अपने निवास के साथ ही अपने गांव आदि के भी वोटर हैं। इनमें से सभी पार्टियों के वोटर हैं। हाल के दिनों में बीजेपी समेत कई दलों ने इन प्रवासी वोटरों को साधने के लिए कार्यक्रम बनाने की तैयारी की थी। चुनाव आयोग के अभियान में दो या अधिक मतदाता सूचियों में नाम वाले वोटरों के नाम कटेंगे तो उसका असर सभी दलों पर पड़ेगा।

हाल ही में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की महाराष्ट्र चुनावों में बीजेपी से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा था कि कुछ बूथों पर बीस से पचास फीसद तक मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई। राहुल गांधी के अनुसार बूथ लेवल अधिकारियों ने अज्ञात वोटरों द्वारा वोट डालने की सूचना दी गई। राहुल के अनुसार, मीडिया ने भी ऐसे हजारों वोटरों का पता लगाया, जो बताए गए पते पर रहते ही नहीं थे। राहुल इसे वोट चोरी कहने से नहीं हिचके। राहुल के आरोपों का जवाब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने अपने अंदाज में दिया है। फड़णवीस का कहना है कि वोटरों की संख्या में बढ़ोतरी वाले इलाकों की कई सीटें कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के खाते में भी गई हैं। उदाहरण के लिए पश्चिमी नागपुर में मतदाताओं की संख्या में सात फीसद की बढ़ोतरी हुई और वहां से कांग्रेस के विकास ठाकरे को जीत मिली।

ओंकार कोसे

अंग्रेज़ी आज कानून और चिकित्सा के क्षेत्र में केवल एक भाषा नहीं, बल्कि वैश्विक शिक्षा,संवाद, कामकाज की भाषा है। मानकीकरण और सुरक्षित सेवा-प्रणाली का माध्यम बन चुकी है।

फिर भी यह अनिवार्य है कि विश्व समुदाय अपनी-अपनी भाषाओं में भी समान स्तर की विज्ञान व कानून की सामग्री विकसित करें ताकि भविष्य में कोई भी नागरिक भाषा के कारण न्याय या स्वास्थ्य सेवा को सरलता से प्राप्त करने से वंचित न रह सके।

इसके लिए अंग्रेजी को दोष देने के बजाय हमें अपने लोगों को या तो अंग्रेजी में प्रवीण बनाना होगा जिससे उन्हें इन चीजों का उपयोग करने में अमेरिका और इंग्लैंड के लोगों की तरह कोई समस्या ना हो या फिर अपनी किसी एक भाषा में तमाम शिक्षा, चिकित्सा और न्याय के तमाम ग्रंथों,पाठ्य सामग्री,अद्यतन शोध सामग्री का तुरंत अनुवाद करवाना होगा तथा वकीलों, चिकित्सकों आदि को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी लेना होगा।

विश्वभर में कानून और चिकित्सा की भाषा अंग्रेज़ी क्यों है?

आज के वैश्विक परिदृश्य में अंग्रेज़ी भाषा ने कानून और चिकित्सा जैसे अत्यंत विशिष्ट और तकनीकी क्षेत्रों में लगभग सर्वमान्य भूमिका प्राप्त कर ली है। यह स्थिति अचानक नहीं बनी, बल्कि इसके पीछे ऐतिहासिक घटनाएं, उपनिवेशवाद, वैज्ञानिक शोध, वैश्विक मानकीकरण और वर्तमान शैक्षणिक कार्यप्रणाली जैसे अनेक कारक जिम्मेदार हैं।

ऐतिहासिक विरासत और उपनिवेशवाद का प्रभाव

18वीं और 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश साम्राज्य ने विश्व के बड़े हिस्से पर शासन किया। अफ्रीका से लेकर एशिया और उत्तरी अमेरिका तक, ब्रिटिश शासन ने प्रशासन, शिक्षा, चिकित्सा और न्याय प्रणाली को अंग्रेज़ी में ढाल दिया। भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में अंग्रेज़ी उसी काल से अधिकारिक और शैक्षणिक भाषा बनी हुई है। अमेरिका, भले ही ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ, लेकिन उसने भी अंग्रेज़ी को ही चिकित्सा और विधि के मानक साहित्य और कामकाज की भाषा बनाए रखा।

वैश्विक मानक ग्रंथ और तकनीकी शब्दावली

विश्व की प्रमुख चिकित्सा और विधिक पुस्तकें जैसे GrayÓs Anatomy, Robbins Pathology, BlackÓs Law Dictionary या DSM-z आदि अंग्रेज़ी में ही लिखी गई हैं और इन्हें पूरे विश्व में संदर्भ ग्रंथों के रूप में स्वीकार किया गया है। उच्च शिक्षा का माध्यम, शोध प्रकाशन और विशेषज्ञ प्रशिक्षण लगभग पूरी तरह से अंग्रेज़ी में होते हैं।

इसका एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि वैश्विक स्तर पर डॉक्टरों, वकीलों, न्यायाधीशों, शोधकर्ताओं और छात्रों को एक समान तकनीकी शब्दावली और भाषा में संवाद करना व सीखना होता है, इन तकनीकी विषयों की शब्दावली में एकरूपता होने से इन्हें समझने में सुविधा होती है जिससे भ्रम और अनुवाद की त्रुटियाँ भी नहीं होती है। यह विशेष

रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इन क्षेत्रों में भाषा की अस्पष्टता सीधे लोगों के जीवन, स्वास्थ्य और न्याय से जुड़ी होती है।

बहुभाषी देशों में अंग्रेज़ी की व्यावहारिक अनिवार्यता

दुनिया के अधिकांश देश जैसे भारत, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, स्विट्ज़रलैंड या अमेरिका – सभी में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं। ऐसी स्थिति में यदि प्रत्येक देश की स्थानीय भाषा को चिकित्सा या न्याय प्रणाली की भाषा बनाया जाए तो न केवल अनुवाद और व्याख्या में कठिनाई होगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग, चिकित्सा अनुसंधान और सीमा-पार न्याय व्यवस्था में भी बाधाएं आएंगी। एक बात को विशेष रूप से समझने की आवश्यकता है कि चिकित्सा, न्याय और विज्ञान के आधुनिक शोध और तमाम कार्य प्रणालियां पाश्चात्य देशों में ही विकसित हुई है ।जो मूल रूप से अंग्रेजी में ही उपलब्ध होती है जिसे लगभग विश्व के सभी देशों ने निर्विवाद रूप से स्वीकार किया जाता है क्योंकि उसका तुरंत अपने-अपने देशों की भाषाओं में अनुवाद करना असंभव होता है।इसीलिए फिलहाल व्यापक जनहित में अंग्रेज़ी का प्रयोग एक व्यावहारिक समाधान है, क्योंकि यह विशेषज्ञों का शिक्षण प्रशिक्षण आसान बनाती है उन्हें आपस में जोड़ती है और एक मानकीकृत प्रणाली उपलब्ध करती है जो आमतौर पर आम लोगों के लिए भी सुविधाजनक होती है।

भाषायी असमानता की चुनौती और नैतिक जिम्मेदारी

यह भी सच्चाई है कि अंग्रेज़ी के वर्चस्व के कारण दुनिया के कई देशों के आम नागरिकों को भाषा की वजह से न्याय और स्वास्थ्य सेवाओं को समझने में कठिनाई होती है। विशेषकर विकासशील देशों में जहां बहुभाषिकता के कारण शिक्षा के माध्यम पर विवाद है, शिक्षा का स्तर भी असमान है, वहां अंग्रेज़ी माध्यम एक अवरोध बन जाता है। इससे सबसे अधिक नुकसान उन लोगों को होता है जो कम पढ़े-लिखे हैं या अंग्रेज़ी से परिचित नहीं हैं।

इस स्थिति को सुधारने की जिम्मेदारी हमारे शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, चिकित्सा विशेषज्ञों, न्यायविदों, अनुवादकों और नीति-निर्माताओं पर है। यदि ये मिलकर ठान लें, तो स्थानीय भाषाओं में भी उच्च गुणवत्ता की पाठ्य सामग्री, तकनीकी शब्दावली, शब्दकोश और जनहितकारी न्यायिक व चिकित्सा प्रक्रिया विकसित की जा सकती है परंतु यह कार्य सरल नहीं है इसकी गहराई और जटिलता को समझने की आवश्यक है।

वर्तमान में अंग्रेज़ी का प्रयोग: एक नीतिगत मजबूरी

आज के वैश्विक परिवेश में जब चिकित्सा विज्ञान और न्याय प्रणाली तेजी से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक-दूसरे से जुड़ हुई हैं – जैसे कि WHO के दिशा-निर्देश, अंतरराष्ट्रीय न्यायालयों के निर्णय, या सीमा-पार रोग नियंत्रण, विज्ञान की शोध सामग्री के लिए अंग्रेजी की निर्भरता– वहां एक मानक साझा संपर्कभाषा की आवश्यकता अपरिहार्य है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

विश्व सरकार हो

विश्व सरकार हो तो हथियारों की होड़ न हो, किसी राष्ट्र को सेना रखने की भी इतनी ज़रूरत न पड़े । सम्पूर्ण मानवता के लिए भी यह शुभ हो, बाह्य सुरक्षा पर खर्च आने वाला धन विकास पर लगे ।। - **अर्पित अनाम**

विश्व सरकार हो

संविधान की प्रस्तावना बिलकुल वही होनी चाहिए... जो आदरणीय बाबा साहिब द्वारा रखी गयी थी... उनकी प्रस्तावना को कांग्रेस ने बदला.... और उसमें "सेक्युलर" शब्द जोड़ा "समाजवादी" शब्द जोड़ा... बाबा साहिब के उस मूल संविधान प्रस्तावना को... पुनः संविधान में स्थापित करने का काम तत्काल होना चाहिए...! - **कुमार संतोष**

न किसी से लगाव

न किसी से लगाव रहे, न किसी से जुड़ाव रहे..! खुद में डूब जाओ इतना कि, न किसी का प्रभाव रहे..! कोई चाहकर भी तुम्हें आहत न कर सके, ऐसा अपना स्वभाव रहे..! बना लो खुद को ऐसा कि, अभाव का ही न भाव रहे..!! - **अरूणा राव**

हर बरसात पूर्व लक्ष्य सरकार

हर बरसात पूर्व लक्ष्य सरकार के पौधारोपण जोरों पर भूजल संरक्षण निष्ठा से सफाई व्यवस्था की पूर्व तैयारी समय पर किताब और यूनिफॉर्म अस्पताल में पर्याप्त दवाई उखड़ी सड़को की मरम्मत अधूरे भवनों को शीघ्र पूर्ण करना बाढ़ से बचने अग्रिम कार्यवाही इन सबके बीच जल्दी आ जाती है बारिश लक्ष्य की असफलता पर लिखना शुरू करते हैं लोग विपक्ष के शोर से सत्ता की चुप्पी तक साल दर साल यही हाल है मेरे देश की प्रणाली सचमुच कमाल है। - **संत आर थवाइत**

दिल वो किताब है जो कोई

दिल वो किताब है जो हर कोई पढ़ नहीं पाता, हर एक जज़्बा लफ़्ज़ों में ढल नहीं पाता। टूटकर भी ये मुस्कुराना जानता है, दिल हर दर्द को चुपचाप सह जाता है। - **मधुबाला मौर्या**

महानता कब हुई यहां युगों की

महानता कब हुई यहां युगों की मोहताज़ तुम भी रच सकते हो एक रामायण आज राम और सीता किसने कहा- कि इनका युग बीता? भरत और लक्ष्मण आज भी कर सकते हो तुम ऐसे किरदारों का अनावरण कारण ये कि तुम बस राम राम ही रटते रहे और दिनोंदिन बस घटते रहे बाहर की आँखों का देखा प्रायः भ्रांतिमान होता है मरा मरा जपने से भी कदाचित किसी वाल्मीकि का अभ्युत्थान होता है.... - **प्रियंवदा अवस्थी**

आजकल इश्क़ के फूल खिलते नहीं,

आजकल इश्क़ के फूल खिलते नहीं, बेवफ़ाई के भी कांटे चुभते नहीं। अब मिलन दो दिनों में ही होने लगा, अब प्रतीक्षा में दो दिल तड़पते नहीं। रोज़ रिश्ता नया हम बना लेते हैं , बीते रिश्तों को हम मान देते नहीं। इन नये रिश्तों का हश्र हम क्या कहें, जब भी मकसद हुआ पूरा दिखते नहीं। खोटे सिक्कों का बढने लगा है चलन, आज बाज़ार में अस्ल चलते नहीं।

- **संजय दानी**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आपके लिये आज का दिन आशा से कम लाभदायक लेकिन फिर भी संतोषजनक रहेगा। संतोषी प्रवृति रहने के कारण व्यर्थ की उलझनों से बचे रहेंगे।

वृष: आज के दिन आपके स्वभाव में आलस्य अधिक रहेगा। लापरवाहि में लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते है सतर्क रहें।

मिथुन: आज के दिन आपका स्वभाव बात-बात पर गरम होगा। किसी से किया वादा पूर्ण ना करने पर अपमानित होना पड़ेगा।

कर्क: आज का दिन भी भाग-दौड़ में बीतेगा। दिन के आरम्भ से ही किसी कार्य को करने के लिए व्यस्त हो जाएंगे।

सिंह: आज के दिन आप अपनी बात मनवाने के लिये सामने वाले पर नाजायज दबाव बनाएंगे।

कन्या: आज के दिन आप लापरवाहि ज्यादा करेंगे। छोटी-छोटी गलती भी आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती है।

तुला: आज का दिन संघर्ष से भरा रहेगा। दिन के आरंभ में ही कोई दुखद घटना से मन बेचैन रहेगा। दिनचार्य आज अस्त-व्यस्त ही रहेगी।

वृश्चिक: आज आप अपने अभिमानी स्वभाव के कारण घर मे बैठे बिठाये झगड़ा मोल लेंगे इसके विपरीत कार्य अथवा सामाजिक क्षेत्र पर ऐश्वर्य वृद्धि होगी।

धनु: आज का दिन भी आपके अनुकूल बना रहेगा लेकिन आज स्वभाव में थोड़ी तल्खी रहने से आपसी व्यवहारिकता में कमी आएगी।

मकर: आज आप धार्मिक कार्यो के लिये अपने नियत कार्यक्रम को रद्द करेंगे जिससे बाद में अधिकांश कार्य अस्त-व्यस्त होंगे।

कुंभ: आज का दिन भी प्रतिकूल रहेगा। शारीरिक रूप से असमर्थ रहने के कारण आवश्यक कार्यो में विलंब होगा स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

मीन: आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा। स्वभाव में थोड़ी तेजी रहने के कारण किसी के मार्गदर्शन को भी अहम से जोड़ेंगे।

सूर्योदय : 05:41, सूर्यास्त : 07:20, चन्द्रोदय : 11:57, चन्द्रास्त : 23:56, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी (11:58 से अष्टमी), नक्षत्र : उत्तराफल्गुनी (11:07 से हस्त), योग : वरीयान् (17:47 से परिघ), प्रथम करण : वणिज (11:58 तक), द्वितीय करण : विष्टि (24:59 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : कन्या, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) सीमा शुल्क किस प्रकार का कर है?

2) भारत का पहला वाणिज्यिक बैंक कौन सा था?

3) हाल ही में मंगल ग्रह के लाल रंग का संबंध किस लौह-युक्त खनिज से पाया गया है?

4) हाल ही में खबरों में रही रुशिकुल्या नदी किस राज्य से होकर बहती है?

5) हाल ही में किस राज्य में एक दुर्लभ पेट्रीफाइड जीवाश्म पाया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अप्रत्यक्ष कर (2) बैंक ऑफ हिंदुस्तान (3) हेमेटाइट (4) ओडिशा (5) झारखण्ड

शब्द सागर

डॉक्टर डे : विधायक ने किया चिकित्सकों का सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधायक निवास में चिकित्सकों को सम्मानित किया। सिन्हा ने कार्य के प्रति समर्पण एवं त्याग की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल चिकित्सकों के कार्य को याद करने का दिन नहीं है बल्कि, इस दिन चिकित्सकों के त्याग, समर्पण और सभी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के जुनून का सम्मान करने के लिए मनाते हैं। आगे कहा कि चिकित्सकों के बिना जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल लगता है और यही वजह है कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। चिकित्सकों का जीवन केवल 8 या 10 घंटे की नौकरी नहीं होती। दिन के 24 घंटे में कभी भी उनकी जरूरत पड़ जाती है। मरीजों के शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना और उनका इलाज करना एक चिकित्सक का महत्वपूर्ण कर्तव्य होता है। जिनका निर्वहन एक चिकित्सक जीवनभर करता है। चिकित्सक कभी भी रिटायर नहीं होता। वे हमेशा मरीज के दर्द को दूर करने के लिए तैयार रहते हैं। हमें भी चिकित्सकों को केवल एक दिन नहीं, बल्कि प्रत्येक दिन सम्मान देना चाहिए।

शासकीय भवनों के रिडेवलपमेंट से शासकीय कर्मचारियों को मिलेगा लाभ : योगेश्वर

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय भूमि के व्यवस्थित विकास और सदुपयोग के लिए रिडेवलपमेंट योजना अंतर्गत 7 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इसमें शांति नगर रायपुर, बीटीआई शंकर नगर रायपुर, कैलाश नगर राजनांदगांव, चांदनी चौक फेस-2 जगदलपुर, सिविल लाइन कांकेर, कटघोरा कोरबा और क्लब पारा महासमुंद शामिल है। इस सौगात के लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पुराने शासकीय भवनों के रिडेवलपमेंट से शासकीय कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और विस्तृत कर दिया है। अब इस योजना का लाभ खरीफ2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा। खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि राज्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेते हुए लॉजिस्टिक सेक्टर तथा ई-कॉमर्स की राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को लॉजिस्टिक हब की स्थापना के लिए निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। राज्य की भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश के उद्योगों, व्यापारियों और किसानों को सस्ती भंडारण सुविधा मिलेगी। प्रदेश में लॉजिस्टिक में लगने वाले लागत कम होने से व्यापार, निवेश एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री परिषद का महत्वपूर्ण निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भविष्य में सेवानिवृत्ति के समय पेंशन भुगतान संबंधी दायित्वों के बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ पेंशन फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्री परिषद द्वारा वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के अंतर्गत उच्च श्रेणी पंजीयन लिपिक/रिकॉर्ड कीपर से तृतीय श्रेणी कार्यपालिक, उप पंजीयक के पद पर पदोन्नति के लिए विहित 05 वर्ष की न्यूनतम अर्हकारी सेवा को केवल एक बार के लिए न्यूनतम अर्हकारी सेवा 02 वर्ष निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा राज्य के कुछ कानूनों के प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण करने के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जन विश्वास विधेयक से व्यवसाय व जीवनयापन में सहजता बढ़ेगी।

शाला के संयुक्त रूप घढुला में शाला प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम घठुला में शासकीय माध्यमिक शाला घठुला में शाला प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी उपास्थित हुईं। नए प्रवेशी बच्चों को तिलक लगा कर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया है। वहीं उन्हें गिफ्ट के रूप में नि:शुल्क रूप से पाठ्य पुस्तक दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बीरेन्द्र मिश्रा, सरपंच सरिता ध्रुव, भाजपा बेलर मंडल महामंत्री मोनू साहू, गोवर्धन यादव, उत्तम साहू, कीर्तु साहू, मानिक पटेल सहित पंचगण के आतिथ्य में संपन्न हुआ, कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य राजेश कश्यप, शिक्षकओ. पी.साहू, सी.एलसाहू, एच.के.जागड़े,.नेताम,एन.के.कौशल,ए.मेमन,एस.के .रेड्डी, तेजनाग, ईश्वर पटेल सहित हाईस्कूल , माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला के समस्त स्टाफ व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन प्राथमिक शाला कमारपारा

नगरी/नवप्रदेश। शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन दिन सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला कमारपारा अमाली में हिरौंदी बाई ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत अमाली के मुख्य आतिथ्य एवं जीत बाई सेन उपसरपंच, देवकुमार कश्यप वार्डपंच, तिलेश्वरी ध्रुव वार्डपंच, फुलेश्वरी मरकाम, दुर्गेश ध्रुव के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम नवप्रवेशित बच्चों को अतिथियों के व्दारा गुलाल चंदन कर मुंह मीठा कराया गया तत्पश्चात् नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक, नि:गणवेश,टी शर्ट, लोवर एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया।अतिथियों के द्वारा मानव जीवन में शिक्षा की महत्ता एवं आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पुरूषोत्तम कुमार,मनोज कुमार, सेवन यादव, सपुरा बाई, दुर्गा बाई, दुखिया बाई,धनवन्तीन बाई, पूजा बाई,देवन्तीन बाई,ओमबती, सरस्वती, राखी बाई के साथ बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक सिधेश्वर कुमार साहू एवं आभार व्यक्त शिक्षिका श्रध्दा के व्दारा किया गया।

5 को निकाली जाएगी बाडुड़ा यात्रा

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ करण महांती समाज, तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में 5 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। 27 जून को रथयात्रा में जगन्नाथ भगवान, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को रथ में बैठकर अपने मौसी के घर पहुंचे, दशमी को बाहुड़ा यात्रा के रूप में घर वापस लौटेंगे। 5 जून को शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए शोभा यात्रा के रूप में बाहुड़ा यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचेगी।

सर्वर में खराबी, एक पाठ्यपुस्तक में दो बार कोड और कई में बार कोड की प्रिंटिंग सही न होने से बना परेशानी का सबब

पुस्तकों के बिना छात्र- छात्राएं पहुंच रहे हैं स्कूल

महासमुंद/नवप्रदेश। नए शिक्षा सत्र के 16 दिन बीत जाने के बाद भी सरकारी स्कूलों में मांग अनुसार पाठ्यपुस्तकें नहीं मिल पाई है। जो पाठ्यपुस्तकें मिली हैं उनके बारकोड की स्कैनिंग न होने से वितरण भी नहीं हो पा रहा है। जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

पिछले साल सरकारी किताबों के कबाड़ खाने में मिलने के बाद इस नए सत्र से शासन ने हर सरकारी किताब में एक बारकोड लगाकर भेजा है। वितरण से पहले इन बारकोड को एक ऐप के जरिए स्कैन करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन सर्वर डाउन या खराबी, एक पाठ्यपुस्तक में दो बार कोड और कई पाठ्यपुस्तकों में बार कोड की प्रिंटिंग सही न होने की वजह से बारकोड स्कैन करना परेशानी का सबब बन गया है। नया शिक्षण सत्र शुरू हुए 16 दिन बीत जाने के बाद भी स्कैनिंग का काम पूरा नहीं हो पाया है। इधर, बारकोड स्कैन किए बिना किताबों के वितरण पर रोक है। ऐसे में स्कैनिंग का काम पूरा होने के बाद ही इसका वितरण हो पाएगा। शिक्षकों ने भी अपने स्तर पर पाठ्यपुस्तकों की स्कैनिंग में आ रही समस्या के विषय में विभाग में शिकायत की है। लेकिन अब तक इसका भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। किताबों के स्कैन न होने से वितरण का काम भी अटका हुआ है। 16 दिनों बाद भी बच्चे बगैर किताबों के स्कूल पहुंच रहे हैं।

बारकोड से ट्रैस होगा किताबें

ज्ञात हो कि पिछले साल भारी मात्रा में सरकारी किताबें कबाड़ में मिली थी। जिसे देखते हुए इस बार सभी किताबें के बाहर एक बारकोड लगाया गया है। बारकोड से किताबों को ट्रैस किया जा सकेगा। यदि कोई इन किताबों को कबाड़ खाने में बेचता है तो बारकोड से यह पता चल जाएगा कि किताब किस स्कूल में बांटी गयी थी।

पौने तीन लाख किताबों की हुई स्कैनिंग, नहीं मिलीं पूरी किताबें : जिले में पहली से आठवीं तक 2 लाख 13 हजार 950 और 9 वीं से 10 वीं तक की 1 लाख 68 हजार 14 पाठ्यपुस्तकें मिली है। जिसमें से 2 लाख 74 हजार 275 पाठ्यपुस्तकों की स्कैनिंग (71.8 प्रतिशत) हो पाई है और अभी भी 1 लाख 7 हजार 689 स्कैनिंग के लिए शेष है। इन स्कैनिंग हुई पाठ्यपुस्तकों में से 1 लाख 49 हजार 49 वितरित हो पाई है। इधर, जिला शिक्षा विभाग की मांग के अनुरूप भी पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार जिले में पहली से आठवीं तक लगभग 9 लाख पाठ्यपुस्तकों की जरूरत है जिसके एवज में अभी 2 लाख 13 हजार 950 और 9वीं व 10वीं के लिए लगभग 2 लाख पाठ्यपुस्तक की मांग पर 1 लाख 68 हजार 14 पाठ्यपुस्तकें प्राप्त हुई है। पाठ्यपुस्तकों की कमी और स्कैनिंग न होने से वितरण में समस्या आ रही है जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

> हाईस्कूल की अधिकांश किताबें आ चुकी हैं। पहली से आठवीं तक की किताबें कम मिली है। लेकिन उनके आने का क्रम जारी है। रही बात बारकोड स्कैनिंग की तो सर्वर डाउन, दो बार कोड व बारकोड की प्रिंटिंग सही न होने के कारण समस्या आ रही है इसलिए स्कैनिंग में देर हो रहा है। जैसे-जैसे बारकोड की स्कैनिंग हो रही है, किताबों का वितरण हो रहा है।
>
> **विजय कुमार लहरे,** जिला शिक्षा अधिकारी, महासमुंद

ट्रक से 75 लाख का 5 क्विंटल गांजा बरामद, ड्राइवर गिरफ्तार

■ **ओडिशा से गांजा उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे**

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने टेमरी नाका में घेराबंदी कर एक ट्रक से 500 किलो गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत 75 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर नारकोटिक एक्ट 20(ख) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कोमाखान प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर को मंगलवार को पट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ट्रक से गांजा लेकर ओडिशा से महासमुंद की ओर आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर कोमाखान पुलिस टीम ने टेमरी नाका पर ओडिशा से जिले में प्रवेश हो रहे ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीआर 9833 को रोका। ट्रक चालक ने पूछताछ में अपना नाम-पता ग्राम संबलपुर, थाना जसराना, जिला फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश निवासी विजय कुमार राजपूत (40) बताया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो 20 प्लास्टिक बोरियों में गांजा मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ओडिशा रायगढ़ा से पहले जेकेपुर भीष्मकटक रेल्वे स्टेशन से 30 किलोमीटर अंदर जंगल से झांसी उत्तर प्रदेश निवासी अंकित राय ने किसी व्यक्ति से गांजा बोरियों में आईसर ट्रक की डाला में भरकर मुझे भीष्मकटक रेल्वे स्टेशन के पास रोड में दिया व अंकित राय ट्रेन से वापस नागपुर चला गया। गांजा का पैसा अंकित राय ने दिया है।

गोरेगांव में शाला प्रवेश उत्सव पर हुआ गणवेश और पुस्तक वितरण

नगरी/नवप्रदेश।सिहावा समीपस्थ संकुल केंद्र अमाली अंतर्गत प्राथमिक/ माध्यमिक शाला गोरेगांव में 30/06/2025 को शाला प्रवेशोत्सव गोरेगांव में कन्हैयालाल नाग सरपंच गोरेगांव के मुख्य आतिथ्य एवं कौशल प्रसाद साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव के अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि जीवन लाल यादव उपसरपंच, संतराम यदुराज ग्राम पटेल, नारद राम साहू, ओम प्रकाश नेताम, किरण साहू चेतू राम साहू, सुनीति बाई, कुंती बाई कृष्णा बाई,आशा गौर,लोकेश बंजारे, संतोषी निषाद,लता साहू थे। मां सरस्वती के तेल चित्रों पर पूजा अर्चना कर सर्वप्रथम नव प्रवेशी बच्चों को अतिथियों के द्वारा गुलाल व चंदन लगाकर मुंह मीठा कराया गया ।तत्पश्चात निशुल्क पाठ्य पुस्तक निशुल्क गणेश शिक्षण सामग्री वितरण किया गया अतिथियों के द्वारा कक्षा पहली व छठवीं के नव प्रवेशी छात्रों को जलेबी खिलाकर मुंह मीठा करवाया। सरपंच द्वारा अनुष्ठान की व्यवस्था किया गया था। सरपंच कन्हैयालाल नाग ने सभा को संबोधित करते हुए कहां की हमारे जीवन में शिक्षा की महत्व एवं आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को खीर पुरी खिलाकर सम्मान किया गया। छात्र-छात्राएं गणवेश,पुस्तक प्राप्त कर प्रसन्न मुद्रा में दिखाई दिए। कौशल प्रसाद साहू प्रधान पाठक ने अपने संबोधन में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं को अतिथियों के समक्ष रखा एवं शाला? क्षंप्रवेश उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला।उक्त अवसर पर शिक्षक राकेश चंद्रप्रभा साहू गीतांजलि मेश्राम, ईश्वरी ऐल्मा, गंगा यादव, ऋषिकेश साहू,.लावण्या सार्वा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा मां के नाम एक पेड़ लगाया गया साथ में सुरक्षा करने को कहा।कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक चुलेश्वरी पायल व आभार प्रदर्शन राकेश कुमार कोसरिया शिक्षक द्वारा किया गया।

कलेक्टर ने पीएचसी अर्जुनी का किया निरीक्षण

■ **भवन क़ा तकनीकी परीक्षण कर मरम्मत कराने के निर्देश**

कसडोल/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार क़ो विकासखंड कसडोल के दौरे पर निकले। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी 'ब' का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भवन में जगह -जगह टूट -फूट होने और स्लैब के धंसने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सीज़ीएमसी के इंजीनियर क़ो तकनीकी परीक्षण कराकर रिपोर्ट उच्च कार्यालय क़ो प्रेषित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने अस्पताल के चिकित्सक क़क्ष, एक्सरे रूम, महिला वार्ड, दवा वितरण क़क्ष, नेत्र परीक्षण क़क्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होने अस्पताल में स्टॉफ की संख्या, उपस्थिति, माह में डिलीवरी की संख्या, दवाईयो की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। ईलाज के लिए आने वाले ग्रामीणों के साथ अच्छा व्यवहार तथा अस्पताल की साफसफाई पर ध्यान देने कहा

बताया गया कि पीएचसी भवन अर्जुनी का निर्माण सीज़ीएमएससी द्वारा वर्ष 2018 में किया गया है लेकिन तकनीकी खामी के कारण भवन के फर्श, दीवाल व स्लैब खराब हो रहे हैं। 10 बिस्तरीय अस्पताल में आरएमओ सहित कुल 9 स्टॉफ पदस्थ हैं। इस अस्पताल में हर माह लगभग 12 से 14 डिलीवरी होता है।बरबसपुर में उल्टी -दस्त प्रभावितों का लिया जायजा-कलेक्टर सोनी ने ग्राम बरबसपुर पहुंचकर उल्टी -दस्त से पीड़ित ग्रामीणों का हाल- चाल जाना और स्वास्थ्य के बारे में पूछ -ताछ की। ग्रामीणों ने बताया कि 4 लोगों क़ो उल्टी- दस्त की शिकायत थी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाया गया था। एक मरीज सीएचसी पलारी में भर्ती है। सभी की स्थिति अब ठीक है। कलेक्टर ने ग्रामीणों क़ो ताजा भोजन ग्रहण करने, पानी उबाल कर पीने तथा दूषित भोजन का परहेज करने की समझाईश दी। इस दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत पीएचई द्वारा बनाये गए पानी टंकी एवं बोर का भी अवलोकन किया और टंकी में पानी भरने व घर तक सप्लाई शुरु करने अधिकारियों क़ो निर्देशित किया।उन्होंने गांव के महामाया तालाब क़ो अमृत सरोवर के तहत विकसित करने सौन्दर्यीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार करने कहा।इस दौरान एसडीएम आर. आर.दुबे, सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, बीएमओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

रिडेवलपमेन्ट योजना के अंतर्गत स्वीकृति पर जताया आभार

महासमुंद/नवप्रदेश। क्लब पारा मेन रोड महासमुंद के पुराने शासकीय अनुपयोगी भवन के व्यस्थित विकास और सदुपयोग के लिए रिडेवलपमेन्ट योजना के अंतर्गत स्वीकृति पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निवास पहुंचकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद नानू भाई, पार्षदगण पीयूष साहू, सीता डोंडेकर, माखन पटेल, भाजपा मण्डल मंत्री उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, अनूसूचित जाति मोर्चा शहर मण्डल अध्यक्ष सोनाधर सोनवानी, शरद मराठा, गौरव राठी, रोशन बग्गा ने गुलदस्ता, शॉल, श्रीफल भेंटकर आभार व्यक्त किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि शासन की रिडेवलपमेन्ट योजना के तहत शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 स्थित पुराने सिविल क्वार्टरों में कॉम्प्लेक्स व फ्लैट निर्माण लगभग 7400 लाख की लागत से होगा।

समाजवादियों ने ओपी साहू के नेतृत्व में मनाया पार्टी अध्यक्ष का जन्म दिन

धरसीवां/नवप्रदेश। समाजवादी पार्टी गठबंधन के मजबूत स्तंभ उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष का जन्मदिवस डॉ ओमप्रकाश साहू के दिशा निर्देशन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया। रायपुर में जिलाध्यक्ष बृजेश चौरसिया की अध्यक्षता में राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष इमानवेल सिंह और दुर्ग में बृजेश सिंह यादव भिलाई में विनोद सिंह ने जन्मोत्सव की अध्यक्षता की इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ओमप्रकाश साहू जी मुख्य अतिथि ने एक कार्यकर्ता एक वृक्ष के संकल्प के साथ जन्मोत्सव मनाया । धरसीवां में नशीबखान, बलौदाबाजार में माधवप्रसाद साहू,बेमेतरा में अनिल साहू अकलतरा में जयदास मानिकपुरी, भाटापारा में तीरथ साहू सूरजपुर ईश्वर सारथी, कोरबा में शैलेन्द्र यादव मनेंद्रगढ़ में मनोज यादव ने साथी कार्यकर्ताओं के साथ राष्टीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से कही फल वितरण कर कही केक काटकर तो कही वृक्षारोपण करके मनाया और माननीय राष्टीय अध्यक्ष जी के दीर्घायु की कामना किए।

धरना प्रदर्शन... चार सूत्रीय मांगों के लिए किया गया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन उसके बाद ज्ञापन सौंपा गया

युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षकों ने की अपनी आवाज बुलंद

नगरी/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग के दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण के खिलाफ नगरी ब्लाक के हजारों शिक्षक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए, जिससे नगरी ब्लाक के पूरे स्कूलों में तालाबंदी की स्थिति निर्मित हो गई। शिक्षक साझा मंच विकासखंड नगरी द्वारा आज अपने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण एवं जिलाधीश के नाम ज्ञापन ब्लाक संचालकों के नेतृत्व में रैली निकालकर एसडीएम नगरी को सौपा गया।

रावणभांटा मैदान मे शिक्षक साझा मंच के बैनर तले सैकड़ों की संख्या मे ब्लाक के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने 4 सूत्रीय मांग के समर्थन में जमकर नारेबाजी कर स्कूलों में लागू की गई युक्तियुक्तकरण का जमकर विरोध किया गया।ब्लॉक संचालक शैलेन्द्र कौशल ने बताया कि आज नगरी विकासखंड के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने 4 सूत्रीय मांगों के लिए बरसते पानी की परवाह न करते हुए धरना स्थल पर अपनी आवाज बुलंद करने आये हुए है। शासन को युक्तियुक्तकरण नियम 2024 के अनुसार हुए युक्तियुक्त करण को निरस्त कर 31 मार्च 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्त करण करने,क्रमोनीति का जनरल आर्डर जारी करने, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर विख्यात एवं प्राचार्य प्रमोशन में क्ब्श्स्त्र की अनिवार्यता को शिथिल करने आदि मांग शामिल है, जिस पर शासन को संज्ञान में लेकर तत्काल समाधान करना चाहिए। ब्लॉक संचालक पदुमलाल साहू ने अपने कहा कि युक्तियुक्तकरण के कारण न सिर्फ शिक्षक बल्कि विद्यार्थियों एवं पालकों को भी नुकसान हुआ है जिसका जीवंत उदाहरण यह है कि जगह-जगह शालाओं में तालाबंदी की खबरें सुनने मिल रही है। शरीफ़ बेग मिर्जा,तिरथराज अटल, टीकमचंद सिन्हा,तोमल साहू,सुरेश ध्रुव,प्रकाशचंद साहू एवं कैलाश सोन ने कहा कि युक्तियुक्तकरण शिक्षा विभाग का काला अध्याय के रूप में जाना जाएगा, आज एक शिक्षक जो कई वर्षों से जिस स्कूल में सेवा दे रहा था वह अतिशेष होकर अपने स्कूल से दूर अन्यत्र जिला में उसकी पदस्थापना की जा रही है। जिसका विरोध शिक्षक साझा मंच करती है। एकदिवसीय धरना प्रदर्शन में ललित प्रसाद शर्मा,जशपाल खनूजा,जोहन नेताम,सुरेश ध्रुव,डोमार ध्रुव,गजानंद सोन,लोचन साहू,अमृतलाल साहू, राजकुमार सील, सावित्री साहू,ममता प्रजापति, शशि कला बैरागी,चुलेश्वरी पायल,नरेश सोम,पवन साहू,महेश कोषरे,यशपाल साहू एवं सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

दिशा की बैठक में जनपद, महिला बाल विकास, नपं, शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचार की पोल खुली

■ कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की निगरानी के लिए बनाई गई दिशा समिति की बैठक में सदस्यों के सवालों पर विभागीय अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। मंगलवार शाम को आयोजित दिशा समिति की मैराथन बैठक 4 घंटे से अधिक समय तक चली। सांसद संतोष पांडे की अध्यक्षता में हुई बैठक में वन, सिंचाई, पीएचई, पंचायत, नगर पालिका, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित दर्जन भर से अधिक विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई।

समिति के सदस्यों ने विभागीय कार्यो मे गड़बड़ी, लापरवाही और भ्रष्टाचार को लेकर तीखे तेवर दिखाए। सांसद प्रतिनिधि व दिशा समिति के सदस्य भागवत शरण सिंह ने 15 वें वित्त की राशि में जनपद पंचायत छुईखदान में व्यापक स्तर पर गड़बडियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत से 15 वें वित्त की राशि सीधे वेंडर के खाते में भुगतान किया जाना गंभीर मामला है।

सिंह ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग में पोषण आहार में गर्म भोजन के नाम पर गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद भी जिम्मेदारी तय न होना आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 19-20 से लेकर अब तक वन विभाग के माध्यम से लगभग 4 करोड़ रुपये पौधरोपण में खर्च किए गए हैं। ज़मीनी स्तर पर 10 प्रतिशत पौधे भी पेड़ नहीं बन पाए। नगरपालिका में 15 वें वित्त की राशि से 35 लाख रुपए की डी कम्पोस्ट मशीन को ग्रीन नेट से ढँकने और जल आवर्धन योजना का कार्य लापरवाही से किये जाने पर भी सवाल किये। डुबान में आने वाले लोगों को मुआवजा भी नहीं दिया गया। सिंचाई विभाग के ईई मरकाम ने ठेकेदार की राशि रोकने व नोटिस जारी किए जाने की जानकारी दी।

तीन साल में नहीं बन पाया स्कूल भवन, मरम्मत भी नहीं हुई

जिले में तीन साल पहले स्वीकृत स्कूल जतन योजना के आधे-अधूरे कार्यो पर भी जमकर नाराजगी गई। खैरागढ़ ब्लाक के कट्टहा नवागांव व दपका में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण 3 वर्ष से अटकने पर शिक्षा अधिकारी को घेरा गया। मामले में शिक्षा विभाग गोलमोल जानकारी देने का प्रयास करते रहा।

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार ने नगर पंचायत गंडई में पूर्व में हुई अनियमितताओं को लेकर रोकी गई राशि का भुगतान आचार संहिता के दौरान सीएमओ द्वारा किए जाने पर सवाल खड़े किए। प्रधानमंत्री आवास योजनाओं में मनरेगा के माध्यम से 900 अकुशल मज़दूरों की मज़दूरी का भुगतान 3 वर्षों से न करने का मुद्दा भी उठाया गया। निज़ाम मंडावी ने वनाँचल में पीएम जनमन के माध्यम से ही रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल किए।

विधायक यशोदा वर्मा ने आयुष्मान योजना में हितग्राहियों को लाभ न मिलने का मुद्दा उठाया। यशोदा ने कहा कि मामूली इलाज में बड़ी राशि काट ली जाती है।

उठाए गए मुददों की जांच कर निराकरण करे : सांसद

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद संतोष पांडे ने बैठक में उठाए गए समस्त मुद्दों की जांच, कार्यवाही व उचित निराकरण करने के निर्देश दिये। सांसद ने कहा कि समस्त योजनाओं की सतत निगरानी होनी चाहिए। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बैठक में उठाए गए विषयों पर त्वरित रूप से जांच व कार्यवाही के निर्देश दिये।

■ न्यूज गैलरी

निगम के 3 कर्मचारी सेवानिवृत्त

राजनांदगांव। निगम में कार्यरत सहायक राजस्व अधिकारी जगीनराम चंद्रवंशी सहित लाइनमेन भागीरथी साहू व मजदूर कन्ना बाई सोनाऊराम बंजारे आज सेवानिवृत्त हो गए। निगम सभागृह में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावपूर्वक बिदाई दी गई। कार्यक्रम में उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू के रामटेके व दीपक खाण्डे द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया और अवकाश नगदीकरण का चेक दिया गया।

7 तक मिलेगा एकमुश्त राशन

बालोद। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत समस्त राशनकार्डधारियों को 3 महीने का चावल एक साथ वितरण की तारीख में वृद्धि करते हुए 1 सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि पूर्व में शासन द्वारा समस्त राशनकार्डधारियों को जून 2025 से अगस्त 2025 तक 3 महीने का चावल एक साथ वितरण करने की अंतिम तिथि 30 जून तक निर्धारित की गई थी। राज्य शासन द्वारा उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए 1 सप्ताह की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। 3 माह का एक साथ चावल प्राप्त करने शेष रह गए सभी राशनकार्डधारी संबंधित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से 1 सप्ताह के भीतर एक साथ तीन माह का चावल प्राप्त कर सकते हैं।

बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

कवर्धा। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एक से 5 जुलाई तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुंडा और कन्छेटा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति सुखचंद भास्कर, जनपद सदस्य अंबिका गोलू गोस्वामी, ग्रांप कुंडा सरपंच हरेन्द्र चंद्राकर, पंच प्रभु सिंगरोल व चैतन्य सोनी, स्कूल के प्राचार्य गुरदीप सिंह मक्कड़, प्रधान पाठक मौजूद थे।

ग्रामवासियों को रेंगाखार में ही मिलेगा राजस्व रिकॉर्ड : उपमुख्यमंत्री

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल, बैगा बहुल्य रेंगाखार जंगल तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विजय शर्मा स्वयं रेंगाखार के शासकीय स्कूल में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में पहुँचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी ली। रेंगाखार में आयोजित शिविर में कुल 631 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से अब तक 314 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों को 20 अगस्त 2025 तक निराकृत करने के निर्देश उप मुख्यमंत्री ने शिविर में ही संबंधित अधिकारियों को दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वनांचल क्षेत्र के निवासियों की राजस्व संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उप मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब रेंगाखार क्षेत्र के ग्रामीणों को अपने राजस्व रिकॉर्ड निकलवाने के लिए बोड़ला नहीं जाना पड़ेगा। सभी आवश्यक रिकॉर्ड अब रेंगाखार तहसील कार्यालय में उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को समय और संसाधन की बचत होगी। उन्होंने बोड़ला क्षेत्र के राजस्व अमले को भी रेंगाखार में ड्यूटी पर लगाने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी विशेष राजस्व शिविर 20 अगस्त को आयोजित किया जाएगा, जिसमें बचे हुए सभी आवेदनों का अंतिम रूप से निराकरण किया जाना चाहिए। इस दौरान जिपं अध्यक्ष ईश्वरी साहू, सदस्य राजकुमार मेरावी, पूर्व अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, एसडीएम रुचि शार्दुल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

बैगा बहुल्य क्षेत्र में एंबुलेंस सेवा की दी सौगात

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल, बैगा बहुल्य क्षेत्र रेंगाखार के निवासियों को स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी है। उप मुख्यमंत्री ने रेंगाखार प्रवास के दौरान निःशुल्क एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की और एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, कलेक्टर गोपाल वर्मा, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, एसडीएम रुचि शार्दुल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामवासी उपस्थित थे।

रिश्तेदार के वाहन का चालान कटा, धरने पर बैठे भाजपा नेता

खैरागढ़/नवप्रदेश। बिना हेलमेट और दस्तावेज के वाहन न चलाने की समझाईश के बाद अब दोपहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। नगरपालिका कार्यालय के सामने 78 वाहन चालकों से 33200 रुपए का चालान वसूल किया गया। ये कार्रवाई बिना हेलमेट वाहन चलाने, तीन सवारी होने पर की गई। वाहनों पर तीन सवारी होने के कारण कुल 29 प्रकरण में 8700 रु वसूल किये गए। बिना हेलमेट वाहन चालकों के कुल 49 प्रकरणों 24,500 रु का चालान किया गया। कार्रवाई के दौरान यातायात प्रभारी शक्ति सिंह सहित यातायात विभाग के जवान मौजूद रहे। नगरपालिका के सामने यातायात पुलिस की कार्यवाही के दौरान जिला भाजपा मंत्री शशांक ताम्रकार की महिला रिश्तेदार के वाहन का चालन किया गया। इसकी खबर मिलने पर शशांक मौके पर पहुंचे और सड़क पर धरने पर बैठ गए। ताम्रकार ने यातायात पुलिस पर महिला वाहन चालकों से दुर्व्यवहार करने, शहर के बीच चालानी कार्यवाही करने, जुर्माने की राशि और धाराओं को चालान में सही तरीके से न लिखने का आरोप लगाया। इसके कारण कुछ देर गहमागहमी की स्थिति रही। यातायात प्रभारी शक्ति सिंह ने उन्हें प्रकार की गडबड़ी न करने की समझाईश दी। पुलिस की समझाईश के बाद प्रदर्शन समाप्त किया।

शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक दीपेश, अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया

बेमेतरा/नवप्रदेश। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में प्रवेश उत्सव व नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने की। विधायक साहू ने नवनिर्मित अतिरिक्त कमरे का फीता काटकर लोकार्पण किया। विधायक सहित सभी अतिथियों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विधायक साहू ने स्कूल बिल्डिंग का निरीक्षण किया और शाला परिवार को जल्द नए भवन के लिए राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। विधायक दीपेश ने छात्र जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि इसी विद्यालय से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य को ध्यान में रखकर मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। छात्र-छात्राओं को 10 वीं या 12 वीं के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने निःशुल्क कोचिंग सेंटर श्री राम एकेडमी में एडमिशन ले सकते हैं। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष गौरव साहू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, पार्षदगण लक्ष्मी साहू, विकारा तम्बोली, आकिब मलकानी, चांदनी रोशन दत्ता, रवि मुलवानी, भाजपा नेता धर्मेंद्र साहू, कमलेश वर्मा, रेवा राम निषाद, राकेश वर्मा, ममता साहू, दीनानाथ साहू, डॉ. भुनेश्वर साहू, मनीष छाबड़ा, विजय लवानी, कोमल उपस्थित थे।

महापौर ने किया सीमेंट रोड और नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा वार्डों में विकास कार्य कराने की कड़ी में वार्ड नं. 7 के रामनगर और वार्ड नं. 24 के दीवान पारा में अधोसंरचना मद अंतर्गत 10-10 लाख रुपये की लागत से सीमेंट रोड वं नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। वार्ड नं. 24 में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद रवि सिन्हा, पूर्व पार्षद विजय राय और सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ सिंह राजपूत व शिवम यादव मौजूद रहे। वार्ड नं. 7 में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद तृप्ती पात्रे, समाजसेवी सुमीत भाटिया, शांति पात्रे उपस्थित थे। भूमिपूजन अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि वार्डो में विकास कार्य कराने विधायक डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शासन द्वारा अधोसंरचना मद से राशि स्वीकृत की गई है। पार्षदों की सहमति से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षद की अनुशंसा से प्राथमिकता तय कर वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे। भूमिपूजन से पहले वार्डवासियों ने महापौर का स्वागत किया। स्वागत करने वालो में मधु साहू, मंजूषा मण्डले, गायत्री शर्मा, मीरा वर्मा, वनिता मिश्रा, प्रदीप सिंह, विनोद भारती शामिल थे।

पर्यावरण संरक्षण का आव्हान

कवर्धा। दिल्ली पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये थीम निर्धारित की गई थी, जिसे ध्यान में रखते हुए ग्रीन हाउस के विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली विशेष प्रार्थना सभा प्रस्तुत की गई। सभा में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए एक लघु नाटक प्रस्तुत किया।

कलेक्टर शर्मा ने स्कूल, आंगनबाड़ी व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज नवागढ़ विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर शासकीय योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने क्लासरूम, शौचालय, पेयजल, मध्याह्न भोजन आदि व्यवस्थाओं की भी विस्तार से जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। विद्यार्थियों के साथ बेंच पर बैठकर शिक्षक द्वारा अध्यापन का बारीकी से अध्ययन किया। उन्होंने बच्चों को सामान्य ज्ञान और अंग्रेजी का पाठ भी पढ़ाया। बच्चों के साथ तस्वीर खिंचवाई और नीम का पौधा रोपा। कलेक्टर शर्मा ग्राम तेंदुभाटा और ग्राम कौराकापा के आंगनबाड़ी केंद्र पहुँचे और बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के पोषण और पूर्व शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज, दिव्या पोटाई, जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रवेश सिंह सिसोदिया, जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना, एसडीओ वन वीएच दुबे, जिला प्रबंधक नान अलका शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सड़कों से घुमन्तू मवेशियों को हटाएं | **समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के पुख्ता उपाय करें : कलेक्टर

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर बालोद जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने संबंधित विभागों के द्वारा सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु की जा रही उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा व नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट पहने पेट्रोल खरीदी हेतु आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को किसी भी स्थिति में पेट्रोल नही देने के संबंध में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को दोपहिया वाहनों में ट्रिपल सवारी करने वालों तथा माल वाहकों में सवारी ले जाने वाले वाहनों और वाहन चालकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौक-चौराहों और सड़कों पर विचरण करने वाले घुमन्तू मवेशियों को हटाने की व्यवस्था करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की सुबह 10 बजे कार्य स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शाम 05.30 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है। वे स्वयं संयुक्त जिला कार्यालय व जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में लगे बायोमेट्रिक मशीन की समय-समय पर जाँच करेंगे। उन्होंने समय पर और निर्धारित समयावधि तक अपने कार्यालय में उपस्थित न होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

जिला अस्पताल पहुंच मार्ग जर्जर, गड्ढों से हो रही दुर्घटना

■ शास्त्री ने भाजपा सरकार को घेरा, कहा-भाजपा कार्यालय पहुंच मार्ग बिना टेंडर के बना दिया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्व पार्षद युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने जिला अस्पताल पहुंच मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है। आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए शास्त्री ने कहा कि जिला अस्पताल जाने वाली सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश की वजह से सड़क में पानी भर जाता है जिससे गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाएं हो रही है। रोजाना सैकड़ों मरीज जिला अस्पताल इलाज के लिए आते हैं।

प्रसूती के लिये भी महिलाएं इसी रास्ते से 100 बिस्तर अस्पताल जाती हैं। सभी को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शास्त्री ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा कार्यालय पहुंच मार्ग बिना टेंडर के बना दिया गया लेकिन जिला अस्पताल की सड़क की मरम्मत को लेकर ट्रिपल इंजन के पुर्जे जाम हो रहे हैं। शीघ्र मरम्मत कार्य न कराए जाने पर जनहित में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

शेष खबरो के लिए

नदी के कटते किनारों से उखड़ती सांसे, संकरी नदी का कटाव बन रहा खौफ का साया

चूका है जिसे आसानी से नदी के दूसरे किनारे से देखा जा सकता है। मानसून आने के बाद फिर से सकरी नदी मे बाढ की स्थिति बनेगी, ऐसे मे यहा रहने वाले लोगो को इस खतरे से अभी से सहमे हुए है। इस कटाव को रोकने के लिए अब प्रशासन को तत्काल पहल करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। संकरी नदी भोरमदेव की पवित्र पहाड़ियों से निकलती है, करियाआमा से होते हुए मंदिर की घंटियों को छूती हुई कवर्धा से गुजरती है। शिवनाथ में समाहित होने से पहले यह दर्जनों गांवों के बीच से बहती है। लेकिन अब यह बहाव जीवन का सहारा कम, विनाश की चेतावनी ज्यादा देती है। हर साल बरसात के बाद गांवों के नक्शे बदल से जाते हैं। कुछ खेत कम हो जाते हैं, कुछ घर के आंगन सिकड़ जाते हैं। कोई कुछ कहता नहीं लेकिन हर आंखें अब डर के साथ मौसम बदलने का इंतजार करती हैं। छपरी, चिखली, राजानवागांव, रेंगाखार, कोडार, बरहट्टी, अमलीडीह, मोटयारी, समनापुर, घुघरीखुर्द, घुघरीकला, मरपा, पालीगड़ा, परसवारा, कोठार, पिपरिया, गांगपुर, खाम्ही, नवघटा, मोहगांव, झिरना, दरगवां, छांटा जैसे गांव संकरी नदी के दोनों किनारों पर बसे हैं। यह अब केवल बसे नहीं हैं, अब ये नदी की चुप्पी में दबे हुए खतरे का सामना कर रहे हैं। हर साल कटाव कुछ और बढ़ता है, कुछ और खेत बह जाते हैं, कुछ और घर खतरे में आ जाते हैं। नदी किनारे पेड़ वह मौन सिपाही हैं, जो अपने जड़ों से मिट्टी को थामे रखते हैं। पर अब जमीन ही नहीं बची, जहां पेड़ लगाए जाएं। समनापुर की ओर कभी बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए थे, जिसने वहां कटाव को थामा, लेकिन दूसरी ओर पालीपारा, कुम्हारापारा, मिनीमाता चौक की ओर कटाव इतना बढ़ गया है कि अब वहां मिट्टी नहीं, सिर्फ भय की लकीरें बची हैं। जब खेत का कोना कटता है, तो केवल जमीन नहीं जाती वो पिता की मेहनत, माँ की आशा, बालक-बालिकाओ की किताबों का खर्च और अगले साल की फसल का भरोसा बह जाता है। लेकिन एक किसान की रातों की नींद चली जाती है।

वैश्विक नेताओं से बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं : पीएम मोदी

निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। इसके बाद, पीएम मोदी 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह भारत के साथ 'गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव' साझा करता है। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा। प्रवासी समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 180 साल पहले भारतीय पहली बार त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे। यह दौरा हमारे पुश्तैनी और रिश्तेदारी के विशेष बंधनों को नया जीवन देने का अवसर देगा। पीएम मोदी पोर्ट ऑफ स्पेन से ब्यूनस आयर्स जाएंगे, जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अर्जेंटीना का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। ब्राजील की यात्रा ब्रासीलिया में एक द्विपक्षीय राजकीय दौरे के साथ जारी रहेगी, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा होगा। उन्होंने कहा, यह दौरा ब्राजील के साथ हमारी निकट साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर देगा। पीएम मोदी की यात्रा का अंतिम पड़ाव नामीबिया होगा, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद साझेदार बताया।

दिल्ली-जयपुर के बीच ग्रीनफील्ड स्पर तैयार

पहुंचने का मौका मिलेगा। इससे उनकी आय बढ़ेगी और नए व्यापारिक अवसर खुलेंगे। यह परियोजना सरकार की बुनियादी ढांचा विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह न केवल यात्रा को आसान बनाएगा, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास में भी योगदान देगा। इस स्पर के पूरा होने से दिल्ली-जयपुर मार्ग पर यात्रा अब और भी तेज, सुरक्षित और किफायती होगी।

अमरनाथ यात्रा पहला जत्था रवाना

मसले पर श्रद्धालुओं ने कहा कि जब तक हमारी सेना और प्रधानमंत्री मोदी हैं, तब तक कोई हमारा 'बाल भी बांका' नहीं कर सकता है। हमें अपनी सेना पर पूरा भरोसा है। एक व्यक्ति ने कहा, हम लोगों को यही संदेश देंगे कि बिना डर के यहां आएं। बिंदास होकर इस यात्रा के लिए पहुंच सकते हैं। पुरानी मंडी मंदिर के महंत रामेश्वर दास ने कहा कि यात्रा में लोगों के मन में उत्साह है। लोगों में निडरता है, भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। बाबा के दर्शन के लिए सरकार ने बहुत अच्छी सुविधाएं दी हैं। पहले के मुकाबले इस बार यात्रा अच्छी होगी। निडरता के साथ भक्त यात्रा के लिए निकलकर आ रहे हैं। लोगों में किसी तरह का कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन लोगों के लिए मुंहतोड़ जवाब है, जो इसे कमजोर करने के प्रयास करते हैं।

क्वाड मंत्रियों ने पहलगाम के आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग की

जुड़ा एक संगठन है और जिसे पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त है। मंत्रियों की बैठक से पहले जयशंकर ने कहा, ÷भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपने नागरिकों की रक्षा करने का पूरा हक है और हम इस अधिकार का इस्तेमाल जरूर करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे क्वाड साझेदार इस बात को समझेंगे और इसका सम्मान करेंगे। शीर्ष नेताओं ने कहा कि वे साल के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित किए जाने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा शामिल होंगे।

न्यूज गैलरी

देशी व विदेशी शराब के अहाता लाइसेंस लेने ऑनलाइन टेंडर शुरू

दुर्ग। जिले में वर्ष 2025-26 की शेष अवधि व वर्ष 2026-27 के लिए व्यवस्थापन से शेष रही देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अहाता लाइसेंस के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक आवेदक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। 4 जुलाई को सुबह 10:30 बजे से निविदा जमा की जा सकती है। यह 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन जारी रहेगी। प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर निष्पादित की जाएगी। अनुज्ञप्तियों की वैधता वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि और वर्ष 2026-27 तक होगी।

पीएम आवास की लाटरी आज

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी निगम सभागार में तीन जुलाई को दोपहर 3:30 बजे निकाली जाएगी। निगम क्षेत्र में किरायेदार के रूप में निवास करने वाले वरिष्ठ नागरिकजन व दिव्यांगजनों द्वारा पूर्व में आवास के लिये विधिवत आवेदन जमा कर योजना शाखा में जमा किया है। पात्रता सूची में शामिल नागरिकों के नाम सूचना पटल पर चस्पा किये गए हैं। हितग्राही लाटरी से पूर्व मकान की कुल राशि का 10 प्रतिशत अंशदान निगम कोष में जमा कर दें। राशि जमा करने के बाद उन्हें लाटरी में शामिल कर भूतल के आवासों का आबंटन किया जाएगा।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

दुर्ग। सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं परिवहन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने जिले में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में 4 जुलाई को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में होगी। बैठक में जिले के सभी विधायक और संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

नगर निगम के 80 कर्मियों को ग्रेच्युटी का होगा भुगतान

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में वित्त, लेखा व अंकेक्षण विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने एमआईसी भवन के कक्ष में विभाग समिति की बैठक लेकर ग्रेच्युटी राशि के भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने अकाउंट से संबंधित डिटिजल रिकार्ड रखने की व्यवस्था करने कहा। बैठक में समिति के सदस्य विजयंत पटेल, मनीष बघेल, संजय अग्रवाल, खालिक रिजवी, सावित्रीदेवी दमाहे, मनोज सोनी, साजन जोसेफ, हिरोंदी नंदनिया, लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा, योगेंद्र वर्मा मौजूद रहे। वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने बताया कि 20 जुलाई को महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा की उपस्थिति में निगम के 80 कर्मियों को ग्रेच्युटी राशि का चेक सौंपा जाएगा। बंजारे ने कहा कि लंबित भुगतान की राशि बढ़कर करीब 8 करोड़ हो गई है। करीब 3 सौ कर्मचारियों को ग्रेच्युटी राशि का भुगतान किया जाना है।

इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप में भीषण आग : सामान जलकर खाक-दुकान संचालक को लाखों का नुकसान

■ तीन दिनों के भीतर इंदिरा मार्केट में दूसरी बार भयंकर आग लगने से व्यापारियों में दहशत

दुर्ग/नवप्रदेश। स्टेशन रोड पर स्थित नवनिर्मित खत्री इलेक्ट्रॉनिक शॉप व गोडाउन में आज सुबह 11 बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते दुकान की दो मंजिल तक आग फैल गई। मौके पर पहुंचे आधा दर्जन से ज्यादा दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया। आग के कारण दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आग कितना नुकसान हुआ है, अभी इसका अनुमान नहीं लगाया जा सका है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। शहर के व्यस्ततम इंदिरा मार्केट एरिया में तीन दिनों के भीतर आग लगने की दूसरी घटना से व्यवसायी स्तब्ध हैं। दुकान संचालक आशीष खत्री और कर्मचारियों को दुकान के पिछले हिस्से में सुबह साढ़े 11 बजे आग लगने की खबर हुई। पुलिस और फायर ब्रिगेड को इसकी खबर दी गई। दुकान में आग की तेज लपटें उठ रह थी। चारों ओर आग के साथ धुएं का गुबार उठ रहा था। खत्री इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप एक माह पहले ही ओपन हुई है। दुकान के भीतर इलेक्ट्रॉनिक सामान भरा था। आग फैलते ही दुकान से सटी आसपास की दुकानों में दहशत का माहौल रहा। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद 6 फायर ब्रिगेड वाहनों से आग पर काबू पाया जा सका।

दो दिन पहले लेदर प्रोडक्ट्स शॉप में लगी थी आग

दुर्ग के इंदिरा मार्केट में स्थित एक लेदर प्रोडक्ट्स की शॉप सुयश कलेक्शन में दो दिन पहले भीषण आग लगी थी। आग इतनी भयावह थी कि आग बुझाने का मौका ही नहीं मिला। दुकान में रखे लेदर प्रोडक्ट्स सहित सारा सामान जलकर खाक हो गया। सुयश कलेक्शन के संचालक ललित चंदेल रोज की तरह रात साढ़े 9 बजे दुकान बंद कर रहे थे, उसी समय दुकान के भीतर से आग की लपटों के साथ धुआं उठते देखा। उन्होंने दुकान का ताला खोल कर देखा तो पूरा शोरूम आग की चपेट में था। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम के देर से पहुंचने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

मौके पर पहुंचे विधायक गजेंद्र

विधायक गजेंद्र यादव ने बताया कि दुर्ग स्टेशन रोड स्थित खत्री इलेक्ट्रीकल्स आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने फायर बिगेड व आवश्यक संसाधन जुटाने की पहल की। प्रशासन हरसंभव सहायता के लिए सदैव पीड़ितों के साथ है। विधायक गजेन्द्र यादव ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा है कि अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा के उपाय आवश्यक रूप से करें। दुकान में वायरिंग, कट आउट, बिजली बोर्ड में खराबी आने पर सही समय पर सुधार/ बदलने पर ध्यान दें। ताकि, इस तरह की घटना से बचा जा सके।

वोरा बोले -ट्रांसफार्मर और वायरिंग की जांच कराएं

पूर्व विधायक अरुण वोरा को खबर मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों में जुटे कर्मचारियों से जानकारी ली और दुकानदार को ढांढ़स बंधाया। वोरा ने कहा कि ईश्वर की कृपा से कोई जनहानि नहीं हुई। यह बहुत बड़ी दुर्घटना बन सकती थी, लेकिन समय रहते बचाव कार्य शुरू हो गया और हालात नियंत्रित हो गए। वोरा ने शासन-प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि बारिश के मौसम में ट्रांसफार्मर और बाजार क्षेत्रों की सभी वायरिंग की जांच कराई जाए। ढीली वायरिंग और लापरवाही से रखरखाव बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं।

स्टेट सीनियर एवं महिला फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप आज से भिलाई में

■ चैंपियनशिप को अंतराष्ट्रीय रेटिंग का दर्जा, रिकॉर्ड प्रतिभागी शामिल

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर एवं महिला फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन सेक्टर 6 भिलाई स्थित जैन भवन में 3 जुलाई से 6 जुलाई तक किया गया है। आल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है।

प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव व जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत और जिला शतरंज संघ के सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में चैंपियनशिप का उद्घाटन 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि जैन समाज भिलाई के अध्यक्ष मुकेश जैन, दुर्ग के समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा उपस्थित रहेंगे। स्पर्धा को फिडे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मान्यता दी गई है।

स्टेट चैंपियनशिप में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा, महासमुंद, जांजगीर चांपा, रायगढ़, मुंगेली, बेमेतरा, जगदलपुर, बीजापुर, कोण्डागांव, कांकेर, अंबिकापुर, धमतरी, खैरागढ़, कबीरधाम जिले के लगभग 250 खिलाडियों की रिकॉर्ड एंट्री की गई है। स्पर्धा कुल 9 चक्रों में खेली जाएगी।

चैंपियनशिप के आधार पर चार पुरुष और चार महिला खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप में कुल एक लाख पांच हजार रुपए नगद राशि के पुरस्कार दिए जाएंगे।

सीनियर चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 15 हजार रुपए नगद और ट्रॉफी पुरस्कार के रूप में मिलेगी। द्वितीय स्थान पर 11 हजार रुपए व ट्रॉफी, तृतीय 9 हजार रुपए वं ट्रॉफी, चतुर्थ 7 हजार रुपए व ट्रॉफी दी जाएगी। पांचवे स्थान पर खिलाड़ी को 5 हजार रुपए व मोमेंटो, छठवें स्थान पर 4 हजार रुपए व मोमेंटो, सातवें स्थान से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 2 हजार पांच सौ रुपए नगद व मोमेंटो दिया जाएगा।

महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 11 हजार रुपए नगद व ट्रापी दी जाएगी। द्वितीय 7 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी, तृतीय 5 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी चतुर्थ 4 हजार रुपए व ट्रॉफी पांचवां 3 हजार रुपए व मोमेंटो और छठवां, सातवां व आठवां स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 2 हजार रुपए नगद व मोमेंटो प्रदान किया जाएगा।

केटेगरी पुरस्कार में बेस्ट बस्तर संभाग 2 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी बेस्ट सरगुजा संभाग 2 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी, बेस्ट वरिष्ठ खिलाड़ी 2 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी, बेस्ट दिव्यांग खिलाड़ी 2 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी और बेस्ट अंडर 7 बालक एवं बालिका बेस्ट अंडर 9 बालक एवं बालिका बेस्ट अंडर 11 तथा बेस्ट अंडर 13 बालक एवं बालिका को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा।

गुरुग्राम में शहरी निकायों के अध्यक्षों का राष्ट्रीय सम्मेलन, महापौर रवाना

■ स्मार्ट सिटी गवर्नेंस थीम के दो दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल होंगी

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों का राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन गुरुग्राम में हो रहा है। सम्मेलन में नगरीय विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

2 जुलाई से 5 जुलाई तक देश भर के निकायों के अध्यक्ष सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन में शामिल होने महापौर अलका बाघमार आज गुरुग्राम के लिये रवाना हो गई। महापौर के साथ अग्निशमन विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, राजस्व विभाग प्रभारी शेखर चंद्राकर, महिला बाल विकास प्रभारी शशि द्वारका साहू भी रवाना हुए।

सम्मेलन में शहरी निकायों की बैठकों के संचालन के लिये आदर्श प्रथाओं और प्रक्रिया संहिता का विकास, समावेशी वृद्धि और विकास के इंजन के रूप में शहरी स्थानीय निकायों को अधिक प्रभावी बनाने, 21 वीं सदी के भारत के निर्माता के रूप में शहरी स्थानीय निकायों के योगदान, महिला सशक्तिकरण, नागरिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए नवाचार को बढ़ावा देना जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

युक्तियुक्तकरण से छात्र-छात्राओं को मिल रही बेहतर शिक्षा व्यवस्था

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या बढ़ने से अब कक्षाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। युक्तियुक्तकरण से बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना की गई। इससे न केवल शिक्षक विहीन शालाओं को शिक्षक मिले हैं, बल्कि विषय विशेषज्ञों की भी पूर्ति हो गई। एकल शिक्षक स्कूलों की समस्या को काफी हद तक दूर किया गया है। दुर्ग, पाटन और धमधा विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालयों में पहले कुल 56 शिक्षक कार्यरत थे। काउंसिलिंग के बाद शिक्षकों की संख्या 103 हो गई है।

पाटन विकासखण्ड के शास.प्राथ. शाला रीवागहन (दर्ज संख्या 42), शासकीय प्राथमिक शाला बरबसपुर (दर्ज संख्या 32) और प्राथमिक शाला डगनिया (दर्ज संख्या 19) में पहले एक-एक शिक्षक पदस्थ थे। युक्तियुक्तकरण के बाद इन स्कूलों में बच्चों की संख्या के अनुसार एक-एक शिक्षक की नियमित पदस्थापना की गई है।

शास.प्रा.शा कौही, डीह, देवादा, पहंडोर, भाठापारा कौही, कुम्हली, बालक प्राथमिक शाला जामगांव एम, विश्वबैंक कॉलोनी, पाहंदा झा, इ.न.चीचा, जामगांव आर, रेंगाकठेरा, शुक्लाडीह, अक्तई, करगा और गातापार जैसी प्राथमिक शालाओं में पूर्व में केवल एक-एक शिक्षक कार्यरत थे। काउंसिलिंग के बाद इन स्कूलों में दो-दो शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

दुर्ग विखं. शासकीय प्राथमिक शाला खाड़ा, केलाबाड़ी, औद्योगिक क्षेत्र बोरई, भाठपारा उतई, बोरसी, आबादीपारा जंजगिरी, शासकीय प्राथमिक शाला सुभाष बाम्बे आवास उरला, नवीन बजरंगनगर उरला, मचान्दुर, बासिन, अछोटीभाठा, शासकीय प्राथमिक शाला श्रमिक नगर छावनी, मासाभाठ, मालूद, चंदखुरीभाठा, बाडीपारा पीसेगांव के प्राथमिक शालाओं में दो-दो शिक्षकों को काउंसलिंग के बाद पदस्थ किया गया है।

धमधा विखं. के शासकीय प्राथमिक शाला बसनी (दर्ज संख्या 57), शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्री घो. (दर्ज संख्या 24), शासकीय प्राथमिक शाला भिंभौरी(दर्ज संख्या 20), शासकीय प्राथमिक शाला सुखरीखुर्द (दर्ज संख्या 19) में एक-एक शिक्षक पदस्थ किए गए हैं।

खुशाल बने जूनियर राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियन

भिलाई। इस्पात संयंत्र के वार्ड खिलाड़ी खुशाल पटेल ने दावनगेरे कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर (महिला एवं पुरुष) पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में 59 किलोग्राम भार वर्ग (जूनियर 23 श्रेणी) में 642.5 किलोग्राम भार उठाकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। खुशाल ने स्क्वाट इवेंट में 242.5 किग्रा, बेंच प्रेस में 147.5 किग्रा. और डेडलिफ्ट में 252.5 किग्रा का प्रदर्शन कर एक नया राष्ट्रीय कीर्तिमान है।

टॉवर लगने के बाद सैकड़ों किसानों को नहीं मिला मुआवजा

दुर्ग (अंजोरा)/नवप्रदेश। बिजली विभाग का टॉवर लगने के बाद सैकड़ों किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। ग्राम मचांदुर, कातरो, मातरो सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसानों की जमीव 400 केवी डीसी/सी रायपुर संचरण लाइन के कारण प्रभावित हुए हैं। प्रशासन द्वारा मुआवजा न देने के कारण किसानों ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मुआवजा देने की मांग की है। किसानों ने बताया कि ग्रामीणों की भूमि पर विद्युत कंपनी की टॉवर लाइन मार्च-अप्रैल से चालू होने के बाद भी किसानों को अब तक मुआवजा नहीं दिया गया है।

किसानों ने कहा कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। किसानों की मांग पर तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। किसानों ने बताया कि कई बार निवेदन करने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इससे किसानों में आक्रोश है। शीघ्र मुआवजा न मिलने पर आंदोलन किया जाएगा। विद्युत कंपनी के टॉवर लाइन से दुर्ग ब्लाक के मचांदुर, कातरो, मातरो सहित दर्जनों गांवों के किसान प्रभावित हैं। प्रभावित किसानों के साथ जनपद सदस्य व किसान नेता ढालेश साहू उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशासन से कहा कि टॉवर लाइन से प्रभावित सभी किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान तत्काल किया जाना चाहिये। इस दौरान किसान गजेन्द्र साहू, मन्नू लाल साहू, द्वारिका साहू, खोमेन्द साहू, रूद्रेश्वर साहू, नारायण साहू, लोकेश साहू, मनोहर लाल साहू, पुकेश साहू, बाबूलाल साहू सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

अंडरब्रिज में जलभराव से राहत देने स्थापित होंगे सोलर पैनल

भिलाईनगर/नवप्रदेश। चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या का निदान करने ओपन वेल सबमर्सिबल पम्प व जनरेटर संचालित करने क्रेडा विभाग के माध्यम से सोलर पैनल स्थापित किया जाएगा। ऑफ ग्रिड सोलर पावर प्लांट और ओपन वेल सबमर्सिबल पम्प स्थापना का कार्य लगभग 35 लाख की लागत से स्थापित किया जाएगा।

आज आयुक्त राजीव पाण्डेय ने जोन टीम के साथ स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद हरीश सिन्हा भी मौजूद रहे। निगम आयुक्त ने निर्माणाधीन आस्था वृद्धाश्रम का अवलोकन किया और निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को गुणवत्ता से काम पूरा करने के निर्देश दिये।

आयुक्त ने संत गुरू घासीदास उद्यान, करतार सिंह उद्यान, त्रिमूर्ति उद्यान का निरीक्षण कर उद्यानों में गाजर घास की साफ-सफाई, घास कटाई व अन्य व्यवस्था बनाए रखते हुए वृक्षारोपण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया।

निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर रखरखाव करने कहा। निरीक्षण के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बिरेन्द्र बंजारे, स्वास्थ्य निरीक्षक चूणामणि यादव, श्याम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

नौजवानों ने किया रक्तदान | **कर्बला के शहीदों की याद में हो रहे हैं आयोजन**

अंजुमन हुसैनिया कमेटी ने किया प्रतिभाशाली बेटियों का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। मुहर्रम के मौके पर शहर के सभी इमामबाड़ों में परचमे इस्लाम फहराने के साथ-साथ फातिहाख्वानी, तकरीरी प्रोग्राम, मीलाद शरीफ, नौहा व कुरआनख्वानी जारी है। अंजुमन हुसैनिया कमेटी की ओर से सड़क-20, जोन-1, खुर्सीपार में अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी की सरपरस्ती में प्रोग्राम किये जा रहे हैं।

एक जुलाई मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे आलिमा रुखसाना की तकरीर हुई। मेडिकल शिविर के साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेडिकल कैम्प में आरोग्यम हॉस्पिटल से डॉक्टर मोहित और डॉक्टर बाली वर्मा ने अपनी सेवाएं दी। रक्तदान शिविर में नौजवानों ने कुल 32 यूनिट ब्लड डोनेट किया। इस दौरान 8 वीं, 10 वीं और 12 वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण बेटियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर्ड जीएम एमआरके शरीफ ने बच्चियों का सम्मान करते हुए कहा कि तालीम ही हमारी सबसे बड़ी दौलत है और बेटियों को तालीम दिलाने हमेशा आगे रहना होगा।

इस दौरान समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय संगठन हजरत बीबी फातिमा जोहरा कमेटी और अल मदद वेलफेयर एंड एजुकेशन सोसाइटी का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

बीबी फातिमा कमेटी की नसीम सुल्ताना, शाहीन खान, शबनम खान, अक्सा अली, रजिया बानो और शमीम अशरफी को सम्मानित किया गया। अल मदद कमेटी के अंजुम अली, डॉ आसमॉ बेगम और रशीदा खातून सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

आयोजन में के सुरेश, गनी खान, हजरत बिलाल मस्जिद हुडको के सदर शाहिद अहमद रज्जन, शब्बू खान, मुश्ताक अली, कमालुद्दीन अशरफी, माधव राव, जलालुद्दीन आमीन खातून, हज्जन सोगरा, नजमा बेगम, जून, फरीदा, शमशुन बानो, मुसर्रत बानो, नन्हू, रईसा, शेख शबनम, तबस्सुम बानो और आसिया खातून मौजूद थे।

कार्यक्रम में 8 वीं, 10 वीं और 12 वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण बेटियों का सम्मान किया गया। इनमें माहफिजा निशा, मंतशा शेख निसा, शमा परवीन, आफरीन बानो, क्लास 10 से आईना बानो, जोया फातिमा, रीहम निदा खान, परवीन बानो, अफशा परवीन, शाइस्ता, अक्सा बानो, अरीबा सिद्दीकी, 8 वीं कक्षा से सना परवीन, शाफ अंसारी, रेशमा शेख मंसूरी, यास्मीन, फौजिया नाज़, आलिया सिद्दीकी, शबीना परवीन, शाहीन खातून, बुशरा सिद्दीकी, करिश्मा खान, अरफा परवीन और हमीरा शेख शामिल हैं।

विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने विधायक गजेन्द्र ने दिए निर्देश

■ गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। विधायक गजेंद्र यादव ने वार्ड 4 गया नगर में लगभग 2 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सर्वसुविधायुक्त मांगलिक भवन निर्माण का निरीक्षण किया। विधायक ने कसारीडीह में नाला कलवर्ट कार्य का निरीक्षण भी किया। इंदिरा मार्केट में व्यापारियों के साथ पार्किंग एरिया सहित शहर के मुख्य बाजार का विस्तार करने पर चर्चा की। कसारीडीह में सहगल ऑटो के पास नाला कलवर्ट कार्य को के बाद विधायक ने गयानगर में 12 हजार वर्ग फीट एरिया में बन रहे मांगलिक भवन निर्माण कार्य का जायजा लिया। गजेंद्र ने पार्किंग एरिया के साथ डाइनिंग और किचन एरिया पर विशेष ध्यान देने कहा। निर्माणी एजेंसी को गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सभापति श्याम शर्मा, वार्ड पार्षद व जलगृह प्रभारी लीना देवांगन, पार्षद शिव नायक, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, गुड्डू यादव, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, महामंत्री अमित पटेल, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, ईई आरके जैन, सहायक अभियंता, उप अभियंता सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

नवापारा राजिम के चिकित्सक बने प्रेरणा स्रोत

नवापारा/राजिम/नवप्रदेश। 1 जुलाई को डॉक्टर बिधान चंद्र राय, के जन्मदिवस एवं निर्वाण दिवस को डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। नवापारा राजिम के डॉक्टरों ने मिलकर डॉक्टर्स डे पर कुछ नया कर गुजरने का जज्बा दिखाया हैं जो सभी के लिए प्रेरणा बन सकता है।

बता दे कि पिछले महीने गौशाला में भयंकर आग लग गई थी। जिसके कारण गायों की चारा जलकर नष्ट हो गया था। इस आपदा को देखते हुए डॉक्टरों की समिति ने निर्णय लेते हुए गौशाला समिति को 11000 एवं नगर की सेवाभावी संस्था श्री सालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति को उनके कार्यों को देखते हुए 11000 देने की घोषणा की। साथ ही डॉक्टरों ने इस दिन को यादगार बनाने नवापारा स्थित गोपाल गौशाला पहुंचकर गौ माताओं को गुड और चना खिलाया। समिति ने उनके इस नेक कार्य के लिए आभार प्रगट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में गोबरा नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पार्षद पूजा कंसारी, लोमेश्वरी साहू, भरत सोनकर, पूर्व पार्षद मायाराम साहू, साथ ही गौशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, सचिव राजू काबरा, संतोष अग्रवाल, सालासर सुंदर कांड जन कल्याण समिति के अध्यक्ष धरम साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश कुमार सोनसायटी ने किया। गौशाला समिति के सचिव राजू काबरा द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

चिकित्सकों का हुआ सम्मान

डॉक्टर्स डे पर गोबरा नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष के संयुक्त तत्वाधान में सभी डॉक्टरों का मुंह मीठा कर, शाल भेंट कर सम्मान किया गया। जिसमें राजिम बीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र हीरोन्दिया, नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तेजेंद्र साहू, डॉ प्रकाश गुप्ता, डॉ राजेंद्र गदिया, डॉ उमेश भोई, डॉक्टर फुलजी साहू, डॉ रमेश कुमार सोनसायटी, डॉक्टर लीलाराम साहू, डॉक्टर जीवन ज्योत सिंह, डॉक्टर समर्पण गदिया, डॉ शिव तारक, डॉक्टर मुन्ना खान, डॉ आशीष चंद्र एवं अन्य चिकित्सकों का सम्मान किया गया।

नशीली पदार्थो के रोकथाम के लिए लगातार चलाये अभियान : कलेक्टर उइके

गरियाबंद/ नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थो या नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक ली। उन्होंने बैठक में जिले में नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर रोकथाम की लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही जिले में सक्रियता के साथ नशीली दवाईयों के रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने पूर्व के बैठकों में दिये गये निर्देशों के तहत की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की। साथ ही आगे भी लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीमा पार नशीली दवाईयों के आवागमन में रोक लगाने, लगातार चेकिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही अवैध शराब पर भी लगातार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पर्श क्लिनिक की माध्यम से नशे की लत से पीड़ित मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार दिलाने के निर्देश दिये। साथ ही नशामुक्ति के लिए जारी टोलफ्री नम्बर 14446 एवं अवेध मादक पदार्थ की रिर्पोटिंग के लिए जारी मानस टोलफ्री एंटी नार्कोटिक्स हेल्पलाईन नम्बर 1933 के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को उपरोक्त दोनों नम्बरों को सभी गांवों में दीवाल राईटिंग करवाने एवं आवश्यक मुनादी भी करवाने के भी निर्देश दिये।

न्यूज गैलरी

गांजा की तस्करी करते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिमगा/नवप्रदेश। सिमगा पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 01 आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर की सूचना पर आज सोमवार को सिमगा पुलिस टीम द्वारा ग्राम लांजा पंचायत भवन के पास नहर किनारे घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 01 आरोपी नेपाल जोशी उम्र 38 साल निवासी ग्राम लांजा थाना सिमगा को पकड़ा गया है। इस दौरान आरोपी के पास रखे प्लास्टिक थैला से पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया जिसमें कुल 4.310 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। जिसे जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?64,650 है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से एक मोटरसाइकिल क्र.ओडी 31 ए 6118 तथा एक मोबाइल भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 20क बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

आशीबाई गोलछा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

महासमुंद। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान, विशिष्ट अतिथि अरूणा शुक्ला, नीलम दीवान, सुधा साहू, अनुज पांडेय तथा सीता डोंडेकर रहे। मुख्य अतिथि दीवान ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा वाले समय में सफलता प्राप्त करने के लिए सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद, रेडक्रास, स्काउट गाइड आदि गतिविधियों में भी शामिल होना चाहिए तभी उनका सर्वांगीण विकास होगा। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर मुंह मीठा कराया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य जीआर सिन्हा ने दिया। संचालन तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन संजय मांझी ने किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, कीर्तन साहू, हेमंत खुंटे, तुलसी राम साहू, अनिता साहू, आशीष देवांगन, खोमन चंद्राकर, चंद्रशेखर मिथलेश, तपस्या शर्मा, नोबल ध्रुव, दुर्गेश नंदिनी यदु, प्रज्ञा लांजेवार, भारती यादव, बेला मारू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

विधायक भावना कावड़ियों के लिए भोजन-ठहरने की व्यवस्था करेगी

कवर्धा/नवप्रदेश। इस वर्ष 11 जुलाई से सावन माह प्रारंभ हो रहा है इस अवसर पर कबीरधाम जिले से हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री अमरकंटक में जलेश्वर महादेव के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए कठिन यात्रा करके पहुँचते हैं। कांवड़ यात्रियों की सेवा और उनकी इस यात्रा को सुखद बनाने के लिए विगत 3 वर्षों से पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा अमरकंटक में पूरे सावन माह तक निःशुल्क भोजन एवं विश्राम हेतु सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसी कड़ी में चौथे वर्ष भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा दिनांक 11 जुलाई से 6 अगस्त तक कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले कांवड़ यात्रियों की सेवा हेतु मेला मैदान,नया नगर पालिका परिसर,अमरकंटक जिला

अनुपपुर में भोजन एवं विश्राम हेतु ठहरने की निःशुल्क सुविधा का लाभ कांवड़ यात्रियों को मिलेगा। इसके साथ ही प्रतिदिन यहां पधारने वाले हजारों भक्तों के साथ भगवान भोलेनाथ की भव्य महारती का आयोजन भी यहां किया जाता है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों के लिए भावना बोहरा द्वारा उनके संस्थान के माध्यम से 9755359004 एवं 9754462000 मोबाइल नम्बर भी जारी किया गया है जिसमें संपर्क करके अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

विधायक बोहरा ने बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे कबीरधाम जिले से हजारों कांवड़ यात्री आस्था और विश्वास के साथ भगवान महादेव के जलाभिषेक हेतु अमरकंटक की यात्रा करने जाते हैं और उनकी सेवा का अवसर हमें प्राप्त होता है। उनकी इस पुण्यदायी यात्रा में सहभागी बनने और उनकी यात्रा को सुखद बनाने व सेवा करने का हमें जो अवसर मिलता है वह हमारे लिए स्वयं भगवान भोलेनाथ की सेवा करने के समान है। उनकी इस आस्था का सम्मान करते हुए और एक जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने हेतु हमने लगातार इस चौथे वर्ष कबीरधाम जिले से कांवड़ में जल लेकर अमरकंटक तक यात्रा करने वाले कांवड़ियों के लिए नवनिर्मित पालिका परिषद,अमरकंटक में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक निःशुल्क ठहरने व भोजन की व्यवस्था की है। कबीरधाम जिले से जाने वाले कांवड़ियों की सुविधा और इस कठिन यात्रा के बाद उन्हें विश्राम मिल सके इसके लिए यह व्यवस्था की है और हमें विश्वास है कि हमारे इस प्रयास से कांवड़ यात्रियों को राहत मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि कांवड़ यात्रियों के लिए सात्विक भोजन तथा उन्हें किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए हमारे संस्थान के सदस्य चौबीसों घंटे उनकी सेवा में उपस्थित रहेंगे। साथ ही कांवड़ियों के लिए उक्त स्थान में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधा जैसे भोजन, स्नान, शौचालय व विश्राम के लिए सभी सुविधाओं का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है और वह सभी सुविधाएँ वहां मुहैय्या की जाएँगी ताकि कठिन यात्रा के बाद उन्हें विश्राम मिल सके।

ग्रामवासियों को मिलेगा जलभराव से छुटकारा

धमतरी/नवप्रदेश। आमापारा वार्ड पार्षद विजय मोटवानी का दावा है कि पानी निकासी पाइप को दुरुस्त करने में विलम्ब जरूर हो रहा है लेकिन कार्य होते ही अमापारा वार्ड मे बरसाती पानी नही भरेगा। उन्होंने कहा कि बालक चौक से मकई तालाब तक बरसाती पानी को ले जाने के लिए जो पाइप डाला गया था वह मानक अनुरूप नहीं होने के कारण रद्द कर दिया गया । दूसरी पाइप डालने रिटेंडर किया गया है। लेकिन इसमें कुछ विलम्ब हो रहा है । यही कारण है जिससे 1 जुलाई से पूर्व यह कार्य पूरा नहीं हो सका । लोक निर्माण विभाग प्रभारी सदस्य विजय मोटवानी ने आगे बताया कि वे आमापारा वार्ड सहित शहर वासियों को बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध हैं । आगामी समय में पाइपलाइन संबंधी जो अनियमितताये हुई थी उसे सही करते हुए कार्य को अंजाम दिया जाएगा । आने वाले समय में आमापारा के रहवासियों को बरसात के जलभराव से छुटकारा मिलेगा तथा यह पानी मकई तालाब को भरने के लिए डाइवर्ट रास्ते से पहुंच जाएगा।

ईर्रा में हिन्दू जागरण मंच सक्षम समिति गठन

धमतरी/नवप्रदेश। हिन्दू जागरण मंच धमतरी अपने संगठन को मजबूती से संस्कार देते हुए युवाओं को जोड़ते हुए विस्तार कार्य को गति प्रदान करने में निरंतर लगा हुआ है जिसके माध्यम से भारत मां की रक्षा,सर्व हिन्दू समाज की सुरक्षा हो सके अपने सनातन संस्कृति और धर्म के प्रति हम सभी मजबूती से खड़े होकर हिन्दू समाज के लोगों को संगठित और सक्रिय करना होगा , पुरूषोतम निषाद जिला संयोजक ने हिन्दू जागरण मंच के मुख्य उद्देश्य श्रेष्ठ समाज के निर्माण में हमारी भूमिका क्या हो, हमें जाती पाती से ऊपर उठकर समाज को संगठित करने की आवश्यकता है,जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए हिन्दू समाज की संस्कृति और संस्कार ,सुरक्षा पर बातचीत करते हुए युवाओं को प्रेरित किए,संगठन विस्तार में हिन्दू जागरण मंच धमतरी के जिला

सहसंयोजक ,चित्रेश साहू ,प्रतीक सोनी, जिला युवा आयाम सत्यम सिन्हा,प्रचार आयाम तुषार साहू , नगर युवा आयाम अमर दीप महाजन,हरिशंकर शांडिल्य,रविन्द्र बंजारे,प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर,प्रवीण साहू, द्वारा अपने संघ का विस्तार करते हुए ईरा में हिन्दू जागरण मंच का गठन किया गया संघ के उद्देश्य ,कार्यप्रणाली,पर गहन चिंतन करना हम सभी की जिम्मेदारी और दायित्व भी है भारत मां की रक्षा,और हिन्दू समाज की सुरक्षा अपना धार्मिक एवं नैतिक व परम कर्तव्य है हिन्दू जागरण मंच धमतरी जिले में चल रहे विभिन्न असमाजिक गतिविधियां जो हिन्दू समाज में फूट डालने और सनातन संस्कृति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है उनको कदापि स्वीकार तथा माफ नहीं करेगा, समय के साथ उनका उचित कार्यवाही के लिए अग्रसर रहेगा इनके लिए जवाबदेही लोग अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा से करें हिन्दू जागरण मंच प्रत्येक गतिविधियों का सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी जुटा रहा हैऔर गांव गांव में कार्यकर्ता निर्माण कर रहा है देश भक्ति का भाव जगा रहा है।

देवभोग के बेलाट नाला में बनेगा उच्च स्तरीय पुल, 36 गांवों के लोगों को आने-जाने में होगी आसानी

गरियाबंद/ नवप्रदेश। देवभोग क्षेत्र के 36 गांवों के लोगों को तेल नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण होने से आवागमन की उत्तम सुविधा मिलने लगेगी। तेल नदी पर स्थित बेलाट नाला में 90 मीटर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए शासन से 4 करोड़ 24 लाख रूपये की स्वीकृति पश्चात टेंडर प्रक्रिया जारी है। एक सप्ताह में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के

पश्चात एजेंसी चयन उपरांत निर्माण कार्य की कार्यवाही बारिश को ध्यान में रखते हुए शुरू की जायेगी। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज देवभोग के बेलाट नाला पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नाला पर बनने वाले पुल के जगह और उससे लोगों को होने वाली सहुलियत का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधा देने के उद्देश्य से पुल का निर्माण उच्च प्राथमिकता में लेकर किया जायेगा। जैसे ही टेंडर प्रकिया पूर्ण होगी तथा बारिश का मौसम खत्म होगा, तेजी से पुल निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा।

पानी नहीं आने से लोगों के दिनचर्या में लगा बदलाव

भटगांव। नगर पंचायत भटगांव के घरेलू नल कनेक्शन मे कई दिनो से पानी आना बंद हो गया है। कब तक पानी घरेलू नल कलेक्शन मे आएगा इसकी ना ही मुनादी हुई है ना ही नगर पंचायत द्वारा सूचना दिया गया है । जिससे घरेलू नल कलेक्शन के हितग्राहियों को पानी के अभाव मे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और नगर पंचायत अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है। आपको बता दे कि राज्य व केन्द्र सरकार तथा जिला कलेक्टर तक आम जनता की समस्याओं को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक मे पानी की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए जाते है परंतु उनके अधीनस्थ अधिकारी

कर्मचारी द्वारा उनके आदेशों का पालन किस तरह से किया जा रहा है जिससे आम जनता मे समस्या बनी हुई है जहां हम बात कर रहे है नगर पंचायत भटगांव की जहां तीन दिनो से घरेलू नल कलेक्शन मे पानी आना बंद हो गया है जिसकी सुध लेने वाला कोई नही यहा तक कि नगर पंचायत द्वारा कब तक नगर वासियों को पानी मिलेगा इसकी मुनादी नही किया गया ना ही सूचना दिया गया जिसके कारण नगरवासी पानी की लिए घरेलू नल कनेक्शन होते हुए भी घर से बाहर से पानी लाकर घरेलू कार्य मे उपयोग किया जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा इन दिनो नगर वासियों के लिए कोई टैंकर की व्यवस्था कर लोगो की समस्या को दूर करने का प्रयास नही किया गया जिसके कारण नगरवासी पिछले तीन दिनो से पानी की समस्या से जुझ रहे है। वही स्कूल सत् प्रारंभ होने से बच्चो को स्कूल जाने, स्नान के लिए घरेलू कार्यो के लिए तथा अन्य कार्य के लिए जाने वाले को दिनचर्या मे बदलाव देखा जा रहा है। पानी की आवश्यकता को पूरा करने पानी के लिए घर से बाहर इधर उधर भटक रहे है।

दुर्ग एवं पटना के बीच 4 फेरों के लिए चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

भाटापारा/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए और उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए दुर्ग और पटना के बीच एक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है । यह स्पेशल ट्रेन संख्या 08795 (दुर्ग-पटना साप्ताहिक स्पेशल) यह ट्रेन दुर्ग से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 06, 13, 20 एवं 27 जुलाई 2025 को कुल 04 फेरे के लिए

प्रस्थान करेगी । ठीक इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी ट्रेन संख्या 08796 (पटना-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल) यह ट्रेन पटना से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 07, 14, 21 एवं 28 जुलाई 2025 को कुल 04 फेरे के लिए प्रस्थान करेगी ।

दुर्ग-पटना-दुर्ग स्पेशल गाड़ी

दिनांक 06, 13, 20, एवं 27 जुलाई 2025 (प्रत्येक रविवार) को गाड़ी संख्या 08795 दुर्ग- पटना स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 13.15 बजे रवाना होकर रायपुर आगमन 14.00 बजे प्रस्थान 14.05 बजे, भाटापारा आगमन 14.55 बजे प्रस्थान 14.57 बजे, बिलासपुर आगमन 15.55 बजे प्रस्थान 16.05 बजे, चाम्पा आगमन 16.55 बजे प्रस्थान 16.57 बजे, रायगढ़ आगमन 18.35 बजे प्रस्थान 18.37 बजे, झारसुगड़ा आगमन 20.30 बजे प्रस्थान 20.32 बजे, राउरकेला आगमन 22.15 बजे प्रस्थान 22.25 बजे, हटिया आगमन 01.15 बजे प्रस्थान 01.20 बजे, राँची आगमन 01.35 बजे प्रस्थान 01.45 बज।

शिक्षा की गुणवत्ता ... राज्य सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने के बजाए शिक्षा और शिक्षकों की दशा को बिगाड़ रही

प्रधान पाठक और एक शिक्षक देना बच्चों की शिक्षा का नींव कमजोर करने वाला काम : शोभा सिंहदेव

■ चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया एक दिवसीय धरना

महासमुंद। छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आह्वान पर आज चार सूत्रीय मांग को लेकर ब्लॉक मुख्यालय लोहिया चौक प्रांगण में ब्लॉक के समस्त शिक्षकों ने धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम अनुभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश सह संचालक शोभा सिंहदेव ने कहा कि राज्य सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने के बजाए आज शिक्षा और शिक्षकों की दशा को बिगाड़ने का काम कर रही है। सेटअप 2008 के साथ बदलाव कर के ग्रामीण अंचलों की पाठशालाओं को दो शिक्षकीय शाला में बदल कर शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के बजाए कमतर कर रही है।

प्राथमिक शाला में पांच क्लास के संचालन के लिए एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक देना ग्रामीण अंचलों के बच्चों की शिक्षा की नींव की कमजोर करने वाला कार्य है। उन्होंने कहा आला अफसर किस आधार पर स्कूलों के लिए ऐसा सेटअप लेकर आए हैं यह चिंता का विषय है।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश सह संचालक ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि 25 साल सेवा देने के बाद भी प्रदेश के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का पात्र नहीं माना जा रहा है माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी राज्य सरकार और शिक्षा विभाग हमारे साथियों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान नहीं कर रहा है जो कि शिक्षकों के लिए कुठाराघात है।

प्रांतीय सह संचालक सिराज बक्श ने कहा कि विगत पांच वर्ष से प्रदेश के शिक्षक अपने अधिकार की आवाज बुलंद कर रहे है परंतु विडंबना ये है कि घोषणा पत्र में हमारी मांगे प्राथमिकता से होने के बाद भी इसे पूरा नहीं किया जा रहा है। प्रदेश में युक्तियुक्तकरण में व्यापक पैमाने में अनियमितता पाई गई फिर भी अफसरों पर कोई बड़ी कार्यवाही शिक्षा विभाग के नहीं किया है। प्रदेश में आज नई शिक्षा नीति लागू हो गई है जिसमें बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने पर बल दिया गया है बावजूद शिक्षा विभाग बुनियादी शिक्षा के ढांचे को सेटअप में बदलाव कर कमजोर कर रहा है। अगर बच्चों की प्राथमिक शिक्षा ही कमजोर होगी तो कैसे बच्चों में सीखने की दक्षता का विकास होगा यह बड़ा प्रश्न खड़ा करता है। शिक्षकों ने कहा एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक कैसे पांच क्लास को संचालित करेंगे यह भी सोचने वाला विषय है।

मुख्यालय सिमगा में लंबे समय से पदस्थ अधिकारियों का ट्रांसफर

■ अधिकारियों के कार्य कुशलता पर उठ रहे थे सवाल

सिमगा/नवप्रदेश। रायपुर बिलासपुर नेशनल हाइवे के बीच स्थित नगरपालिका सिमगा जो कि बलौदाबाजार जिला के अंतिम छोर में स्थित होने के साथ ही ब्लाक मुख्यालय भी है। मुख्यालय में अधिकतर शासकीय कार्यालय है जहां विभिन्न विभागों में लंबे समय से पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी रेवडी खा रहे है। क्योंकि सिमगा शहर 06 जिलों के बॉर्डर में है इसलिए ट्रांसफर होने के बाद भी अधिकारी एवं कर्मचारी सिमगा आना विशेष रूप से पसंद करते हैं। उक्त बिंदुओ को लेकर पूर्व में बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभागों के मंत्रियों सहित क्लेक्टर बलौदाबाजार को ज्ञापन सौपकर इन्हे हटाने की मांग की थी लेकिन प्रशानिक कार्यवाही के अभाव में प्रदेश अध्यक्ष अली ने क्लेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी से गत दिनों सौजन्य मुलाक़ात कर मामले का ध्यानाकर्षण कराया। जिस पर क्लेक्टर सोनी ने मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए नीति गत कार्यवही का आश्वासन दिया था। वही प्रशासन ने आज मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए ब्लाक मुख्यालय सिमगा के चिन्हांकित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ट्रांसफर आदेश जारी कर दिया।

अवैध दारू के नाम पर नई शराब दुकान खोलना प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि की नाकामी हैं : उधोराम वर्मा

■ **पूरे प्रदेश में नई शराब दुकान खोलने का निर्णय तुगलकी फरमान है**

धरसीवां/ कूंरा / नवप्रदेश। शासन प्रशासन ने पहले एक व्यक्ति को 24 पव्वा की छूट देकर अवैध दारू बेचने का मार्ग प्रशस्त किया और अब अवैध शराब का हवाला देकर नई शराब दुकाने खोली जा रही हैं ।

गांव गांव में प्रशासन के शह में अवैध दारू बेचने का कार्य किया जा रहा है । पुलिस प्रशासन स्वयं के संरक्षण में अवैध दारू बेचवा रही है और इसकी जानकारी स्थानीय विधायक को भी है । जन प्रतिनिधानियों के संरक्षण बिना क्या यह कार्य संभव है ? परंतु गांव वाले जब दाऊ भट्ठी का विरोध करते है तो जनप्रतिनिधि उल्टे गांव वालो को ही अवैध दारू बंद कराने बोलते हैं । यदि गाँव वालो को ही अवैध शराब बंद करना है तो आबकारी विभाग और पुलिस का क्या कार्य है ? सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधियों का अवैध दारू बिकवाने में खुला संरक्षण है । आबकारी अमला, पुलिस सभी इनके नियंत्रण में होने के बाद भी बड़ी जिम्मेदारी से अवैध दारू बिकने की दंभ भरते है ।

अवैध दारू बिकने की जानकारी होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होना पूर्ण संरक्षण को दर्शाता है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि स्थानीय विधायक, पुलिस प्रशासन, आबकारी विभाग सख्त कार्रवाई कर अवैध दारू बंद कराए । चुनाव के समय भाजपा ने अवैध दारू बंद करने के बड़े बड़े वादे किए थे । अब इस दिशा में काम क्यों नहीं कर रहे है, अब जिम्मेदारी से क्यों भाग रहे हैं ? जानता सब जानती है । यदि अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही नहीं हुई तो जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।

सरपंच संकेत जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने

भाटापारा/नवप्रदेश। स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय नवीन महाविद्यालय मोपका निपानिया मे जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद हेतु संकेत अग्रवाल सरपंच ग्राम पंचायत गुडेलिया को नियुक्त किया गया है अपने इस नियुक्ति पर सरपंच संकेत अग्रवाल ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव का आभार जताया है एवं सौपे गये इस नये जवाबदारी को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से उम्मीदों के अनरुप उत्तरोत्तर विकास कि और आगे बढाने हेतु संकल्पित बताया।

फर्जी तरीके से किसानों की जमीन बेचनेकी कोशिश, कलेक्टर से पटवारी की शिकायत

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खैरझिटी के पटवारी द्वारा किसानों की जमीन को फर्जी तरीके से बेचने का मामला सामने आया है। कलेक्टर जनदर्शन में किसानों ने पटवारी के खिलाफ शिकायत की है।

तेंदूवाही निवासी डेरहूराम साहू ने कलेक्टर से शिकायत की है कि ग्राम खैरझिटी प.ह.नं. 6 तहसील महासमुंद में वर्ष 2023 में ख.नं.1, 550, 562 रकबा 2.00 हे. भूमि 13 सितंबर 2023 तक उनके नाम पर था। बाद उक्त जमीन बिना पंजीकृत अभिलेख व शासकीय आदेश के कुकराडीह निवासी करण के नाम पर ऑनलाईन में दर्ज करा कर खरीद-फरोख्त एक करोड़ पच्चीस लाख रुपए में कर रहा था। जिसकी जानकारी होने पर थाना तुमगांव में शिकायत की गई। शिकायत होने पर थाने में निराकरण करा लिया गया। ग्राम खैरझिटी के किसान देवनारायण साहू ने बताया कि दो-चार दिन पहले जमीन ख.नं. 916/2 की जमीन को गलत बटांकन व नक्शा में हेराफेरी कर संतराम के नाम दर्ज कर 80 लाख रुपए में खरीद-फरोख्त एवं रजिस्ट्री करने की तैयारी में थे। जिसकी जानकारी मिलने पर सोमवार को पंजीयन कार्यालय में उक्त जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाने शिकायत की गई। कृषक डेरहू राम साहू व देवनारायण साहू ने बताया कि कलेक्टर ने आरोपी पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई के लिए एसडीएम को आदेश दिया है। इसी तरह खैरझिटी के दिनेश कुमार ने कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत की है कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नयापारा महासमुंद में वर्ष 2020 की भर्ती प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई थी। प्राप्त उत्तर में यह बताया गया कि तत्कालीन सेजेस प्रभारी ने चेकलिस्ट वर्तमान लिपिक को हस्तांतरित ही नहीं की, जिससे कार्यालय संबंधित जानकारी देने में असमर्थ हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की घोर लापरवाही और सेजेस प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की गई है।

शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ग्राम पथरला में शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पथरला सड़क किनारे खोमचा में शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते बलराम भोई (21) को पकड़ा। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

ट्रैक्टर चालक से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली क्षेत्र के ग्राम कसलबा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को लक्ष्मण ने बताया कि 30 जून को वह चंद्रहास प्रधान के ट्रैक्टर स्वराज 735 क्रमांक सीजी 06 जीपी 5874 को टिकरा से घर वापस ला रहा था, दोपहर करीब 12 बजे शासकीय राशन दुकान के पास दीपक प्रधान का ट्रैक्टर रास्ते में कीचड़ में फंसा था, उसके बाजू से वह अपना ट्रैक्टर निकाल कर जा रहा था। तब दीपक ने गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

बरसते पानी में हजारों आदिवासियों का कलेक्टोरेट मार्च, राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

गरियाबंद/नवप्रदेश। बरसते बारिश में भीगते हुए आज गरियाबंद जिले में एक ऐतिहासिक जनसमूह देखने को मिला। जिले के मजरकट्टा स्थित आदिवासी विकास परिषद प्रांगण में जिले भर से हजारों की संख्या में सर्व आदिवासी समाज के लोग एकत्रित हुए। यह जनसमूह सर्व आदिवासी समाज के नेतृत्व में कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च करते हुए पहुँचा और राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

इस विशाल रैली की विशेषता यह रही कि खराब मौसम के बावजूद भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा ङ्क सभी ने एकजुटता के साथ अपनी आवाज़ बुलंद की।

यह थीं उनकी प्रमुख माँगें

1. वन विभाग के पत्र पर आपत्ति – 15 मई 2025 को वन विभाग द्वारा जारी पत्र को असंवैधानिक बताते हुए, आदिवासी समाज ने आरोप लगाया कि यह पत्र ग्रामसभाओं के अधिकारों पर सीधा हमला है।

2. ग्रामसभाओं को वन प्रबंधन का अधिकार – ग्रामसभाओं और ष्टस्नस्ष्ट समितियों को तकनीकी और वित्तीय सहयोग के साथ स्वतंत्र रूप से वन प्रबंधन का अधिकार दिए जाने की माँग की गई।

3. वन भूमि से जबरन बेदखली पर रोक – हालिया बेदखली की घटनाओं की निंदा करते हुए, लंबित वनाधिकार दावों का पारदर्शी और समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने की माँग की गई।

4. वनग्रामों का अधिकार बहाल हो –2013 में राजस्व ग्राम में बदले गए वनग्रामों की त्रुटियों को सुधारने की अपील की गई।

5. एलडब्ल्यूई मुक्त क्षेत्रों में तेजी से वनाधिकार क्रियान्वयन।

6. पीव्हीटीजी समुदायों को पर्यावास अधिकार ङ्क उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार आदिवासी समुदायों को शीघ्र पर्यावास अधिकार देने की माँग की गई।

7. ग्रामसभा को सशक्त बनाने की माँग – ग्रामसभा को संस्थागत दर्जा, अलग पहचान, आर्थिक अधिकार और निर्णय लेने की स्वतंत्रता देने की बात प्रमुखता से रखी गई।

8. सामुदायिक संसाधनों पर ग्रामसभा का स्वामित्व – जल, जंगल, ज़मीन से जुड़ी सभी संसाधनों पर ग्रामसभा का पूर्ण अधिकार सुनिश्चित करने की माँग की गई।

9. टाइगर रिज़र्व में ज़ीरो विस्थापन नीति की वकालत ङ्क बाघ अभयारण्यों और हाथी कॉरिडोर में निवासरत समुदायों के अधिकार सुरक्षित रखते हुए विस्थापन के बजाय सह-अस्तित्व आधारित नीति लागू करने की माँग की गई।

आंदोलनकारियों का कहना था

हमारा उद्देश्य केवल अधिकार की माँग करना नहीं, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त हक़ों को लागू करवाना है। हम वन, जल, ज़मीन के रक्षक हैं, और इन पर हमारा पारंपरिक अधिकार है।

जिपं सदस्य नेताम ने कहा

आज का यह आंदोलन सिर्फ एक विरोध नहीं बल्कि हमारी अस्मिता की लड़ाई है। जो अधिकार हमें संविधान और कानून से मिले हैं, उन्हें दबाने की कोशिश की जा रही है। वन विभाग द्वारा ग्रामसभाओं के अधिकारों में हस्तक्षेप सीधे हमारे स्वशासन और जीवन-शैली पर हमला है। हम इसके खिलाफहर लोकतांत्रिक मंच पर लड़ेंगे।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष विशेष अभियान

ग्राम पंचायत ढाबाड़ीह व बरडीह क़ो मिला सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विशेष शिविर में 9 योजनाओं से संतृप्त होने पर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत ढाबाडीह एवं बरडीह क़ो सम्मनित किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क़ो सभाकक्ष में ग्राम पंचायत ढाबाडीह एवं बरडीह के सरपंच सचिव क़ो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के आदिवासी बाहुल्य 46 गांव ने 15 जून से विशेष शिविर का लगाए जा रहे हैं. शिविर में 9 योजनाओं से हितग्राहियो क़ो शतप्रतिशत लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड एवं आधार कार्ड सभी 46 गांव के शतप्रतिशत लोगों के बनाये जा चुके हैं। शेष योजनाओं के लिए अभी भी शिविर जारी है।

नपाध्यक्ष निवास पहुंचे जगत पिता का हुआ भावपूर्ण स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। जगत के पालन हार भगवान जगन्नाथ 1 जुलाई को दोपहर 12 बजे नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू के गृह निवास पहुंचे। प्रभु के आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू समेत उनके पिता मनोजकांत साहू, उनकी माता व छोटे भाई तथा उनकी बड़ी दीदी ने भगवान जगन्नाथ को बरसते पानी के बीच भीगते हुए उनका भाव पूर्ण स्वागत कर घर तक लाया। तथा दिन भर उनकी पूजा अर्चना कर आव भगत परिवार द्वारा किया गया।

पेंशनर समाज द्वारा 4 जुलाई को नेत्र शिविर का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा भाटापारा द्वारा कल 4 जुलाई को प्रात 10:00 बजे से बुजुर्गों एवं पेंशनरों के लिए निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन नगर पालिका वाचनालय भवन भाटापारा मैं रखा गया है जिसमें रायपुर के साईं कृपा हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नेत्र परीक्षण कर आंखों का नंबर एवं आवश्यक परामर्श दिया जाएगा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। नेत्र जांच के लिए मरीजों को एक दिन पहले 3 जुलाई तक नेत्र शिविर स्थल में आकर पंजीयन करना होगा। पेंशनर समाज द्वारा मरीजों के लिए भोजन एवं अन्य व्यवस्था किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज भाटापारा द्वारा बुजुर्गों एवं पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में आकर नेत्र शिविर का लाभ उठाने का निवेदन किया गया है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा भाटापारा द्वारा दिया गया।

शिवरतन की पहल पर सेमरिया मार्ग के लिए 13 करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृति

■ **बहुप्रतिक्षित सेमरिया मार्ग कर होगा जीर्णोद्धार**

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के बहुप्रतिक्षित मांग को स्वीकृति देते हुए भाटापारा शहर में सेमरिया घाट होते हुए नारायपुर चंदखुरी मार्ग के मजबूती करण कार्य को मंजूरी दी है जिसके तहत चंदखुरी मागं तक की सड़क को 13 करोड 8 लाख रूपये की राशि से मजबूत सडक निर्माण कार्य कराया जायेगा ।

उक्त सडक निर्माण की मांग शिवरतन शर्मा के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी उपरोक्त सडक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद चंदखुरी नारायणपुर अमलडिहा ठेलकी बासीन मद्दकू दुधिया नवागांव सेमरियाघाट देवरी खोलवा गांव सहित सूमा केची गांव वालो की भी बेहतर यातायात का साधन सुलभ सड़क के रूप में मिल सकेगा मुख्यमंत्री द्वारा शिवरतन की मांग को स्वीकृति दिये जाने पर शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव माय उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया है वही भाटापारा चंदखुरी नारायणपुर लगभग 13.15 किलो मीटर में डामर मजबूती करण सडक निर्माण कार्य की स्वीकृति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकतीओ ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्य मंत्री व शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सफाई कार्यक्रम 1 जुलाई से 31 जुलाई तक

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुरूद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न सफ़ाई कार्यक्रम 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संपन्न होने जा रहा है, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हाथ धुलाई, स्वच्छता शपथ, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के परिसर में सफ़ाई, स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने शुभारंभ किया।

इस अवसर पर ज्योति चन्द्राकर ने कुरूद वासियों को स्वच्छता की महत्ता बताते हुए, कहा कि हमारा कुरूद नगर शासन के हर योजनाओं में माडल स्वरूप बनेगा। श्रीमति चंद्राकर ने कहा कि सफ़ाई अभियान तो हमारा मुख्य एजेंडा है इसमें निरंतर कार्य करते रहेंगे।

आंचल जन कल्याण समाज सेवी संस्था ने गरीब बच्चों के लिए शुरू की नि: शुल्क ट्यूशन क्लास

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खरोरा में गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा के तहत ट्यूशन क्लास का सुभारंभ किया गया।

जिसमें आंचल जन कल्याण समाज सेवी संस्था के माध्यम से लगातार 2 वर्षो से पहली से आठवी के बच्चों के लिए ट्यूशन क्लास चलाया जा रहा है।जिसमें आंचल जन कल्याण समाज सेवी संस्था के प्रमुख व सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री डिगेश्वरी कुर्रे ने बताया कि गरीब बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए एक अच्छी शिक्षा उपलब्ध करायी जा रही है।? यहां विभिन्न गतिविधि, शिक्षा के साथ साथ बच्चों में बौधिक और मानसिक विकास भी हो रहा है। इस गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई करने का आधार मिल पा रहा है। ऐसे कई बच्चे है जो अपना समय केवल मोबाइल चलाने व खेल खुद में निकल देते थे अब वही बच्चे अपना समय पढ़ाई में लगा कर अपना लक्ष्य पुरा करने में लगे है। सुश्री डिगेश्वरी कुर्रे का कहना है कि हमेशा एक इच्छा रहती है कि मेरा समय मैं केवल समाज सेवा में लगाऊ, ताकि मैं सबका सपना साकार कर सकूं। जिस पर खरा उतरी हूं,और अपने काम पर हमेशा लगी रही और आज वो मुकाम जादा दूर नही जिससे सबके के बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिल सके। इस अवसर पर सपना विस्वकर्मा, नीलाम कोशरे, विद्या कुर्रे, अभिलाषा कुर्रे ने आंचल जन कल्याण समाज सेवी संस्था के सभी सदस्यों के माध्यम से उपस्थित सभी बच्चों को कापी, पेन, पेंसिल देकर सम्मानित किया गया।

हाईस्कूल सिंगारपुर में नि:शुल्क पुस्तक वितरण, बच्चों को दी गई शिक्षा में निष्ठा की प्रेरणा

भाटापारा/नवप्रदेश। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले-छात्र- छात्रओं के लिए नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण का कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में शाला प्रबंधन समिति के द्वारा रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप जिला पंचायत सभापति राजा जयसवाल ,सरपंच कनक मनहरे, जनपद सदस्य सुंदर लाल साहू शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष साहू प्राचार्य संजय तिवारी सुरेश वर्मा जीवन वर्मा दिनेश साहू शिव यदु के द्वारा उपस्थित छात्र - छात्राओं को अतिथियों की उपस्थिति में पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजा जयसवाल ने सभी बच्चों को नियमित स्कूल पहुँचकर अच्छे से पढ़ाई करने की बात कही और कहा आज के बच्चे कल का भविष्य है !बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता एवं शिक्षको व देश समाज का नाम रौशन करे! इस दौरान शिक्षकगण के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं व ग्रामीणजन उपस्थित रहे!

पार्थ ने राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश में छत्तीसगढ़ ने जीता पदक

महासमुंद/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश में 33वीं राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप का आयोजन बेसबॉल एसोसिएशन द्वारा 27 जून से 01 जुलाई तक गढ़मुक्तेश्वर जिला पाटन उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। जिसमें तुमगांव के पार्थ ने छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफ्ल रहे। इससे पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया था, जिसमें महासमुंद जिले से पार्थ शर्मा का चयन हुआ था, जिसने राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफ्लता हासिल की।

राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में पार्थ के रजत पदक जीतने पर अध्यक्ष नगर पंचायत बलरामकांत साहू, उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, जनपद पंचायत सदस्य प्रियंका लवेश ढीढी, पार्षद राम शरण निर्मलकर, पार्षद गौतम सिन्हा, पार्षद चोवाराम तांडेकर, पार्षद शिव यादव, भुवनेश्वर साहू, पार्षद रोहित साहू, शत्रुहन निषाद, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, सरपंच भोरिंग लीला लोकेश्वर, उप सरपंच भेखलाल साहू, पंच अभिषेक नेहरू, वेद प्रकाश साहू, सावित्री बाई, यशवंत साहू, राहुल यादव, पिंटू सिंह, हर्ष शर्मा, जमील कुरैशी, रितेश अग्रवाल, कुबेर साहू, के के चंद्राकर, संगीता रात्रे, प्राचार्य जियो वर्गीश, जितेंद्र साहू, बलराम नेताम, डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग, छन्नू साहू व्यायाम शिक्षक वेदनर मेमोरियल स्कूल, एवन कुमार साहू, अभिषेक निर्मलकर, जगदीश, अभिषेक नेहरू, लिशांशु, नैतिक, सेवन, बेसबॉल खेल संघ पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

डॉक्टर नवरत्न को दी विदाई और बधाई कुरूद सीएचसी ने

■ **स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण सेवा मुहैया कराने हेतु जाना जाएगा डॉक्टर यू एस नवरत्न का कार्यकाल**

कुरूद/नवप्रदेश। सिविल अस्पताल कुरूद में पदस्थ डॉक्टर यू एस नवरत्न प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरूद का वर्तमान में विभागीय पदोन्नति के फ्लस्वरूप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गरियाबंद हो गया है। जिस हेतु आज उनके सम्मान में विदाई सह सम्मान कार्यक्रम जीवनदीप समिति एवं विकासखंड में पदस्थ समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी के द्वारा रेस्ट हाउस कुरूद के सभा कक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर दिया गया । उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा में स्वास्थ्य अधिकारी जिला धमतरी डॉक्टर यू एल कौशिक एवं जीवनदीप समिति सिविल अस्पताल कुरूद के आजीवन सदस्यों कमल नारायण देवांगन, गोकुल राम साहू, देवानंद साहू जी के विशिष्ट आथित्य में किया गया।

विदित हो कि डॉक्टर यू एस नवरत्न सन 2008 से सिविल अस्पताल कुरूद में पदस्थ है पदस्थापना समय यह अस्पताल 6 बिस्तर का एक छोटा सा अस्पताल हुआ करता था स्थानीय विधायक श्री अजय चंद्राकर जी के प्रयासों से यह अस्पताल निरंतर अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उन्नयन होकर वर्तमान में 50 बिस्तर सिविल अस्पताल संचालित है जो की बहुत जल्द 100 बिस्तर सिविल अस्पताल में संचालित होगा।

डॉ यू एस नवरत्न ने प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी के रूप में अपना पहलाकार्यकाल 19 जून 2008 से 18 अक्टूबर 2012 तक अपनी सेवाएं दी इस अवधि में सिविल अस्पताल कुरूद के अलावा विकासखंड में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण तथा मरीजों की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए अपनी प्रशासनिक क्षमता का प्रदर्शन किया इस अवधि में उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरूद को आई एस ओ प्रमाण पत्र से प्रमाणित करवाया साथ ही विकासखंड में संस्थागत प्रसव टीकाकरण शत प्रतिशत करते हुए मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का सफ्लता प्राप्त किया। उनका द्वितीय कार्यकाल 25 मई 2020 से प्रारंभ हुआ जो की स्वास्थ्य विभाग की दृष्टिकोण से बहुत ही चुनौती पूर्ण समय था उस समय राज्य सहित देश और विदेश में कोरोना 19 का संक्रमण अपनी चरम सीमा पर था धमतरी जिला अंतर्गत विकासखंड कुरूद उसे संक्रमण से प्रभावित था जिले के रहवासी जो अन्य राज्यों में निवास कर रहे थे उन्हें घर वापसी पर क्वॉरेंटाइन करना साथ ही साथ कोविड पॉजिटिव मरीज का कांटेक्ट ट्रेसिग के अलावा लक्षण वाले मरीजों का जांच उपचार आदि प्रबंधन कार्य को को भी संपादित करने में उनकी उम्र सामने नहीं आई ।डॉक्टर यू एस नवरत्न अपने कार्यशैली में हमेशा एक एक दूर दृष्टि सोच के साथ तत्परता तत्परता से कार्य को निष्पादित करते थे अपने द्वितीय प्रशासनिक कार्यकाल में सिविल अस्पताल कुरूद सहित विकासखंड के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का एन क्यू ए एस प्रमाण पत्र प्राप्त कराए, सिविल अस्पताल कुरूद में स्त्री रोग विशेषज्ञ की पद रिक्तता के बावजूद योजना बद्ध तरीके से ऑपरेशन के माध्यम से संस्थागत प्रसव संपादित कराया जा रहे हैं।

45 वां सालाना 8 रोज़ा ज़िक्रे शोहदाए कर्बला पूरी शानो शौकत के साथ मनाया जा रहा

❍ करबला की लड़ाई मानव इतिहास कि एक बहुत ही जरूरी घटना है। यह सिर्फ़ एक लड़ाई ही नहीं बल्कि जीवन के सभी पहलुओं की मार्ग दर्शक भी है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोहर्रम पर उसकी देन कमेटी के द्वारा सत्यम चौक में आयोजित तकरीर में आज छठवें दिन भागलपुर बिहार से आए मौलाना जुनेद जमाली मुफ्ती ने फ़रमाया कि कर्बला का युद्ध या कर्बला की लड़ाई, वर्तमान इराक़ में कर्बला शहर में इस्लामिक कैलेंडर 10 मुहर्रम 61 हिजरी (10 अक्टूबर, 680 ईस्वी) में हुई थी। यह लड़ाई पैगम्बर मुहम्मद के नवासे हज़रत इमाम हुसैन इब्न अली के समर्थकों और रिश्तेदारों के एक छोटे समूह के और उमय्यद शासक यज़ीद प्रथम की एक सैन्य टुकड़ी के बीच हुई थी। इस लड़ाई में मुहम्मद के नवासे हज़रत इमाम हुसैन रजी0 तथा उनके परिवार के पुरुष सदस्य बच्चे व उनके साथी शहीद हो गए थे।

करबला की लड़ाई मानव इतिहास कि एक बहुत ही जरूरी घटना है। यह सिर्फ़एक लड़ाई ही नहीं बल्कि जीवन के सभी पहलुओं की मार्ग दर्शक भी है। इस लड़ाई की बुनियाद तो हज़रत मुहम्मद के देहान्त के बाद रखी जा चुकी थी। इमाम अली रहमतुल्ला अलेह का ख़लीफ़ा बनना कुछ लोगो को पसंद नहीं था तो कई लड़ाईयाँ हुईं अली को शहीद कर दिया गया, तो उनके पश्चात हज़रत इमाम हसन इब्न अली खलीफा बने उनको भी शहीद कर दिया गया।

उस समय का बना हुआ शासक यज़ीद माना जाता है कि हुकूमत में ग़ैर इस्लामिक काम किया करता था, इराक़ के शहर कूफ़ा के लोगों ने इमाम हुसैन को कई ख़त लिख कर कूफ़ा आने को कहा ताकि वो उनके हाथों में बै'अत कर के उन्हें अपना ख़लीफ़ा बनाएं, लेकिन यज़ीद चाहता था कि हुसैन उसके साथ हो जाएं, वह जानता था अगर हुसैन उसके साथ आ गए तो सारा इस्लाम उसकी मुट्ठी में होगा। लाख दबाव के बाद भी इमाम हुसैन ने उसकी किसी भी बात को मानने से इनकार कर दिया, तो यज़ीद ने हुसैन को रोकने की योजना बनाई। चार मई, 680 ई. में इमाम हुसैन मदीने में अपना घर छोड़कर शहर मक्के पहुंचे, जहां उनका हज करने का इरादा था लेकिन उन्हें पता चला कि दुश्मन हाजियों के भेष में आकर उनका क़त्ल कर सकते हैं। हुसैन ये नहीं चाहते थे कि काबा जैसे पवित्र स्थान पर खून बहे, इसलिए इमाम हुसैन ने हज का इरादा बदल दिया और शहर कूफ़ेकी ओर चल दिए। रास्ते में दुश्मनों की फ़ौज उन्हें घेर कर कर्बला ले आई। तकरीर की आखिरी में हाफिज़ कुर्बान ने सलाम पढ़ें । हुसैनी मस्जिद के इमाम जाहिर आगा ने मुल्क में अमन चैन शांति, कौमी एकता के लिए दुआ मांगी।

रमजानी बाबा परिसर मे आयोजित मस्तुरातो के जलसे के शुरुआत जहराफातिमा शिनम के नात शरीफसे हुई, उसके बाद उत्तर प्रदेश मऊ से आई आलिमा फाजिला नूरशबा ने अपने तकरीर मे बताया की हुजूर और पैगंबर इस्लाम की अआमद रश से पहले अरब में लोग अपनी बच्चियों को जिंदा दफ्न कर देते थे जवान बेटियों को जल्लाद के हवाले करके कद्र कर देते थे और जब हुजूर पैगंबर पैगंबरे ए इस्लाम तशरीफ़ले आए तो आपने फ़रमाया की एक बेटी पैदा होती है तो 12 रहमत लेकर आती है । जिसने एक बेटी को पढ़ाया लिखाया ,अदब कायदा सिखाए और उसकी शादी ब्याह में खर्च किया तो अल्लाह ताला उसके बदले में उसको जन्नत अता कर देता है। हमारा आज का नारा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लेकिन हमारे आका पैगंबरे ए इस्लाम ने 14 सौ साल पहले ही बेटियों की तालिमो तरबियत के बदले जन्नत फ़रमाया था। आज की तकरीर में प्रमुख रूप से उसकी देन कमेटी के सदर युसूफ हुसैन बंटी, कार्यक्रम के आयोजक एवं कमेटी के संस्थापक शेख नजीरुद्दीन, सरपरस्त एस ए कादिर, हाजी निसार साहब, इकबाल हक, नासिर नवाब, अबरार बाबा, सैय्यद इंसान अली बबबू भाई, जफर भाई सिटी मेंन, हाजी प्यारू भाई, इस्माइल भाई, भुट्टो राज, गुड्डू भाई, शईद भाई, जफर आगा बबली,शकील मनिहार, खालिद भाई,सफीक साबरीन, बादशाह भाई, शेख सिकंदर, वसीम मिर्जा, इकराम हुसैन, जावेद मेमन,इस्माइल भाई, शेख सिकंदर , वसीम बख्श ,विकी, शेख निजामुद्दीन, राम बघेल, अनुराग दुबे अनुराग दुबे, इकबाल , इकलाख विकी, शेख इमामुद्दीन, मोहम्मद आदिल, इरफान, शबाब अली, मंझला, इमरान मेमन, असद, शब्बीर, और लाल खदान से शाहिद ,इमरान, आदिल, तार बाहर से नईम भाई, शेख सरफराज, अमीन, रिजवान सानू, जावेद , के अलावा काफी संख्या में मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

5 लाख लंबित आवेदनों का 161 करोड़ के भुगतान का निर्णय

❂ श्रमिकों के हित में साय सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की आज बुधवार को हुई बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वर्ष 2019 से लंबित 5 लाख से ज्यादा आवेदनों के हितग्राहियों को 161 करोड़ से ज्यादा की राशि देने का निर्णय लिया गया है। श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल डॉ राम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न एजेंडे पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के 5 लाख से अधिक हितग्राहियों के आवेदन विभाग को मिले थे। पूर्व के आवेदनों के हितग्राहियों का 161 करोड़ से अधिक की राशि वितरित नहीं की थी। बुधवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी आवेदनों का जल्द से जल्द परीक्षण कराकर जल्द राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने का निर्णय लिया गया। अब न्यूनतम 322 वर्ग फीट जमीन वाले हितग्राहियों को भी मिलेगा श्रमिक आवास सहायता योजना का लाभ संचालक मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। वर्तमान में पात्रता रखने वाले मंडल में पंजीकृत निर्माण के स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण/नवीन आवास क्रय हेतु शहरी क्षेत्र में 500 वर्ग फीट एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1000 वर्ग फीट क्षेत्रफल अधिकतम भूखंड होने का प्रावधान था।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल ने पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री शेखर दत्त के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।राज्यपाल डेका ने अपने शोक संदेश में कहा कि श्री दत्त एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक सच्चे सैनिक और राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने सेना से लेकर प्रशासन तक की अपनी प्रत्येक जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और देशप्रेम के साथ निभाया।

राज्य स्थापना दिवस पर आसमान में होगा वायुसेना का प्रदर्शन

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस (1 नवंबर 2025) के अवसर पर इस साल राजधानी रायपुर में एक विशेष आयोजन होने जा रहा है। रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम एक भव्य एरोबेटिक डिस्प्ले करेगी। यह आयोजन छत्तीसगढ़ के युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति, प्रेरणा और गर्व का भाव जगाने वाला होगा। इस आयोजन की स्वीकृति रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दे दी है। उन्होंने बताया कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल के आग्रह पर भारतीय वायुसेना की 'सूर्य किरण' टीम को रायपुर में प्रदर्शन के लिए प्रस्तावित समय पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए भारतीय वायुसेना की टीम द्वारा निर्धारित अभ्यास एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होगा।

गर्व और आत्मसम्मान का दिन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस हमारे लिए गर्व और आत्मसम्मान का दिन है। इस दिन राजधानी में भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम का प्रदर्शन प्रदेशवासियों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण होगा। यह आयोजन युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, अनुशासन और देशभक्ति को और मजबूत करेगा। मैं इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। राज्य के स्थापना दिवस पर राजधानी रायपुर में इस प्रकार की प्रेरणादायी और गौरवशाली सैन्य प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी राज्य प्रशासन, वायुसेना और रक्षा मंत्रालय के समन्वय से की जाएगी।

3 परियोजनाओं के लिए जिंदल का 1 लाख 5 हजार 3 सौ 58 करोड़ का निवेश

- जिंदल स्टील छत्तीसगढ़ लिमिटेड द्वारा 7.5 MTPA इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट द्वद्वद्वद्व 73,000 करोड़ रुपये का निवेश
- जिंदल पॉवर लिमिटेड द्वारा 2400 MW थर्मल पावर प्लांट में 30,780 करोड़ रुपये का निवेश।

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सांसद नवीन जिंदल द्वारा संचालित जिंदल स्टील छत्तीसगढ़ लिमिटेड 7.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता के स्टील प्लांट और उनकी ही एक अन्य कंपनी जिंदल पॉवर लिमिटेड ने 500 MW सोलर पावर प्लांट और 2400 MW थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए राज्य सरकार से एक समझौता ज्ञापन किया है।इन तीन परियोजनाओं के लिए कुल 1 लाख 5 हजार 3 सौ अंठावन करोड़ रुपए का प्रस्तावित निवेश किया जाएगा।

इस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन , सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल , मुख्य मंत्री केआर प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ,सचिव वाणिज्य एवं उद्योग एवं संयोजक राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड रजत कुमार एवं उद्योग जगत के अनेक नामी ग्रामी मौजूद रहे । इस परियोजना से न केवल स्थानीय रोजगार सृजन में सहायक होगा, बल्कि ये राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

जिंदल समूह के श्री प्रदीप टंडन, ने कहा कि हम इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ में औद्योगिक आधार को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हमें विश्वास है कि इस स्टील प्लांट के माध्यम से हम उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादन के साथ-साथ स्थानीय जनसमुदाय के लिए विकास के नए अवसर उत्पन्न कर सकेंगे।

सरकार ने भी इस एमओयू को राज्य में औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस प्रकार के औद्योगिक निवेश छत्तीसगढ़ को एक वैश्विक औद्योगिक हब बनाने के हमारे लक्ष्य को साकार करने में मदद करेंगे। इस स्टील प्लांट व पावर प्लांट की स्थापना से संबंधित कार्य जल्द ही शुरू होंगे, और इसे राज्य के विकास एवं स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में निश्चित ही सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

भारत में बने डिफेंस सिस्टम पर बढ़ रहा दुनिया का भरोसा

मुंबई। भारत को अब चीन प्लस के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है और विश्व स्तर पर एक स्टेबल लैंड माना जाता है। दुनिया भर के देश भारत में बने रक्षा उत्पाद पर भरोसा करते हैं। भारत की टैक्नोलॉजी और कम बजट में बने डिफेंस सिस्टम फिल्ड प्रूवन हैं यानी फिल्ड पर काम करते हैं, जिसकी वजह भारतीय डिफेंस कंपनियों को अधिक एक्सपोर्ट ऑर्डर मिलने की संभावना है। नाटो के सदस्य देशों ने बीते 25 जून को अपने डिफेंस बजट को बढ़ाने पर सहमति जताई है। इन देशों ने वित्त वर्ष 2035 तक अपने डिफेंस बजट को बढ़ाकर जीडीपी के 5 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, जो अभी केवल 2 प्रतिशक के आसपास है। नाटो देशों के इस बयान के बाद भी डिफेंस शेयरों में तेजी शुरू हो गई है। उद्योग का कहना है कि नाटो देशों के इस कदम से भारतीय डिफेंस कंपनियों को अधिक एक्सपोर्ट ऑर्डर मिलने की संभावना है। वहीं दूसरी और इनके लिए ज्वाइंट वेंचर के नए मौके भी खुल सकते हैं। पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज के निदेशक अमित महाजन ने अमर उजाला डॉटकॉम को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से यह साबित हो चुका है कि, भारत में बने डिफेंस सिस्टम ने बेहतर प्रदर्शन किया, वहीं चीन के बने डिफेंस सिस्टम बुरी तरह फेल हो गए, इससे भारत के डिफेंस सिस्टम को लेकर वैश्विक स्तर पर विश्वास बढ़ा है। भारत को अब चीन प्लस के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है और विश्व स्तर पर एक स्टेबल लैंड माना जाता है।

डॉलर में कमजोरी और वैश्विक मांग से सोने-चांदी की कीमतों में उछाल

दिल्ली में सोना 1,200 महंगा, चांदी 2,000 रुपये चढ़ी

नई दिल्ली। मंगलवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इस दौरान, चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मजबूत वैश्विक रुख को देखते हुए स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत सात दिन की गिरावट के सिलसिले को तोड़ते हुए 1,200 रुपये की तेजी के साथ 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। मंगलवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, अमेरिका में बढ़ते राजकोषीय घाटे की चिंता और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावित कर कटौती और व्यय विधेयक पर बाजार के ध्यान के कारण अमेरिकी डॉलर में गिरावट ने सोने को अधिक आकर्षक बना दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पारस्परिक टैरिफ के कार्यान्वयन के लिए 9 जुलाई की समय सीमा से पहले जापान पर नए टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। मेहता ने कहा कि ये बदलाव सोने जैसी गैर-उपज वाली परिसंपत्तियों को बनाए रखने में मदद कर रहे हैं, खासकर मुद्रास्फीति की उम्मीदें अभी भी उच्च स्तर पर हैं। इसके अलावा, मंगलवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

सोमवार को चांदी की कीमत 1,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 44.01 डॉलर या 1.33 प्रतिशत बढ़कर 3,346.92 डॉलर प्रति औंस हो गया। जानकारों के अनुसार, प्रतिभागियों की ओर से डॉलर की निरंतर कमजोरी को देखते हुए, सोना सुरक्षित निवेश के रूप में खरीदारी को आकर्षित कर रहा है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट-कमोडिटी व करेंसी, जतीन त्रिवेदी ने कहा, इस सप्ताह धारणा उत्साहजनक बनी हुई है, जो प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों, विशेष रूप से गैर-कृषि पेरोल, बेरोजगारी के आंकड़ों और एडीपी गैर-कृषि रोजगार परिवर्तन से संबंधित अपेक्षाओं से प्रेरित है। विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की टिप्पणी भी ब्याज दर के बारे में आगे संकेत देगी। इससे कीमती धातु की कीमतों में आगे की हलचल प्रभावित होगी।

रद्द हो जाएगी भारत-बांग्लादेश सीरीज?

रोहित-विराट के फैंस को लगा झटका

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी थी. इस सीरीज के लिए भारत को बांग्लादेश जाना है. ऐसे में इस सीरीज पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं. क्योंकि अभी भी सरकार की ओर से बीसीसीआई को इस सीरीज के लिए मंजूरी नहीं मिली है। क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो बीसीसीआई अभी भी बांग्लादेश दौरे के लिए सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है. ऐसे में अभी के लिए इस सीरीज पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं. क्योंकि अगर सरकार भारतीय टीम को बांग्लादेश जाने की मंजूरी नहीं देता तो इस सीरीज पर खतरा मंडरा सकता है. इस समय दोनों देशों के राजनीतिक संबंध कुछ अच्छे नहीं हैं, जिसका असर इस सीरीज पर पड़ सकता है.

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा, बीसीसीआई के साथ चर्चा चल रही है. ये चर्चा काफी सकारात्मक है. हम चर्चा कर रहे हैं कि सीरीज कैसे आयोजित कर सकते हैं. हम अभी अगर इस सीरीज की मेजबानी नहीं कर सकते हैं, तो इसे किसी अन्य संभावित समय पर आयोजित करेंगे. भारतीय क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के साथ 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है. इस सीरीज का पहला वनडे मैच 17 अगस्त जबकि अंतिम मैच 23 अगस्त को खेला जाने वाला था. इस सीरीज पर अभी भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट बोर्ड क्लियर नहीं हैं. भारत और बांग्लादेश के बीच अंतिम वनडे सीरीज साल 2014 में खेली गई थी.

जेम्स गन ने सुपरहीरो सुपरमैन की कहानी को नए रूप में पेश किया

मुंबई। सुपरमैन, डीसी स्टूडियोज की पहली फीचर फिल्म है जो इस वर्ष वार्नर ब्रोस. पिक्चर्स के बैनर तले दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है। अपने खास अंदाज़ में, जेम्स गन ने इस नए डीसी यूनिवर्स में सबसे पहले सुपरहीरो सुपरमैन की कहानी को नए रूप में पेश किया है। जिसमें दमदार एक्शन, मज़ाकिया अंदाज़ और दिल छू लेने वाली भावनाएं शामिल हैं। यह सुपरमैन दया भाव और इंसानियत की अच्छाई में विश्वास करने वाला हीरो है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
TelePhone 07726-221068 Email Address-cmobhatapara@rediffmail.com
क्र. 397/लो.नि.वि./न.पा.प./2025 — भाटापारा, दिनांक 02.07.2025

द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा 14वें वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत स्वीकृत कार्य हेतु स्वीकृत राशि से कार्य कराये जाने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख)	डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	171427	वार्ड क्र. 04 मेन रोड में ट्यूबलर पोल विद्युतीकरण कार्य	19.83	23.07.2025

टीप :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां संबंधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

जल ही जीवन है, पानी को व्यर्थ ना बहावें 2. खुले में शौच प्रथा बंद कर स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

जून 2025 में जीएसटी कलेक्शन 6.2 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जून महीने में सकल जीएसटी संग्रह 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.6 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये हो गया। जून महीने में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 6.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। एक साल पहले यह 1.73 लाख करोड़ रुपये था। पिछले महीने जीएसटी संग्रह 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गया। जून में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.6 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया।

साथ ही, आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये हो गया। जून में सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 34,558 करोड़ रुपये रहा। वहीं, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी लगभग 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा। सेस से प्राप्त राजस्व 13,491 करोड़ रुपये रहा। सेस यानी उपकर एक अतिरिक्त कर है जो किसी विशेष उद्देश्य के लिए लगाया जाता है, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, या किसी विशेष परियोजना के लिए।

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना
क्र.10/न.पा.नि./जोन क्रमांक-7/लो.नि.वि./2025-26 — दिनांक 25/06/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु फार्म-A में मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाखों में)	निविदा प्रपत्र	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	जोन क्र. 07 मोपका स्थित पशु आश्रय स्थल के चारागाह में फेंसिंग कार्य।	07.60	A	17/07/2025
2	जोन क्र. 07 लोयला स्कूल रोड स्थित सब्जी बाजार में मूलभूत सुविधा का विस्तार कार्य।	09.80	A	17/07/2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

सम्पत्तिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम बिलासपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जी-252601573/3
लो.नि.वि. धमतरी, संभाग- धमतरी (छ.ग.)
क्र. 3882/एनआईटी/क्र.12/2025-2026/संशोधन क्रमांक 1 — (धमतरी (छ.ग.) दिनांक 26/06/2025

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 3645 दिनांक 13/06/2025 में निविदा संबंधी प्रक्रिया की निर्धारित तारीखों को परिवर्तित कर निम्नानुसार पढ़ा जावे।

विवरण	पूर्व में सूचित दिनांक	संशोधित दिनांक
निविदा हेतु आवेदन की अंतिम दिनांक	26/06/2025	04/07/2025
निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांक	03/07/2025	10/07/2025
निविदा खोलने की दिनांक	04/07/2025	11/07/2025

इसके अतिरिक्त निविदा संबंधी अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जी-252601941/2 — लो.नि.वि. धमतरी, संभाग धमतरी (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी संग्रहित ईमारती काष्ठ/बल्ली/व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गए स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन ई-नीलाम तिथि 07.07.2025 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने के पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	स्थान/नीलाम दिनांक व समय
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल	काष्ठागार भानुप्रतापपुर	काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम दिनांक 07.07.2025 प्रातः 09.00 बजे से

अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां

अ.क्र.	प्रजाति	नया वनोपज		अविक्रित वनोपज		योग	
		काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली
1.	सौगन	17	36	131	413	148	449
2	साल	0	0	69	0	69	0
3	बीजा	17	0	43	47	60	47
4	साजा	70	193	54	0	124	193
5	हल्दू/मुण्डी	0	28	55	0	55	28
6	सलिहा/मोदे	5	17	1	0	6	17
7	तिन्सा	7	0	0	0	7	0
8	धावड़ा	63	113	0	0	63	113
9	कर्रा	4	120	0	0	4	120
10	तेन्दू	80	0	16	0	96	0
11	अन्य	35	313	92	0	127	313
	योग :-	298	820	461	460	759	1280

नीलाम हेतु प्रस्तावित व्यापारिक बांस :-

क्र.	वनमण्डल	बांसागार भानुप्रतापपुर	नग	नो.टन
1	पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर	औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लाट)	3314	50.086
		औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लाट)	1700	24.000
		व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लाट)	20680	61.634
		व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लाट)	25520	71.303
		बांसागार अंतागढ़	नग	नो.टन
		औद्योगिक बांसागार अंतागढ़ (नया लाट)	1242	19.989
		औद्योगिक बांसागार अंतागढ़ (पुराना लाट)	394	4.972
		व्यापारिक बांसागार अंतागढ़ (नया लाट)	4800	16.600

दूरभाष क्रमांक पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)

1. क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लाटों में अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लागइन करके देख सकते हैं।
4. ई-आक्शन में लाट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसी लाट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेंकड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेंकड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर
जी-252601926/5

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. .....अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम- लोहरिनडोंगरी प.ह.नं. 60
रा.नि.मं. पिथौरा, तहसील पिथौरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पराज भोई पिता सुदर्शन भोई जाति कोलता, निवासी ग्राम लोहरिनडोंगरी तहसील पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम लोहरिनडोंगरी प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. पिथौरा तहसील पिथौरा स्थित भूमि खसरा नंबर 286/69 रकबा 0.10 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1, ग्राम पंचायत प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तारीख 08/07/2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

आज दिनांक 17/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुन्द (छ.ग.)
रा.मा.क्र..../अ/19 वर्ष 2024-25
ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42
तहसील व जिला महासमुन्द
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डमरूधर मांझी पूर्व पार्षद वार्ड क्र. 12 नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद में स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 1958 रकबा 5.69 हे. के भाग रकबा 30x25=750 वर्गमीटर भूमि को शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति स्थापना हेतु भूमि आबंटित करने माननीय मंत्री को प्रेषित आवेदन कलेक्टर महोदय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद के माध्यम से प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि को आबंटन कर भूमि स्वामी हक प्रदाय किए जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 18/07/2025 को कार्यालयीन अवधि में न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार महासमुंद

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र. 21782 दिनांक 26.06.2025
वार्ड का नाम- 54- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR65200182A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DEVENDRA SINGH पिता श्री/श्रीमती AJMER SINGH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री SMT. SEEMA SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHRI SANJAY SINGH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानंद दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

ई नीलामी सूचना
ऋण वसूली अधिकरण
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रंजीहेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001
Case No.: 1/2016 / ओ.ए.नं. 132/2015
ई नीलामी क्रमांक 164/2025

UCO BANK वि. SHRI PRADEEP KUMAR NARKHERE एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक RC No. RC 1/2016/ O.A.No. 132/2015 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs. 22,22,167.00 (Rupees Twenty Two Lakh Twenty Two Thousand One Hundred Sixty Seven Only) तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक 20-04-2015 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 06-08-2025, दोपहरः 12.00 से 01.00

संपत्ति की अनुसूची

Flat No. 603, 6th Floo, Block No.-A, "Khushi Tower", situated at Mouza- Amlidih, Dr. Rajendra Prasad Ward No. 46, VIP Road, Tehsil and District- Raipur (C.G.) super built-up area 909 sq.ft. property in the name of Pradeep Kumar Narkhere s/o. Shri L.J. Narkhere.

प्रारंक्षित मूल्यः- रुपये 17,50,000.00 (Rupees Seventeen Lakh Fifty Thousand);

विक्रय की शर्तें

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु मे. M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@c1india.com, E-mail ID: support@bankeauctions.com.
2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट https://www.bankeauctions.com पे उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रुपये Rs. 1,75,000.00 (Rupees One Lakh Seventy Five Thousand only); है, RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी, खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account no. 569299461 in the name of Recovery Officer. E-auction account, DRT Jabalpur with CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR (IFSC Code: CBIN0281618) में आवश्यक रुप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रुप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 04-08-2025 अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रंजीहेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रु. Rs. 20,000.00/- (Rupees Twenty Thousand Only) होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समयोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका-4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अपोहरताधरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. संपत्ति "जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत" के आधार पर विक्रय की जायेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 23-07-2025 प्रातः 12 से 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे Mr. Ravi Verma, Chief Manager, Mob. No. 9479748349 में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेवार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण मे. M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com.
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी Mr. Ravi Verma, Chief Manager, Mob. No. 9479748349 से प्राप्त की जा सकती है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/ स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/बैंक/ सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थानः जबलपुर
दिनांकः 16.06.2025
(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी

■ न्यूज गैलरी

पंचायत भवन के पास गांजा तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिमगा /नवप्रदेश। पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 01 आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर की सूचना पर आज सोमवार को सिमगा पुलिस टीम द्वारा ग्राम लांजा पंचायत भवन के पास नहर किनारे घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 01 आरोपी नेपाल जोशी उम्र 38 साल निवासी ग्राम लांजा थाना सिमगा को पकड़ा गया है। इस दौरान आरोपी के पास रखे प्लास्टिक थैला से पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया जिसमें कुल 4.310 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। जिसे जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 64,650 है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से एक मोटरसाइकिल क्र.ओडी 31 ए 6118 तथा एक मोबाइल भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 20क्कबी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

अवैध रेत परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

गरियाबंद/ नवप्रदेश। अवैध रेत परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन और खनिज विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत दो भारी वाहनों–एक ट्रैक्टर और एक हाइवा को जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पितईबंद से अवैध रेत ढो रहे एक ट्रैक्टर को थाना राजिम द्वारा जब्त किया गया है। वहीं, दूसरी कार्रवाई में बुड़ेनी (धमतरी) से अवैध रेत लोड कर ला रहे एक हाइवा वाहन को थाना फिंगेश्वर क्षेत्र में राजिम चौबेबांधा चौक के पास पकड़ा गया। जांच में अभीवाहन पास नहीं मिला, जिसके बाद उसे भी जब्त कर लिया गया। माइनिंग विभाग द्वारा दोनों वाहन जब्त किए गए हैं, लेकिन राजिम थाना परिसर में पहले से ही लगभग 15 हाइवा और ट्रैक्टर खड़े होने के कारण जगह की कमी हो गई है।

2798 शिक्षकों का हुआ प्रमोशन बने प्राचार्य

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के शिक्षकों को बड़ी सौगात दी है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत कुल 2798 शिक्षकों को प्राचार्य (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, नवा रायपुर ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 1320 व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) और प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) को पदोन्नत कर प्राचार्य (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) बनाया गया है। इसी तरह 1478 ई-संवर्ग के व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) को भी प्राचार्य के पद पर पदोन्नति दी गई है।

बागबाहरा से गुजरने वाली छुरा गरियाबंद सड़क जानलेवा!

पिथौरा-गरियाबंद सड़क चौड़ीकरण अधर में लटका, जिम्मेदार बेपरवाह

छुरा/ नवप्रदेश। एक ओर देश विकास की रफ्तार की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के बागबाहरा ब्लॉक से गुजरने वाली छुरा गरियाबंद सड़क की हालत आज भी लोगों की जान पर बन आई है। कभी चौड़ीकरण की मंजूरी पाने वाली ये सड़क अब आधे-अधूरे निर्माण कार्य और जिम्मेदारों की अनदेखी का शिकार बन चुकी है। पिथौरा से गरियाबंद तक की इस महत्वपूर्ण सड़क के चौड़ीकरण की स्वीकृति लगभग 15 वर्ष पहले पूर्व सांसद चंदूलाल साहू के कार्यकाल में मिली थी। काम शुरू भी हुआ और कसेकेरा गांव तक सड़क का चौड़ीकरण पूरा कर लिया गया। लेकिन इसके आगे का काम बिना किसी स्पष्ट कारण के ठप पड़ा हुआ है। न शासन सक्रिय है, न प्रशासन, और न ही निर्वाचित जनप्रतिनिधि इस विषय को लेकर गंभीर दिखाई दे रहे हैं। जबकि इसी मार्ग से पूर्व सांसद व वर्तमान सांसद गरियाबंद, धमतरी के साथ अपने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र के दौरे के लिये इसी सड़क मार्ग का उपयोग करते आ रहे लेकिन अब तक इस सडक की चौडीकरण को लेकर किसी पप्रकार की कोई पहल नहीं हुई वर्तमान महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी से लोगो को बड़ी उम्मीद है की वर्तमान सांसद क्षेत्र की जनता परेशानियों को महसूस कर क्षेत्र के लोगो सड़क की चौड़ीकरण का तोहफा देंगे! बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सकरी सड़क के दोनों किनारे सोल्डर खराब होने के कारण दुपहिया वाहन फिसलते हैं और दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। चौपहिया वाहन चालकों को भी साइड देने में दिक्कत होती है, जिससे जाम लगने की नौबत आती है।

सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर तमाम योजनाएँ चला रही है, तब भी ज़मीनी स्तर पर अनेक ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहाँ लापरवाही दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। ऐसा ही एक गंभीर मामला है सड़क के दोनों ओर उगी बड़ी-बड़ी झाड़ियों का, जिनकी समय पर सफाई नहीं होने के कारण वाहन चालकों को लगातार दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

आपातकालीन सेवाएं भी झाड़ियों के कारण प्रभावित

सकपरसुली से कोकड़ी तक झाड़ियाँ सड़क के किनारे इतनी घनी हो गई हैं कि कई जगहों पर मोड़ों पर दृश्यता (विजिबिलिटी) तक शून्य हो जाती है। रात के समय तो यह खतरा और भी बढ़ जाता है, जब झाड़ियों की ओट में खड़े मवेशी या कोई व्यक्ति अचानक सामने आ जाए तो वाहन चालक के पास रिएक्ट करने का समय नहीं बचता। इससे टक्कर की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाएं भी इन झाड़ियों के कारण प्रभावित होती हैं। पीडब्ल्यूडी को नियमित रूप से इन झाड़ियों की सफाई सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही, संबंधित इलाकों में चेतावनी बोर्ड लगाए जाने चाहिए ताकि वाहन चालक सतर्क रहें। ग्राम पंचायतों और नगर परिषदों को भी इस कार्य में सहयोग करना चाहिए ताकि स्थानीय स्तर पर सुरक्षा बनी रहे।सड़क केवल वाहन चलाने की जगह नहीं होती, यह आम जनजीवन की धड़कन होती है। यदि इसकी देखरेख में लापरवाही बरती गई, तो यह जानलेवा साबित हो सकती है। समय रहते यदि पीडब्ल्यूडी और प्रशासन जागरूक नहीं हुए, तो यह समस्या आने वाले समय में और गंभीर रूप ले सकती है।यह सड़क महासमुंद जिले के साथ सीमावर्ती राज्य को जोड़ती है। यह सड़क महासमुंद जिले को सीधे गरियाबंद जिले से जोड़ती है साथ ही पड़ोसी राज्य ओडिशा को भी गरियाबंद जिले से जोड़ती है। ऐसे में इस मार्ग मे भारी ट्रैफिक रहना आम बात है।

स्वास्थ्य मंत्री बोले - जहां गड़बड़ी होती है वहां विभाग कार्रवाई करता है

श्री रावतपुरा मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने के नाम पर वसूली, 6 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने के एवज में वसूली करने वाले छह आरोपियों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है. इन आरोपियों में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से जुड़े तीन डॉक्टर भी शामिल हैं. इस मामले में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा बीजेपी सरकार का यही जीरो टॉलरेंस है। सीबीआई स्वतंत्रत एजेंसी है। जहां गढ़्यड़बड़ी होती है वहां सीबीआई कार्रवाई करती है. आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी। बता दें कि सीबीआई ने मंगलवार को छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली के कुल 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी. सीबीआई ने छत्तीसगढ़ में 3 डॉक्टरों समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया था. यह कार्रवाई मेडिकल कॉलेजों में मान्यता दिलाने के एवज में मोटी वसूली करने के मामले में की गई।

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, नवा रायपुर के पदाधिकारियों, निरीक्षण कर रहे डॉक्टरों और अन्य बिचौलियों के विरुद्ध सीबीआई ने मामला दर्ज किया है. सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में डॉ. अशोक डी. शेल्के, डॉ. मंजप्पा और चित्रा मदनहल्ली समेत 6 लोग शामिल हैं. सभी आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया गया है ।

महाराष्ट्र मंडल के केंद्रों की बैठकों में खेलों का आकर्षण बरकरार

■ **रोचक खेलों से बढ़ती है मौलिकता, जिज्ञासा, याददाश्त, जीत की भावना और निखरती है प्रतिभा**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों में होने वाली मासिक बैठक सिर्फ मनोरंजन, आध्यात्म और भावी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर ही नहीं होती, बल्कि इसमें होने वाले रोचक खेलों से महिला सभासदों में उनकी मौलिकता, बौद्धिक व शारीरिक क्षमता बढ़ती है। साथ ही उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना, जिज्ञासा और याददाश्त की वृद्धि भी होती है। इन सबसे बढ़कर प्रतिभागी महिलाओं में सामाजिक, सांसारिक, पारिवारिक जीवन के तनाव को पीछे छोड़कर जीतने की, लक्ष्य हासिल करने की प्रबल इच्छाशक्ति पैदा होती है। इन खेलों से उन्हें अपनी- अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है, सो अलग।

रोहिणीपुरम महिला केंद्र की शनिवार को रचना ठेंगड़ी के घर पर हुई बैठक में महिलाओं ने खिलौना बंदूक से निशानेबाजी पर हाथ आजमाए। इनमें गीता दलाल विजेता, श्यामल जोशी उप विजेता और जयश्री भूरे तृतीय रहीं। इन सभी को नकद राशि से पुरस्कृत भी किया गया। इसके बावजूद इनमें परिणाम उतने मायने नहीं रखते, जितने की प्रतिभागियों का हंसी-मजाक, ठहाके और एक- दूसरे को चिढ़ाने व नकल करने के साथ फ्रेश होना रखता है। निशानेबाजी में सभी ने फिर अपनी एकाग्रता और लक्ष्य पर निशाना लगाने के गुण को तराशा।

महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने इस संदर्भ में कहा कि 16 महिला केंद्रों की बैठकों में महाराष्ट्र मंडल के भावी कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा होती है। राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ भी होती है। स्थानीय स?तर के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाकर उसे क्रियान्वित करने के लिए जिम?मेदारियां भी तय होतीं हैं। लेकिन विविध खेलों से महिलाओं में प्रतिस?पर्धा के साथ एकजुटता की भावना भी बढ़ती है।

स्व सहायता समूहों को आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़े : भीम

■ **मंथन फूड लैब और महुआ सेंटर का किया निरीक्षण**

रायपुर /नवप्रदेश। जशपुर जिले में वनोत्पाद के प्रसंस्करण से महिला समूह को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति की बसाहटों में पीएम जनमन योजना के तहत् मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री भीम सिंह ने मंथन फूड लैब और महुआ सेंटर का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने स्व सहायता समूह को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उत्पादों के मार्केटिंग एवं अन्य सुविधाएं समूहों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सचिव भीम सिंह ने मनोरा विकास खंड के ग्राम करड़ेगा एवं छतौरी ग्राम पंचायत में स्थित जनमन कार्यक्रम अंतर्गत निर्मित विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के पीएम जन-मन आवास का भी निरीक्षण किया किया और छत्तीसग? शासन के द्वारा दी जा रही योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने इन परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ सभी मूलभुत सुविधाए उपलब्ध कराने और महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़ने और आजीविका संवर्धन के लिए निर्देश दिए। अधिकारियों बताया कि मनोरा एवं बगीचा विकासखंड में पहाड़ी कोरवा परिवारों हेतु एक नई परियोजना प्रारंभ की जा रही है जिससे इन परिवारों का समैतिक विकास हो सके।

अधिकारियों ने जशपुर में जसप्योर ब्रांड से उत्पादित किए जा रहे विभिन्न प्रोडक्टस की जानकारी देते हुए बताया कि महुआ उत्पादन के विभिन्न स्वाद जैसे महुआ लड्डू, महुआ चाय एवं 14 प्रकार के अन्य स्वादिष्ट चाय तैयार किया जा रहे हैं और जिसकी मांग राज्य भर में एवं राज्य से बाहर भी काफी है। उन्होंने बताया इन उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री भी की जा रही है। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पोषित मां खुड़िया रानी कृषक उत्पादक संगठन तथा जय जंगल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

व्यापारियों के साथ सुझाव-शिकायत बैठक

छुरा /नवप्रदेश। नगर पंचायत में नगर के व्यापारियों के साथ अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने नगर विकास हेतु सुझाव शिकायत के लिए बैठक आहूत की गई। जिसमें नगर के व्यापारीगण शामिल हुए, अपने सुझाव रखते हुए सांस्कृतिक भवन के विस्तार ,पार्किंग व्यवस्था, बस स्टेंड के व्यावसायिक परिसर को तोड़कर पुनः निर्माण कराने , वर्तमान शराब दुकान को व्यवस्थापन करने , चौक चौराहे से मवेशियों को हटाने हेतु उचित व्यवस्था, नगर पंचायत भवन को नए बनाने के साथ अन्य कई मांगों एवं विषयों पर चर्चा हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारी देश की अर्थ व्यवस्था की रीढ़ होते हैं,जनता के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा कर उनका सहयोग करते हैं, बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम शामिल थे ।

खाद बीज : निरीक्षण टीम ने 2 कृषि केंद्रों को दिया नोटिस

बलौदाबाजार /नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षक एक-एक कृषि केंद्रों का गहन जांच कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को निरीक्षण टीम द्वारा कमी पाए जाने पर 2 कृषि सेवा केंद्रों को नोटिस जारी किया गया।

विकासखंड बलौदा बाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा अशोक कृषि केंद्र एवं साहू कृषि सेवा केंद्र धाराशिव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में संधारित कीटनाशक स्कंध एवं उसका मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था तथा कृषकों को निर्धारित प्रारूप में

बिल भी नहीं दिया जा रहा था।इस कारण दोनों कृषि केंद्रों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड भाटापारा के निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा जैन लोहा बाडा, भाटापारा एवं प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति गुर्रा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी तरह विकासखंड पलारी के निरीक्षक सुचिन वर्मा द्वारा ससहा कृषि केंद्र पलारी का निरीक्षण किया गया तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए कृषि केंद्र का संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए। उपसंचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि जिले में संचालित समस्त कृषि आदान विक्रय केंद्रों को निर्देशित किया गया है कि कृषकों को विक्रय किए गए सामग्रियों का पक्के में बिल अवश्य प्रदान करें तथा किसानों का हस्ताक्षर कराकर एक प्रति विक्रय केंद्र में संधारित किया जाए।

भाजपा का शिविर छलावा, गरीबों का हो रहा शोषण: भूरिया

एक परिवार की चाटुकारिता करने वाले प्रशिक्षण का क्या अर्थ समझेंगे : उपमुख्यमंत्री साव

रायपुर/नवप्रदेश। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया आज छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर पहुंचे। रायपुर पहुंचने पर उन्होंने बताया कि वे कांग्रेस की विचारधारा को और भी ज्यादा मजबूती देने के लिए पहुंचे हैं. मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को छलावा प्रशिक्षण बताया है। वहीं उनके इस बयान पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार किया है।

छत्तीसगढ़ दौरे पर आज रायपुर पहुंचे आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का शोषण हो रहा है। अगर आदिवासियों का विनाश देखना है तो छत्तीसगढ़ आ जाएं। आदिवासियों को मारा जा रहा है, नेताओं को जेल में बंद किया जा रहा है। आदिवासियों की मूर्ति नहीं चाहिए हमें सम्मान चाहिए। वहीं उन्होंने भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को कॉर्पोरेट के तलवे चाटने का प्रशिक्षण बताया है। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने तंज कसते हुए कहा कि देश को बनाने में आरएसएस और भाजपा का कोई योगदान नहीं है। इसलिए वह इस लड़ाई के बारे में नहीं समझेंगे। शराब घोटाले मामले में कहा कि बीजेपी दबाव बना रही है। वह बीजेपी ज्वाइन कर लें या गलत बयान दें। उनकी जमानत होने के पहले दूसरा केस लगा दिया गया। प्रताड़ित करना भाजपा का षड्यंत्र है। पार्टी द्वारा कांग्रेस की परिसंपत्ति के आंकलन को लेकर विक्रांत भूरिया ने कहा कि इनकी मानसिकता कांग्रेस की प्रॉपर्टी को जप्त करने और उन्हें खत्म करने की है। लेकिन कांग्रेस की ताकत, विचारधारा है।

देश को बनाने में आरएसएस और भाजपा का कोई योगदान नहीं है। इसलिए वह नहीं समझेंगे, इस लड़ाई के बारे में। विक्रांत भूरिया ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की खनिज संपदा, कॉर्पोरेट को चाहिए। जैसे ही आदिवासी मुख्यमंत्री बने जंगलों की कटाई शुरू हो गई। जो आदिवासी बीजेपी के हिसाब से कहतें हैं, पार्टी में उन्हें ही भाजपा जगह देती है। भारतीय जनता पार्टी रबर स्टैंप आदिवासी चाहती है।

कांकेर में कांग्रेस तीन दिवसीय आदिवासी प्रशिक्षण कार्यक्रम करने जा रही है। इसे प्रशिक्षण को लेकर आदिवासी कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने बताया कि नए युवाओं को तैयार किया जाएगा। राजनीति में पावर और पैसे का बड़ा रोल है। और भाजपा के पास दोनों भरपूर है। कांग्रेस के पास केवल एक ही ताकत हैआईडियोलॉजी, इसलिए प्रशिक्षण के जरिए लोगों को जोड़ने का काम किया जाएगा। वहीं भाजपा प्रशिक्षण शिविर को कार्पोरेट के तलवे चाटने वाले प्रशिक्षण के बयान पर उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि ये (कांग्रेसी) एक परिवार की चाटुकारिता करने वाले लोग हैं। प्रशिक्षण का ये क्या अर्थ समझेंगे? इन्हें मालूम ही नहीं है कि प्रशिक्षण असल में क्या होता है।

कांग्रेस ने आदिवासियों को दी काला पानी की सजा :सांसद महेश कश्यप

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत के बयान पर सांसद महेश कश्यप ने भी पलटवार किया और कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को काला पानी की सजा दी। बीजेपी सरकार में आज बस्तर की पहचान दुनिया में है। कांग्रेस ने माओवाद, नक्सलवाद जैसे कलंक को थोपने का काम भी किया है। कांग्रेस अलगाववाद, माओवाद, नक्सलवाद के सपोर्टर रही है। यह लोग आदिवासी के बारे में बयानबाजी ना करें, क्योंकि इन्हीं आदिवासियों और देश के लोगों ने कांग्रेस को नकारा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांधी परिवर्तन सीमित रहने वाली पार्टी है। कांग्रेस परिवारवाद से चलने वाली पार्टी है। देश को कलंकित करने वाले लोग क्या बात करेंगे। बीजेपी प्रशिक्षण शाला एक आवश्यक कार्य है। चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बन सकता है। गांव के गरीब किसान का बेटा सांसद बन गया। बीजेपी मुख्यालय से सब कुछ तय करने वाली पार्टी नहीं है।

चावल वितरण की समयावधि 31 तक बढ़ाई गई

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह जून से अगस्त 2025 का एकमुश्त चावल वितरण की समयावधि 31 जुलाई 2025 तक वृद्धि की गई है। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु समस्त जिला कलेक्टर व प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन को निर्देशित किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com